# कृषिकोश

[ भाषाविज्ञान के सिद्धान्तों के अनुसार बिहारी बोलियों के विविध क्षेत्रों से संगृहीत जन-समाज में प्रचलित कृषि-सम्बन्धी शब्दों का उनके स्थानीय तथा वैयुत्पत्तिक पर्याय-सहित प्रामाणिक सचित्र अभिधान ]

प्रथम खण्ड

[ 'अ' से 'घ' तक ]

सम्पादक

डॉक्टर विश्वनाथप्रसाद

अनुसंधान-सहायक

श्रीश्रुतिदेवशास्त्री श्रीराधावल्लभशर्मा

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्

पटना

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना-३



शकाब्द १८८१, विक्रमाब्द २०१६, खृष्टाब्द १९५९

मूल्य सात रुपये

# वक्तव्य

बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् के लोकभाषा अनुसंधान विभाग द्वारा जो 'कृषिकोश' तैयार कराया जा रहा है, उसका यह पहला खण्ड हिन्दी संसार के सामने उपस्थित है। मैथिली, मगही और भोजपुरी के क्षेत्रों से संगृहीत—'अ' से 'घ' तक के—शब्द इसमें हैं। उनके अर्थ, व्युत्पत्ति, पर्याय आदि के अतिरिक्त वस्तु विशेष का बोध करानेवाले शब्दों से सम्बद्ध आवश्यक चित्र भी दिये गये हैं।

इस कृषिकोश के आगामी खण्ड भविष्य में क्रमशः निकलते जायेंगे। उनके निर्माण और सम्पादन में जो कठिनाइयाँ हैं, उन सबका अनुमान सम्पादकीय 'निवेदन' और 'प्रस्तावना' पढ़कर किया जा सकता है। तब भी दूसरा खण्ड, जिसमें 'च' से 'न' तक के शब्द होंगे, समाप्ति हो रहा है और आशा है कि अगले साल तक वह तैयार हो सकेगा। इस तरह का कोश बनाना बड़ा बीहड़ काम है, इसलिए सभी खण्डों के निकलने में काफी समय लगने की संभावना है।

इसमें तो केवल तीन ही क्षेत्रीय भाषाओं के शब्द हैं। वे भी सीमित जनपद से ही संकलित हैं। फिर भी कई शब्द ऐसे सुघड़ सलोने दीख पड़े हैं, जो शिष्ट साहित्यिक भाषा में खपाये जाने योग्य हैं। यदि कृषिप्रधान भारतवर्ष की अन्यान्य क्षेत्रीय भाषाओं के भी कृषि विषयक शब्दों के ऐसे कोश प्रकाशित हो जायें, तो साहित्य की शब्द सम्पत्ति बहुत अधिक बढ़ जायगी। जब खेती के धंधे की तरह दूसरे धंधों के शब्द-कोश भी निकल जायेंगे, तब ऐसा प्रतीत होता है कि जनसाधारण के लिए उपयोगिन आंचलिक भाषाओं में लिखे और छापे जानेवाले साहित्य—कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक आदि—की भसगिम खासा निखर उठेगी।

लोकभाषाओं का जो साहित्य लोककण्ठों में बसा हुआ है, उसका उद्धार और प्रचार भी धीरे धीरे हो रहा है। पारखियों का ध्यान उनके शब्दों, मुहावरों, कहावतों, गीतों आदि की ओर खिंचता जा रहा है। साहित्यानुरागी पाठक भी लोक साहित्य के प्रेमी होते जा रहे हैं। यह शुभ लक्षण है।

विश्वविद्यालयों के साथ-साथ आकाशवाणी केन्द्रों में भी लोकभाषाओं का आदर मिल रहा है। साहित्य-संसार के विद्वान् अनुसंधायक उनपर शोध, विचार विमर्श, आलोचन विवेचन तथा उनका सम्पादन-संकलन बड़ी लगन से करने लगे हैं। सभा-सम्मेलनों और पत्र-पत्रिकाओं में भी उनकी महत्ता प्रकट हो रही है।

साहित्य के प्रधान सम्पादक भी हैं। आपके द्वारा सम्पादित 'भोजपुरी कवि और काव्य' नामक पुस्तक गत वर्ष परिषद् से ही प्रकाशित हो चुकी है। जब आप परिषद् के लोकभाषा अनुसन्धान विभाग के अध्यक्ष थे, तब आपके ही तत्त्वावधान में मगही-संस्कार-गीतों का एक सटीक संग्रह-ग्रन्थ तैयार हुआ था। आपके द्वारा सम्पादित उस ग्रन्थ का प्रकाशन निकट भविष्य में ही होनेवाला है। आपको इस कोश के सम्पादन-कार्य में अपने जिन अनुसन्धान-सहायकों का सहयोग प्राप्त हुआ है, उनकी योग्यता आदि के विषय में आप स्वयं लिख चुके हैं। उनमें श्रीश्रुतिदेव शास्त्री भागलपुर जिले और श्रीराधावल्लभ शर्मा चम्पारन जिले के निवासी हैं।

आशा है कि यह कोश लोकभाषाओं के गुणज्ञों को प्रचुर प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान करेगा। साथ ही, हमें यह भी आशा है कि साहित्य के अभ्युदय की आकांक्षा रखनेवाले सुधी सज्जन इस प्रथम प्रयास की त्रुटियों से हमें अवगत कराके अपनी स्वाभाविक सहृदयता का परिचय देने की कृपा करेंगे।

श्रीरामनवमी, शकाब्द १८८१<br>
सन् १९५९ ई०

शिवपूजनसहाय<br>
(संचालक)

# निवेदन

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के जन्म के तीन चार साल पहले ही मेरे मन में यह विचार उठा था कि इस प्रकार का एक प्रामाणिक पारिभाषिक कोश तैयार हो, जिसमें जन समाज में प्रचलित विभिन्न व्यवसायों के सजीव शब्दों का वैज्ञानिक ढंग से संग्रह हो, क्योंकि मेरी यह निश्चित धारणा रही है कि हमारी पारिभाषिक शब्दावली के अभाव को केवल अँगरेजी के उधार या अनुवाद से नहीं भरा जा सकता, वरन् यह दारिद्र्य तो दूर हो सकता है—हमारी अपनी ही चिरसंचित शब्द-सम्पत्ति से, जो हमारी जनपदीय बोलियों में खोई खोई सी पड़ी हुई है। उसका उद्धार करके उसमें नई प्राण शक्ति भरी जा सकती है जिससे वह एक विस्तृत धरातल पर हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सके। उस समय उस विचार को क्रियान्वित करने के लिए मैंने जो एक छोटी-सी योजना बनाई थी उसमें मुझे विशेष प्रेरणा दो हितचिंतकों से मिली थी—एक तो पूज्यचरण आचार्य श्रीबदरीनाथ वर्मा से और दूसरे स्वर्गीय श्रीरामधारी प्रसाद से। इनके अतिरिक्त इस कार्य में मुझे पुनः प्रवृत्त करने में बिहार के चिरस्मरणीय शिक्षा सचिव श्रीजगदीशचन्द्र माथुर, आई० सी० एस० का, जो इस समय आकाशवाणी के डाइरेक्टर जनरल हैं, विशेष हाथ था। आप सबके प्रति परम श्रद्धापूर्वक कृतज्ञता व्यक्त करना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूँ।

जब से मैंने यह कार्य प्रारम्भ किया, तब से मेरी प्रेरणा के स्रोतों में प्रमुख स्थान रहा है, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् के सुयोग्य संचालक श्रीशिवपूजनसहायजी का। उनका विशेष सहयोग और साहाय्य न मिला होता तो इसमें पग पग करके आगे बढ़ना और काम इस स्थिति में पहुँचना कि इसका प्रकाशन हो सके, मेरे लिए कदापि संभव न होता। इसके संपादन में मुझे अपने आदरणीय भाई श्रीलक्ष्मीनारायण 'सुधांशु' और श्रीरामधारी सिंह 'दिनकर' से भी पर्याप्त बल और सहायताएँ मिलती रही हैं। उनके सुझावों से हमने बहुत लाभ उठाया है। इनके अतिरिक्त परिषद् के परामर्श मण्डल सदस्य कुमार गंगानंद सिंह, श्रीराजा राधिकारमणप्रसाद सिंह, बन्धुवर श्रीरामवृक्ष बेनीपुरी, विद्वद्वर श्रीराहुल सांकृत्यायन, डॉ० कामिल बुल्के, पं० छविनाथ पाण्डेय प्रभृति महानुभावों से हमें जो बहुमूल्य प्रोत्साहन और समर्थन प्राप्त होता रहा है, उसके लिए उन सबके प्रति सादर आभार प्रकट करना मेरा कर्त्तव्य है।

परिषद् के प्रकाशन विभाग का भी जो सक्रिय सहयोग हमें मिलता रहा है, उसके लिए श्रीअनूपलाल मण्डल और श्रीबलदार त्रिपाठी 'सहृदय' को मेरे हार्दिक धन्यवाद हैं।

परन्तु उन्हें किन शब्दों में धन्यवाद दूँ, जो मेरे दायें-बायें हाथ की तरह प्रारम्भ से अबतक अनवरत मेरे साथ इस काम में लगे रहे हैं। क्या उनके बिना यह काम इस रूप में सम्पन्न हो सकता था। मैं यहाँ अपने कार्य के अभिन्न अंग श्रीश्रुतिदेवशास्त्री (साहित्याचार्य, न्यायाचार्य, व्याकरण शास्त्री, प्रभाकर, पूना स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स द्वारा प्रशिक्षित तथा श्री राधावल्लभशर्मा साहित्यालंकार, पूना स्कूल आफ लिंग्विस्टिक्स द्वारा प्रशिक्षित का उल्लेख कर रहा हूँ। कितनी लगन से आप दोनों ने मेरे साथ इस कार्य को आरम्भ किया था। मेरे स्नातकोत्तर कक्षा के अग्रज छात्रों तथा अनुसंधित्सु विद्यार्थियों की ही तरह सदा मेरे साथ कोश विज्ञान के इस नये विषय के अध्ययन तथा ज्ञानार्जन में तत्पर, सदा इस लोक विद्या के अध्यवसाय में निरत, सदा मेरे निर्देशों के यथावत् पालन में सजग भाव से लीन आप दोनों की प्रशंसनीय प्रवृत्ति का पता मुझसे अधिक और किसको होगा। इस कार्य में श्रुतिदेवजी का विशेष क्षेत्र था—व्युत्पत्ति निर्वचन और राधावल्लभजी का क्षेत्रीय शब्द का परीक्षण। हमें अपनी कृषि कोश के दूसरे और तीसरे खंडों को भी, जो प्रायः समाप्तप्राय हैं, अविलम्ब प्रकाशित कराना है। आप दोनों की दक्षता और कार्य-तत्परता का हमें पूरा भरोसा है और आशा है कि आप सफलता के साथ इस कार्य के संपादन में दत्तचित्त रहेंगे।

इस कोश कार्य में अपने सभी सहायकों का उल्लेख करना मैं यहाँ आवश्यक समझता हूँ —

### सहायक

अनुसन्धान और सम्पादन

१ श्रीश्रुतिदेव शास्त्री

२ श्रीराधावल्लभ शर्मा

३ श्रीविक्रमादित्य मिश्र

### संग्रह

१ श्रीगणेश पाँड़े—आप चंपारन जिले के निवासी हैं। आप लोक साहित्य के अच्छे विद्वान् हैं और [illegible] (कलकत्ता) के [illegible] में इस क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं। आप बहुत दिनों से बिहारी लोक-साहित्य पर काम कर रहे हैं। इस काम में हमें आपसे सभी तरह की बहुमूल्य सहायता मिली है। लोक साहित्य के संग्रह कार्य में आप [illegible] सहायता देने को प्रस्तुत रहते हैं।

२ श्रीश्रीकांत शास्त्री—एकंगरसराय (पूर्वी पटना) के रहनेवाले विद्वान् हैं और सदा जागरूक रहकर मगही साहित्य के उत्थान में तत्पर रहते हैं। आपने लोक भाषा और लोक साहित्य के विविध अंगों का संग्रह करके परिषद् को दिया है और हमारी सहायता की है। आप सदा हमारा हाथ बँटाते रहे हैं।

३ श्रीसुरेश्वर पाठक—आप दक्षिणी मुँगेर के निवासी हैं और आजकल यहीं पटना में वयस्क शिक्षा विभाग में अधिकारी हैं। आप हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक हैं। आपने दक्षिणी मुँगेर के शब्दों, कहावतों आदि का संग्रह करके परिषद् को दिया है। आप से हमें बराबर उचित सहायता मिलती रही है।

आप तीनों हमारे विशिष्ट सहायक हैं। इनके अतिरिक्त उपर्युक्त सभी व्यक्तियों ने हमें यथासमय पूर्ण सहयोग दिया है। हम आप सबके आभारी हैं। इनमें से श्रीविधान द सिंह, श्रीहरिप्रकाश, श्रीकृष्णदेव, श्रीविक्रमादित्य मिश्र एम० ए०, श्रीपंचानन चौधरी, श्रीशिवकुमार वर्मा, श्रीराजेश्वर प्रसाद ने अपने अपने क्षेत्रों से शब्दों, कहावतों आदि का संग्रह कर प्रदान किया है और इस प्रकार हमें बहुत सहायता दी है।

श्रीरामाधार शर्मा, श्रीरामस्वरूप चौधरी, श्रीवाल्मीकि प्रसाद सिंह एम० ए०, श्रीमुसाइ झा आदि ने शब्दों की जाँच-पड़ताल में यथासमय यथा-स्थान उपस्थित होकर हमें यथोचित सहयोग दिया है और अपने अपने क्षेत्र के तत्सत् पर्यायों को समझने-बूझने में तथा निरीक्षण परीक्षण में हमारी सहायता की है।

संग्रह-कार्य के प्रथम वर्ष में परिषद् द्वारा नियुक्त जो चार क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता वैतनिक रूप में संग्रह कार्य करते थे, उनका विवरण निम्नांकित है—

श्रीनयानन्द झा—ये दक्षिणी पूर्णियाँ के निवासी हैं। इन्होंने दरभंगा जिले के मधुबनी, सदर सबडिविजन और द० पूर्णिया से शब्द संग्रहीत करके दिये थे। कोश में इनके काम क्षेत्र का संकेत चिह्न दर०-१, पूर्णि०-१ है।

श्रीअवधेन्द्रदेव नारायण—ये छपरा नगर के निवासी हैं। इन्होंने सारन जिले भर में घूम घूमकर शब्दों का संग्रह करके दिया था। कोश में इनका संकेत सा०-१ है।

श्रीहृदयनारायण मंडल—ये संथालपरगने के रहनेवाले हैं। इन्होंने संथालपरगने की संथाली भाषा के शब्द संग्रह करके दिये थे। किन्तु इनके शब्दों का उपयोग संथाली कोश के लिए होगा, इसलिए इस कोश में इनका उल्लेख नहीं है।

श्रीनागपालिदेव—ये पटना सिटी के निवासी हैं। इन्होंने बहुत थोड़े दिनों तक कार्य किया। इन्होंने पारिभाषिक शब्दों के बजाय सामान्य शब्दों का ही ज्यादा संग्रह कर रखे थे। इसलिए इनके शब्दों का भी उपयोग इस कोश में नहीं हुआ है।

इन सभी सहयोगियों का हम आभार स्वीकार करते हैं।

के शब्द संग्रहीत किए गए हैं, उनकी चर्चा देने में तो कई पृष्ठ लग जायेंगे, परन्तु इस प्रसंग में उनको भी कृतज्ञता-पूर्वक स्मरण किये बिना हम नहीं रह सकते।

कोश-कार्य व्यावहारिक भाषाविज्ञान का एक जटिल विषय है, बहुत ही श्रमसाध्य, समयसाध्य और व्ययसाध्य। अँगरेजी, हिन्दी अथवा अन्य भाषाओं के कोश-ग्रन्थों के सम्पादन और संग्रह का इतिहास बतलाता है कि कोश जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ-रत्नों के सम्यक् सम्पादन के लिए पर्याप्त समय और साधन की आवश्यकता होती है। अँगरेजी की 'वेब्स्टर न्यू इंटरनेशनल डिक्शनरी' के प्रथम संस्करण के प्रकाशन में पूरे १०२ वर्षों का समय लगा था। १८०७ ई० में नोआ वेब्स्टर ने इसका कार्यारम्भ किया था और २१ वर्षों के परिश्रम के बाद उन्होंने जॉनसन की डिक्शनरी से केवल १२,००० शब्द और बढ़ाकर उसके मूल रूप को १८२८ ई० में पूरा और प्रकाशित किया। इसके बाद क्रमशः परिवर्द्धन प्राप्त करता हुआ यह अपने बृहत् रूप में आया। इसी प्रकार प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी की योजना का श्रीगणेश 'फिलालॉजिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' की ओर से १८५७ ई० में हुआ और उसका कार्य ७६ वर्षों के बाद सन् १९३३ ई० में समाप्त हुआ। इस बीच में उसके एक सम्पादक के जीवन काल के बाद दूसरे ने और दूसरे के जीवन काल के बाद तीसरे ने इस कार्य के दायित्व को सँभाला। इन्हीं तीसरे और उनके साथ एक चौथे सम्पादक के कार्य काल में उसका प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ। कई वर्षों तक उसके सम्पादन के लिए चार सम्पादक नियुक्त थे। इसके अतिरिक्त उसके कई सहायक सम्पादक थे जो पचास वर्षों से भी अधिक काल तक इस कार्य में लगे रहे। प्रारंभ में संग्रह के लिए १०० संग्रहकर्ता नियुक्त थे जो अंगरेजी साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों से शब्दों, मुहावरों आदि का संग्रह करते थे और इनके अतिरिक्त ८०० ऐसे पाठक थे, जो स्वयंसेवा भाव से साहित्य के विभिन्न अंगों के ग्रंथों को पढ़कर उनमें से उपयुक्त सामग्री का संकलन करके सोसाइटी के पास भेजा करते थे। तब कहीं अँगरेजी का ऐसा प्रामाणिक कोश तैयार हो सका।

अपने देश में भी नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी से हिन्दी शब्द-सागर का लगातार एक दशक तक कार्य होते रहने के पश्चात् ही खंडशः प्रकाशित होने लगा था और इसके बाद भी लगभग बीस वर्षों में (१९१० से १९२९ तक) उसका सम्पादन और प्रकाशन पूरा हुआ।

पूना में संस्कृत कोश के शब्द संग्रह का कार्य सन् १९४८ ई० में प्रारंभ हुआ। इस समय इस कार्य में लगभग पचास सुयोग्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं। कार्य-सामग्री पर्याप्त साधन वहाँ सुलभ है, लगभग एक लाख रुपया प्रतिवर्ष उसपर खर्च किया जा रहा है। पर यह सब होते हुए भी अभी तक उसका कोई खंड प्रकाशित नहीं हो सका है।

कोश के कार्य में सबसे बड़ी कठिनाई यह है कि जब तक [illegible] उपयुक्त शब्दों का संग्रह न हो जाय और फिर उनके अर्थ [illegible] । इसमें पर्याप्त

अध्ययन और विश्लेषण का कार्य पूरा न हो जाय, तबतक प्रकाशन प्रारंभ करने का खयाल नहीं किया जा सकता। ऐसा नहीं है कि एक ओर संग्रह और अध्ययन अनुशीलन का कार्य भी चलता रहे और दूसरी ओर वर्णानुक्रम या किसी और ही क्रम में एक-एक अंश का प्रकाशन भी होता रहे। अतएव, किसी वृहत कोश के प्रकाशन में विलंब होना अनिवार्य है।

ऊपर जिन दो एक उदाहरणीय कोशों का उल्लेख किया गया है, उन सबका आधार लिखित और उपलब्ध साहित्य है, जब कि हमारा यह कृषि कोश अलिखित और दुर्लभ्य सामग्री पर आधारित है। कोशायन की नई पद्धति के अनुसार ठेठ ग्रामीण समाज के शब्दों को इकट्ठा करके उन्हें ध्वनि अर्थ और प्रयोग की दृष्टि से विविध प्रकार से जाँचकर हमें संकलन करना पड़ा है। शहर से दूर, गाँवों में भिन्न भिन्न धंधों में लगे हुए कामकाजी स्त्री पुरुषों के कामधाम के स्थलों पर स्वयं जाकर या अपने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को भेजकर उनसे नियमानुसार पूछ-ताछ, जाँच पड़ताल करके उनके कार्यकलाप सम्बन्धी शब्दों का संग्रह, अर्थ निर्धारण तथा प्रयोगादि की जानकारी हासिल करनी पड़ी है।

इसका प्रत्येक शब्द विभिन्न बोलियों के बोलनेवाले विभिन्न वृत्तियों के लोगों के मुँह से प्राप्त किया गया है। यह कार्य कितना कठिन है, यह वे ही जान सकते हैं, जो इस दिशा में कुछ काम करके भुक्तभोगी बन चुके हैं। पहले तो उपयुक्त व्यक्ति ही विरले मिलते हैं जो प्रश्नों के ठीक ठीक उत्तर दे सकें। धंधे के धाम धाम में लगे हुए श्रमजीवी व्यक्ति को इतनी फुरसत भी कहाँ कि वह सब कुछ छोड़कर घंटों बैठे, हमारे साथ प्रश्नोत्तर करता रहे कोई उसको किसी प्रकार यदि पकड़ में आता भी, तो फिर उससे अंट संट उत्तर मिलते हैं। उपयुक्त सामग्री देनेवाले उपयुक्त व्यक्ति बहुत कठिनाई से मिल पाते हैं। फिर सर्वदा यह भी संभव नहीं कि उनसे बातें करते समय ही उत्तर लिखते चलें। प्रायः ऐसा होता है कि उत्तरों को कठिनतापूर्वक स्मृति में ही संचित करके कुछ समय के उपरांत लिखना पड़ता है। इस कारण इसमें परीक्षण की अपेक्षा होती है। अपनी संग्रहीत सामग्री को प्रकाशित करने के पहले हमने यह आवश्यक नियम कर रखा था कि उन बोलियों के बोलनेवाले तथा तत्तत् भाषा वर्गों के प्रतिनिधि स्वरूप तथा भरोसे के व्यक्तियों से विशेष रूप से पूछ-ताछ करके उसका पुनः परीक्षण कर लिया जाय। इस प्रकार इस कोश के प्रत्येक शब्द की प्रामाणिकता की यथासंभव जाँच कर ली गई है। इस कोश का प्रत्येक शब्द हमारी आत्मिक ममता और देश भाषा का पात्र बनकर ही इस आकार में प्रवेश पा सका है।

बड़े हौसले के साथ हम इस काम में प्रवृत्त हुए। परन्तु हमें अल्प व सीमित साधनों, दो चार संपादक सहयोगियों, लोक भाषा और लोकसाहित्य के कुछ इने गिने अनुरागी व्यक्तियों और दस दो अनुसंधान सहायकों की सहायता मिली, अन्यान्य कामों के साथ साथ, इसी लहर प्रवृत्ति में, इस कोश का पहला खंड निकालना पड़ रहा है। इसे

भी हम अपना सौभाग्य ही समझते हैं कि यह कठिन कार्य किसी तरह इस विषय में रुचि रखनेवाले महानुभावों के समक्ष प्रकाश में तो आ सका।

संभव है कि कार्य की शीघ्रता अथवा अल्पज्ञता के कारण इस संग्रह में कुछ ऐसे शब्द न आ सके हों, जिनकी जानकारी अन्य सज्जनों को हो। कोई भी कोशकार आखिर अतिमानव तो है नहीं कि सर्वज्ञता का दावा कर सके। कोश कार्य में त्रुटियों की पर्याप्त संभावना रहती है, जिनका पता तो प्रकाशन के बाद ही चलता है और जिनके निर्देश कोशकार को कुछ तो उदारतापूर्वक मिलते हैं और कुछ तीखे आक्षेपों के साथ। दोनों से ही कृतज्ञ भाव से आगे के लिए शिक्षा ग्रहण करने को मैं सविनय आतुर रहूँगा।

वस्तुत एक ओर कोश कार्य की कष्टसाध्यता, विशालता तथा अपने बढ़े चढ़े हौसलों को और दूसरी ओर अपनी सीमित शक्तियों तथा साधनों को देखकर हमें कहना पड़ता है—

'तितीर्षुर्दुस्तरम्मोहादुडुपेनास्मि सागरम्।'

विश्वनाथ प्रसाद
संपादक

मंगलवार, मार्गशीर्ष, शुक्ल-६ (स्कन्दषष्ठी) सं० २०१५ वि०,
क० मुं० हिन्दी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ
आगरा विश्वविद्यालय
आगरा

# प्रस्तावना

बिहार प्रदेश की विविध लोकभाषाओं का वैज्ञानिक अध्ययन-अनुशीलन बिहार राष्ट्रभाषा-परिषद् का एक प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए आरम्भ से ही उसके अन्तर्गत 'लोकभाषा अनुसंधान विभाग' मेरे निर्देशन निरीक्षण में कार्य करता आ रहा है। हमने बिहार की लोकभाषाओं और लोक साहित्य के अध्ययन के लिए एक योजना बनाई, जिसके अनुसार लोकभाषा और साहित्य संबंधी सामग्रियों का संग्रह किया जा सके। तदनुसार गाँवों में बिखरी अलिखित सामग्रियों, लोक गीतों, कथाओं, गाथाओं, कहावतों, पहेलियों, मुहावरों और शब्दों का संकलन प्रशिक्षित वैतनिक कार्यकर्त्ताओं द्वारा कराया जाने लगा। प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता विभिन्न भाषा क्षेत्रों के गाँवों में जाकर तत्तत् विषयों के विशेषज्ञों और तत्तद् व्यवसायों के व्यावसायिकों से मिलकर गीतों, कथाओं, पहेलियों आदि और किसान, बढ़ई, कुम्हार आदि व्यावसायिकों से उन-उन विषयों के शब्दों का संग्रह करते और कार्यालय को भेजते थे और यहाँ दो प्रशिक्षित अनुसंधायक उनका निरीक्षण-परीक्षण करके उनकी उपयोगिता और औचित्य को जाँचकर उन्हें संगृहीत करते थे। किन्तु यह प्रणाली एक वर्ष तक ही चली, क्योंकि उन संग्राहक कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया गया कार्य संतोषजनक नहीं प्रमाणित हुआ। अतः वैतनिक कार्य का सिलसिला उठा दिया गया और उसके स्थान में विभिन्न क्षेत्रों के लोक-साहित्य के उत्साही कार्यकर्त्ताओं के द्वारा पारिश्रमिक के आधार पर सामग्रियों का संकलन कराया जाने लगा। इसके लिए हमारे विशेष रूप से तैयार किए हुए निर्देशपत्र के अनुसार बिहार की मैथिली, मगही, भोजपुरी और संताली की सामग्रियाँ एकत्र की जाने लगीं। अबतक इन भाषा क्षेत्रों की प्रचुर सामग्री संगृहीत हो चुकी है। सरकारी तौर पर इस प्रकार का यह पहला कार्य था, जिसे बिहार-राज्य सरकार ने प्रारम्भ किया और बाद में यह दूसरे राज्यों के लिए अनुकरणीय हो गया। दो तीन वर्षों में कुछ सामग्रियों के संग्रह हो जाने के बाद सबसे पहले दो कार्य शुरू किये गये—पहला 'मगही संस्कार गीतों' का संपादन और दूसरा 'कृषिकोश' का। 'मगही संस्कारगीत संग्रह' में, विविध संस्कारों के समय गाये जानेवाले मगही क्षेत्र के लोक गीतों का संग्रह किया गया है। इस संग्रह में मगही लोक-गीतों का मूलरूप, उनका अर्थ, यथास्थान टिप्पणी, परिशिष्ट आदि देकर एक विस्तृत भूमिका के साथ संपादन किया गया है, जो निकट भविष्य में मुद्रित होनेवाला है।–

दूसरा कार्य, जो इस विभाग ने किया है, वह इसी 'कृषिकोश' का सम्पादन है। यद्यपि बिहार राज्य के मैथिली, मगही और भोजपुरी क्षेत्रों के गाँवों में निवास करनेवाले किसान, बढ़ई, लुहार, कुम्हार, सुनार, चमार आदि सभी प्रकार के व्यावसायिकों के व्यवसायों से सम्बद्ध ग्रामीण पारिभाषिक शब्दों का संग्रह इस विभाग में कराया जाता रहा है और यद्यपि पहले विचार था कि सभी ग्रामीण व्यवसायों के पारिभाषिक शब्दों का एक बृहत् सहत कोश एक ही साथ सम्पादित करके प्रकाशित किया जाय तथापि उसके लिए और अधिक सामग्री, साधन एवं समय की अपेक्षा का विचार करके उस स्तर पर उसका कार्य तत्काल स्थगित कर दिया गया और ग्राम समाज की रीढ़ किसानों के द्वारा व्यवहृत खेती के शब्दों का ही कोश पहले निकालने का निश्चय हुआ। तदनुसार खेती के शब्दों का अलग संग्रह करके उनका सम्पादन किया गया। फलस्वरूप, 'कृषिकोश' का यह पहला खंड प्रकाशित हो रहा है। इसमें 'अ' से लेकर 'ध' तक के शब्द हैं।

इस कोश में कृषि संबंधी पारिभाषिक शब्दों का संग्रह किया गया है। 'कृषि' शब्द हल जोतने के अतिरिक्त खेती करनेवाले किसान तथा खेतों, पशु, औजार, प्रणाली, विविध क्रिया-कलाप आदि सबका बोधक है। वैदिक साहित्य में भी यह शब्द प्रयुक्त हुआ है। 'कृषि' के स्थान में अष्टाध्यायी में 'कृषीवल' शब्द आया है। वैदिक काल से ही कृषि हमारे देश का प्रधान व्यवसाय रहा है और इसका जैसा विकास हमारे यहाँ हुआ था वैसा अन्यत्र नहीं। ग्रीक कालीन भी यहाँ की उपजाऊ धरती और कृषि कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। अतः शताब्दियों के परम्परागत विकास के प्रभाव से हमारी कृषि संबंधी शब्दावली बहुत समृद्ध है।

इस कोश के संगृहीत शब्द बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के कृषक जनसमुदाय में सैकड़ों वर्षों से व्यवहृत होते आ रहे हैं और आज भी जीवित तथा जीवन्त हैं। इनके अतिरिक्त मजदूरों और अन्य श्रमजीवियों की बोलचाल की भाषा में भी समाजशास्त्र, शिल्पशास्त्र अथवा उद्योग-धंधे संबंधी बहुतेरे बढ़िया-बढ़िया शब्द मिलते हैं, जो राष्ट्रभाषा की समृद्धि के समर्थ पूरक हो सकते हैं। भिन्न-भिन्न व्यावसायिक संप्रदायों तथा जनजातियों के समाज में प्रचलित बहुत-से ऐसे नये पुराने शब्द भी मिलेंगे, जिनके पर्यायवाची शब्द साहित्यिक हिन्दी या अंग्रेजी आदि विदेशी भाषाओं में भी दुर्लभ होंगे। राष्ट्रभाषा का भंडार भरने के लिए तथा विविध कला-कौशलों और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में पारिभाषिक शब्दों की समस्या को हल करने के लिए हमें अपनी इन चिर उपेक्षित अमूल्य निधियों का संचय करना परम आवश्यक है।

बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न पेशेवालों की बोली में प्रचलित ऐसे कुछ पारिभाषिक शब्दों का प्रथम संग्रह प्रसिद्ध भाषाविद् डॉ० ग्रियर्सन ने किया था, जो 'बिहार पीजेंट लाइफ' के नाम से १८८५ ई० में प्रकाशित हुआ था। परन्तु यह

संग्रह संक्षिप्त था और कुछ और ही अभिप्राय से किया गया था। इससे हमारा उक्त उद्देश्य सिद्ध नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त सभ्यता के आधुनिक प्रभावों के कारण समाज के भिन्न स्तरों के लोक व्यवहार, आचार विचार, रहन सहन, रस्म रिवाजों के परिवर्त्तनों के साथ ही साथ उनके शब्द भंडार में भी निरन्तर परिवर्त्तन होते जा रहे हैं। पुराने शब्दों के स्थान में उन्हीं के आधार पर या उनसे भिन्न रोजमर्रे के नये शब्द बनते जा रहे हैं। इसलिए बिहार और बिहार के बाहर हिन्दी भाषी तथा हिन्दीतर भाषी क्षेत्रों में भी नये सिरे से और वैज्ञानिक ढंग से ऐसे शब्दों का सर्वेक्षण और संग्रह कराना आवश्यक है। अन्यथा केवल अँगरेजी शब्दों की तालिका तैयार करके उनका पर्याय प्रस्तुत करते जाने की परिपाटी पर ही निर्भर करने से हमें अपनी लोक भाषा के करोड़ों अर्थपूर्ण उपयोगी और जीवित पारिभाषिक शब्दों से वंचित होना पड़ेगा और इससे राष्ट्रभाषा की बहुत बड़ी क्षति होगी। इस प्रकार तो 'गिलावा', 'सुरखी और 'बँड़ेरी' जैसे रोजमर्रे के शब्द भी हमारे पारिभाषिक कोश में स्थान नहीं पा सकेंगे, क्योंकि अंगरेजी में कोई एक पारिभाषिक शब्द ऐसा नहीं है, जो ठीक-ठीक इनका पर्यायवाची हो और जिसके अनुवाद के लिए इनकी अपेक्षा हो। 'गिलावा' के लिए अँगरेजी में एक नहीं, अनेक शब्दों की आवश्यकता होगी। ग्रियर्सन ने 'गिलावा' के लिए Moistend clay used as mortar, 'सुरखी' के लिए Thepounded bricks used as a substitute for sand और "बड़ेरी" के लिए Ridge pole का व्यवहार किया है। सर्वेक्षण के द्वारा लोक-भाषा के ऐसे शब्दों का संग्रह कर लेने के बाद उन्हें हम स्वतंत्र रूप से अपने पारिभाषिक शब्द कोश का अंग बना सकते हैं।

इस दृष्टि से बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के जनसमुदाय में व्यवहृत होनेवाले विभिन्न प्रकार के पारिभाषिक शब्दों का संग्रह बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के लोकभाषा अनुसंधान विभाग द्वारा कराया गया। अब तक बिहार की मैथिली, भागलपुरी, मगही, भोजपुरी और संताली भाषाओं के ५४२७७ पारिभाषिक शब्द संगृहीत हो चुके हैं। ये सभी शब्द गाँवों में बसनेवाले विविध व्यवसायियों, शिल्प-जीवियों और किसानों के मुख से संगृहीत हुए हैं। किंतु जैसा कि ऊपर निवेदित किया जा चुका है, प्रस्तुत कृषिकोश में केवल कृषि से संबद्ध शब्द ही लिये गये हैं।

जनपदीय शब्दावली का कार्य—हमारे देश में जनपदीय शब्दावली के संग्रह के क्षेत्र में अभी बहुत कम कार्य हो सका है। अँगरेजों ने इस क्षेत्र में जो थोड़ा कार्य किया था, उसका मुख्य उद्देश्य था—मामले मुकदमे तथा कचहरी की कार्रवाइयों को समझने में सुगमता के साधन जुटाना। ग्रियर्सन से भी पहले हिन्दी प्रदेश में इस प्रकार का कार्य पैट्रिक कार्नेगी ने किया था। 'कचहरी टेक्निकैलिटिज'के नाम से उनका शब्द-संग्रह सन् १८७०-७५ ई० के लगभग प्रकाशित हुआ था। उसका दूसरा संस्करण इलाहाबाद मिशन प्रेस से सन् १८७७ ई० में निकला था। उसके प्रारंभिक अंशों का डॉ० अम्बाप्रसाद'सुमन' द्वारा किया हुआ हिन्दी-रूपान्तर हमने 'भारतीय साहित्य'

(आगरा विश्वविद्यालय हिन्दी विद्यापीठ, २ २, जुलाई, १९५७, पृष्ठ ४३६-४४३) में प्रकाशित किया था। पैट्रिक कार्नेगी के संग्रह के दो वर्षों बाद सन् १८७९ ई० में विलियम क्रुक ने अपना संग्रह 'मैटिरियल्स फार ए रूरल एण्ड एग्रिकल्चरल ग्लासरी अव द नार्थ-वेस्टर्न प्राविंसेज एण्ड अवध' (गवनमेंट प्रेस इलाहाबाद,—इस नाम से प्रकाशित किया था। इसके बाद १८८५ में ग्रियर्सन का 'बिहार पीजेंट लाइफ' का प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ। प्रामाणिकता की दृष्टि से यह ग्रंथ अपने से पहले के दोनों ग्रंथों से निस्सन्देह अधिक सफल था, क्योंकि इसके सम्पादक ने लिखित सामग्री का आश्रय छोड़कर विभिन्न व्यवसायों में लगे हुए लोगों से शब्दों का संग्रह किया और कराया। इसका दूसरा संस्करण सन् १९२६ ई० में गवर्मेण्ट प्रिंटिङ्ग प्रेस, बिहार एण्ड उड़ीसा, पटना से प्रकाशित हुआ।

ग्रियर्सन के वर्षों बाद बीसवीं सदी में इस दिशा में सबसे पहला प्रयास डॉ० मौलाना अब्दुल हक की प्रेरणा से उर्दू में 'इस्तलाहाते पेशावरां' के नाम से आठ छोटी-छोटी जिल्दों में अंजुमने तरक्किए उर्दू, दिल्ली (१९३९-४४ ई०) से मौलवी जाफर उर रहमान साहब देहलवी के सम्पादन में प्रकाशित हुआ। इस कोश में लगभग दो सौ पेशों के बीस हजार शब्द संगृहीत हैं। परन्तु ये शब्द गाँवों के पेशेवरों से नहीं, केवल कुछ मशहूर शहरों और कुछ नई पुरानी किताबों (जैसे 'गुलजारे काश्मीर', 'आईन अकबरी' आदि) से संगृहीत किये गये थे। शहरों में भी दिल्ली, आगरा और जयपुर आदि कुछ चुनी हुई जगहों से ही अधिकांश शब्द लिये गये थे और वे ही शब्द जो कि सम्पादक के नजर में 'मेयारी' यानी स्टैंडर्ड भाषा के अंग प्रतीत हुए। इस कोश में यह भी नहीं बताया गया है कि कौन सा शब्द किस क्षेत्र या स्थान से प्राप्त हुआ। फिर भी इसमें बादशाही जमाने के पुराने खानदानी व कारीगरों से या शहरों के कई पेशेवरों से जो शब्द लिये गये हैं, वे मूल्यवान् हैं।

हर्ष है कि इधर हिन्दी में भी इस क्षेत्र में ग्रियर्सन के ही ढंग पर दो उल्लेखनीय कार्य विश्वविद्यालयों के अनुसंधित्सुओं द्वारा सम्पन्न हुए हैं। एक तो डॉ० हरिहर प्रसादजी गुप्त द्वारा आजमगढ़ जिले की फूलपुर तहसील के परगना माहुल के आधार पर 'ग्रामोद्योग और उनकी शब्दावली' (प्रयाग विश्वविद्यालय से डाक्टरेट का शोध प्रबन्ध, १९५१ ई०) और दूसरा डा० अम्बाप्रसाद 'सुमन' का अलीगढ़ क्षेत्र की बोली के आधार पर 'कृषक-जीवन सम्बन्धी शब्दावली' (शोध प्रबन्ध, आगरा विश्वविद्यालय, १९५३ ई०)। ये दोनों कार्य अपने अपने क्षेत्रों के सम्बन्ध में बहुत ही महत्त्वपूर्ण कहे जाएँगे। डा० हरिहरप्रसाद का शोध प्रबन्ध प्रकाशित हो चुका है। (राजकमल प्रकाशन, दिल्ली आदि, १९५६)। तुलना के लिए हमने अपने इस कोश में उसका उपयोग भी किया है। तुलनात्मक अध्ययन करके हम इन कार्यों से इस बात का पता पा सकते हैं कि हमारी जनपदीय शब्दावली में कहाँ तक समानता है और कहाँ तक अपनी अपनी विशेषताएँ हैं। 'कृषि-शब्दावली' नाम से भी प्यारेलाल

गर्ग द्वारा संपादित एक छोटी सी ३३ पृष्ठों की पुस्तिका 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' से भी सं० २००० वि० में प्रकाशित हुई थी। परन्तु उसमें केवल कुछ अँगरेजी शब्दों के हिन्दी पर्याय मात्र हैं।

उधर हाल में 'वृत्तिपदकोष' के नाम से तेलुगु क्षेत्र की पारिभाषिक शब्दावली के संग्रह के लिए दक्षिण में इस ढंग का एक आयोजन आंध्र विश्वविद्यालय के डा० भ० कृष्णमूर्त्ति ने किया है। जैसा कि मैंने ऊपर निवेदन किया है, इस प्रकार का कार्य विभिन्न प्रदेशों में शीघ्र होना चाहिए, जिससे हम तुलनात्मक दृष्टि से विचार कर सकें कि इनमें से कितने शब्द ऐसे हैं जिन्हें अखिल भारतीय स्तर पर आवश्यक रूपान्तरों के साथ हम ग्रहण कर सकते हैं।

मराठी क्षेत्र में पूना के निकट के गाँवों के कुछ 'मुहार' जाति के घरों में व्यावसायिक शब्दों की जाँच करते हुए मुझे कई ऐसे शब्द मिले जो बिहार में भी प्राय उसी रूप में प्रचलित हैं। इससे ऐसा जान पड़ता है कि हमारे देश में केवल संस्कृत की तत्सम तथा साहित्यिक शब्दावली का ही अखिल भारतीय प्रसार नहीं है, वरन् दिनानुदिन के विभिन्न व्यावसायों में लगी हुई ग्रामीण जन मंडली की लोकवाणी में भी भाषा की यह मूलभूत समरूपता एक अन्तर्धारा के समान किसी न किसी रूप में व्याप्त है, परन्तु इसकी व्यापकता की जाँच तथा व्यावहारिक उपयोग तबतक असंभव है जब तक देश के विभिन्न भागों में जनपदीय शब्दावली के संग्रह और अध्ययन का कार्य नियमित रूप से सम्पन्न न हो।

अपने देश में तो अभी नहीं, पर इंगलैंड के स्काटलैंड प्रदेश में जनपदीय शब्दावली के क्षेत्र में एक उदाहरणीय और अनुकरणीय कार्य हो रहा है। वहाँ १६२६ ई० में इस कार्य के लिए स्कॉटिश नेशनल डिक्शनरी सोसाइटी के नाम से एक संस्था स्थापित हुई और उसने आक्सफोर्ड इंगलिश लोकभाषा कोश के आदर्श पर कार्य प्रारंभ किया। इस 'स्कॉटिश नेशनल डिक्शनरी' को १० जिल्दों में और ३ स्तंभों के कुल ३२०० पृष्ठों में प्रकाशित करने की योजना बनी। लगभग २८ वर्षों तक कार्य करके १९५७ ई० तक यह सोसाइटी इस डिक्शनरी' के केवल तीन खंडों का प्रकाशन अभीतक कर सकी है। इस कोश में स्कॉटलैंड के ग्रामीण अंचलों में बोली जानेवाली विभिन्न बोलियों के प्रतिनिधि व्यक्तियों और पुरा काल के प्रकाशित साहित्य से शब्दों को संगृहीत करके उन्हें सम्पादित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के पर्याय, स्थान निर्देश, उच्चारण और प्रयोग यथास्थान दे दिये गये हैं। किसी प्रदेश की लोकभाषा-संबंधी कोशों में इससे अच्छा कोश मैंने अबतक नहीं देखा। स्कॉटलैंड के एबर्डीन नगर में जाकर और इस कोश के विद्वान् सम्पादक मि० डेविड डो० म्युरिसन के साथ रहकर मैंने अपनी आँखों उनके कार्यक्रम और प्रणाली को देखा। इस डिक्शनरी के संग्रह और संपादन में कई विद्वान् और संग्रहकर्त्ता काम कर रहे हैं। वर्त्तमान संपादक उसके दूसरे संपादक हैं। २८ वर्षों में यह कोश अपने पहले संपादक के जीवन काल का

अतिक्रमण करके अब अपने दूसरे सम्पादक के कार्य-काल में प्रकाशित हो रहा है। इस सोसाइटी के पास कोश निर्माण-सम्बन्धी सभी आवश्यक साधन हैं, जिनकी सहायता से शब्दों का संग्रह, उनके शुद्ध उच्चारण आदि की बातें प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत की जाती हैं। यहाँ के कार्य को देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ था। स्कॉटिश नेशनल डिक्शनरी के समान ही हमने भी अपने इस कोश में विभिन्न अर्थ, पर्याय और क्षेत्र आदि का निर्देश किया है। इनके अतिरिक्त इसमें भाषा विज्ञान की वर्णनात्मक और ऐतिहासिक पद्धति के अनुसार लोकभाषा के शब्दों के वैयुत्पत्तिक और पुनर्निर्मित शब्द भी यथासंभव दे दिये गये हैं। तुलना के लिए बिहार के बाहर की अन्य प्रादेशिक बोलियों के पर्याय भी, जो प्राप्त हो सके हैं, दे दिये गये हैं। इस प्रकार हमारा प्रयास रहा है कि यह कोश, हमारी भाषा में अपने ढंग का पहला कोश कहा जा सकता है, यथासंभव प्रामाणिक और उपादेय हो सके।

हमारे लोकभाषा अनुसंधान-विभाग का कार्य मार्च १९५१ ई० से प्रारंभ हुआ था। इन सात वर्षों की अवधि में कोश का कार्य तो आरंभ से ही होता आया है, किन्तु उसके साथ ही लोकसाहित्य सम्बन्धी दूसरे कार्य भी होते रहे हैं, जिनमें लोकगीतों, कथाओं, गाथाओं, कहावतों, मुहावरों, पहेलियों आदि का संग्रह कार्य और विशेषकर मगही के संस्कार गीतों के सम्पादन का कार्य भी सम्मिलित है। सन् १९५६ तक कार्यालय में अनुसंधान कार्य करनेवाले केवल दो ही व्यक्ति थे। अब इधर तीन हुए हैं। हाँ, बीच बीच में एक आध चार महीने-दो महीने के लिए दो तीन अतिरिक्त व्यक्तियों से भी कुछ काम लिया गया था। इस प्रकार हम देखते हैं कि स्वल्प साधनों के रहते हुए भी इस छोटी सी अवधि में हम किसी प्रकार कृषि कोश का पहला खंड पूरा करके निकाल रहे हैं। अपनी परिस्थिति की परिसीमाओं के कारण हम इसे जैसा रूप देना चाहते थे, वैसा नहीं कर सके हैं और इसमें अनेक त्रुटियाँ भी रह गयी हैं, जिन्हें हम आगे के खंडों और परिशिष्ट में यथाशक्ति दूर करने का प्रयास करेंगे।

## कार्य-प्रणाली

इस कोश के सम्यक् उपयोग के लिए हमें अपनी योजना की रूपरेखा, कार्यप्रणाली, संकलन व्यवस्था, शब्दार्थ निरूपण, व्युत्पत्ति निर्धारण तथा क्रमादि सम्बन्धी कुछ आवश्यक परिचय दे देना उचित है।

पारिभाषिक शब्दों के हमारे इस संग्रह कार्य के लिए पहले परिषद् की ओर से चार वैतनिक कार्यकर्ता नियुक्त किये गये थे। मैंने उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दे कर विभिन्न निर्धारित क्षेत्रों में संग्रह के लिए भेजा। वे पृथक् पृथक् ग्रामों के विविध अंचलों के प्रतिनिधि-स्वरूप व्यक्तियों से पूछकर शब्दों अर्थों और यथास्थान उनके प्रयोगों को यथाश्रुत रूप में लिख लेते थे और उन्हें परिषद्-कार्यालय में भेज देते थे। यहाँ मेरे निर्देशानुसार उनकी परीक्षा या विशेष रूप से प्रशिक्षित अनुसन्धायक किया करते थे। परन्तु जैसाकि ऊपर बताया जा चुका है, इस ढंग से संग्रह कार्य में सन्तोषजनक

प्रगति न होने के कारण पहले की वैतनिक पद्धति हटा दी गई और उसके स्थान में तत्तत्स्थलों के लोक साहित्य और लोकभाषा के संग्रह में अनुराग और योग्यता रखनेवाले लोगों को यथानियम पारिश्रमिक देकर संग्रह कार्य कराया जाने लगा। इस पद्धति से संग्रह कार्य में संतोषजनक प्रगति हुई।

कोश में शब्दों के साथ साथ मुहावरों का भी निर्देश यथास्थान कर दिया गया है। कृषि-सम्बन्धी लोक कहावतों में प्रयुक्त शब्दों को भी समाविष्ट कर लिया गया है। ग्रियर्सन के 'बिहार पीजैंट लाइफ़' के लगभग दस हजार शब्दों की भी हमने अपनी प्रणाली से जाँच की कि उनमें से अब कितने प्रचलित हैं और कितने अप्रचलित तथा प्रचलित रूपों में भी इस बीच में अर्थगत या ध्वनिगत कितने परिवर्तन हो गये हैं।

अपनी संगृहीत सामग्री के पुनः परीक्षण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि स्वरूप उपयुक्त व्यक्तियों को बुलाकर कोश में आये हुए प्रत्येक शब्द के स्वरूप, अर्थ प्रयोग और पर्याय के बारे में नियमित रूप से पूछ-ताछ करके आवश्यक संशोधन किया गया। ये व्यक्ति उनसे भिन्न थे जिनसे प्रथमतः शब्द संगृहीत किये गये थे। इस प्रकार पुनः जाँच करने से हमें कई नये शब्द और अर्थ भी प्राप्त हुए जिन्हें यथास्थान समाविष्ट कर लिया गया है।

अपने संग्रहकर्त्ताओं के लिए हमने निम्नलिखित निर्देश निर्धारित किये थे जिनके अनुसार उन्हें कार्य करना आवश्यक था—

## संग्रह कर्त्ताओं के लिए आवश्यक निर्देश

१ जनसाधारण या समाज के किसी वर्ग विशेष में प्रचलित शब्दों का ही संग्रह करना होगा।

२ जिस विषय या समाज के जिस वर्ग को लें, उसके सभी भेदों, व्यापारों, गुणों, लक्षणों, रीति रिवाजों, खान पान, रहन सहन सम्बन्धी शब्दों का संग्रह करना होगा।

३ जो शब्द जिस रूप में व्यवहृत हो, उसे ठीक उसी रूप में लिखना होगा। उसे साहित्य का रूप देने के लिए उसमें फेर-बदल या संशोधन नहीं करना होगा।

४ जिस शब्द को लें, उसको लेकर जो मुहावरे या कहावतें व्यवहृत हों, उन्हें भी वहीं सम्मिलित कर लेना होगा। पर कहावतों और फुटकर मुहावरों को एक पृथक् और स्वतन्त्र विषय समझा जायगा।

५ कार्य कर्त्ताओं को जिन व्यक्तियों या वर्गों के बीच जाकर काम करना होगा, उनके प्रति अपनी सेवा, सहानुभूति और सद्भाव के द्वारा उनमें बिल्कुल घुलमिल जाने की चेष्टा करनी होगी, जिससे उनकी पूरी सहानुभूति और सहयोग प्राप्त हो सके और उनको स्वयं संग्रह-कार्य के महत्त्व में विश्वास और दिलचस्पी पैदा हो सके।

६ शब्दों के स्थानीय उच्चारण पर विशेष ध्यान रहना चाहिये और उनको ठीक उसी रूप में लिखा जाना चाहिए।

७ एक शब्द का एक ही अर्थ में अनेक बार उल्लेख नहीं करना चाहिए।
८ अर्थ एवं विवरण पर विशेष ध्यान रहना चाहिए। उन्हें स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है।
६ प्रत्येक विषय का पारिभाषिक शब्द यथासम्भव एक साथ और पूर्ण रूप से लिखना चाहिए। निर्दिष्ट वर्गों में विषयों का विभाग और उप विभाग भी कर लेना उचित है।
१० जो पारिभाषिक शब्द न हो, उन्हें अलग ही लिखना चाहिए।
११ निर्देश पत्र में दिए हुए प्रत्येक नियम को ध्यान पूर्वक समझ या देखकर उपयोग में लाना आवश्यक है।
१२ शब्दों, कहावतों, मुहावरों और पहेलियों को पृथक् पृथक पन्नों पर लिखना चाहिए। जहाँ शब्द लिखे जायँ, वहाँ दूसरे विषय न लिखे जायँ।

इन निर्देशों के अनुसार शब्द संग्रह करने के लिए कार्यकर्ताओं को एक मुद्रित तालिका दी गई थी, जो इस प्रकार थी —

संग्रह की इस तालिका का निम्नलिखित विवरण भी निर्देश-पत्र के साथ संलग्न था—

## संग्रह की तालिका का विवरण

१ (क) साथ में दी हुई सूची के अनुसार जिस विषय के शब्दों का संग्रह किया जाय, उसका यहाँ उल्लेख करना होगा।
(ख) सूची के अनुसार समाज के जिस वर्ग में काम किया जाय, उसका यहाँ उल्लेख करना होगा।
२ जिस स्थान में काम किया जाय, उसका उसके सबडिवीजन, जिला आदि का नाम देना होगा।
३ भोजपुरी, मगही, मैथिली, नागपुरिया आदि जिस भाषा के क्षेत्र में काम किया जाय, उसका उल्लेख करना होगा।
४ आबादी की संख्या ठीक-ठीक न मालूम हो सके या पूछताछ से पता लगाकर अन्दाज से देना होगा।
५ जहाँ जिस स्थान (गाँव आदि) में काम किया जा रहा है, वहाँ की जनता में हिन्दू, मुसलमान, हरिजन, किरस्तान, जैन, आदिवासी, चेरो, खरवार, संथाली, उराँव, किसान, जमींदार, मजदूर, लुहार आदि पेशेवालों में कौन अधिक है, कौन कम है, आदि बातों का उल्लेख करना होगा।
६ सिलसिलेवार संख्या।
७ शब्दों के साथ उनसे सम्बन्ध रखनेवाले मुहावरों को भी दर्ज करना होगा। कहावतों को स्वतंत्र विषय समझा जायगा। शब्दों के लिङ्ग का भी (स्त्रीलिङ्ग, पुंलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग, उभयलिङ्ग या अलिङ्ग) इस प्रकार उल्लेख करना होगा।

ये शब्द वहाँ जन-समाज में वस्तुत जिस लिङ्ग में व्यवहृत होते हों, उसीका उल्लेख करना होगा, साहित्यिक व्याकरण के अनुसार नहीं।

८ अर्थ स्पष्ट और सरल भाषा में देना होगा। जटिलता दूर करने और अर्थ को तथा प्रयोग को और अधिक स्पष्ट करने के लिए जहाँ आवश्यक हो, वहाँ उदाहरण देने की जरूरत होगी, अन्यथा नहीं। उदाहरण के वाक्य उसी भाषा के हों, जिसके क्षेत्र में काम किया जा रहा हो या अपने बनाये हुए हिन्दी के सरल वाक्य हों।

९ (क) यहाँ इसका उल्लेख करना होगा कि वह शब्द केवल उसी वर्ग विशेष में प्रचलित है या उसके सामान्य जन समूह में भी। जैसे, खटिया आदि शब्द जो सामान्यत प्रचलित हैं, इन्हें सामान्य (सामा०) कहना होगा और 'पोर', 'परुआ', 'परइ आदि जो केवल 'कानू' जातियों में प्रचलित हैं, विशेष (विशे०) कहे जायँगे।

संग्रह-कार्य निम्नलिखित विषय-सूची के अनुसार होता रहा है —

## वृत्तियों की विषय-सूची

१ पेशे के औजार और सामग्रियाँ, उनके भेद और हिस्से। उदा०—हल, बैल, खेत, बीज आदि।
२ पेशे के ढग और उनके काम आनेवाले जानवर।
३ पेशे की सवारियाँ, उनके भेद, हिस्से।
४ पेशे के ढग तथा उसकी विविध क्रियाओं और अवस्थाओं से सम्बन्ध रखनेवाले शब्द (जैसे—जुताई, बुवाई खुदाई, सिचाई, खाद देना, सोहनी, रखवाली करना)
५ पेशे की पैदावार के भेद।
६ पेशे या पेशे की सामग्रियों की बाधाएँ और ऐब।
७ पेशे या पेशे की सामग्रियों को बढ़ाने या मदद पहुँचानेवाली चीजें।
८ खाने पीने की सामग्रियाँ, उनके हिस्से, भेद और उनसे बननेवाली चीजें।
९ मसाले।
१० खाना बनाने की सामग्रियाँ।
११ घर के सामान, आसन, शय्या आदि।
१२ कपड़े-लत्ते और कपड़ों के नाम (छींट आदि)।
१३ गहने और शृगार के सामान।
१४ पूजा-पाठ, इबादत की सामग्रियाँ और स्थान।
१५ जमीन और मिट्टी के भेद।
१६ मौसम, हवा, पानी, बादलों के भेद।
१७ तौल और माप।

१८ दूरी, दिशा और समय-सूचक शब्द (घड़ी, मौसम आदि)।
१९ घरेलू और पालतू जानवर, उनके रंग ढंग, रहन-सहन, भेद, रहने के स्थान बीमारी, चरागाह, भोजनादि की सामग्री।
२० पशु पक्षी तथा अन्य जीव (मछली आदि)।
२१ घर बाहर तथा जल थल के कीड़े मकोड़े (चींटे चींटी, बिच्छू, साँप, गोजर आदि)।
२२ लेन देन, माहवारी हिसाब।
२३ जमीन के लगान और उसके भेद।
२४ घर, झोपड़े और मन्दिर-मसजिद आदि के प्रकार, उनके हिस्से और बनाने की सामग्रियाँ, जैसे छत, छप्पर, छवाई आदि।
२५ शादी ब्याह के शब्द।
२६ शादी-ब्याह के रस्म रिवाज, (क) हिन्दुओं के, (ख) मुसलमानों के, (ग) क्रिस्तानों के, (घ) आदिवासियों के।
२७ (क) जात कर्म (१) हिन्दुओं के (२) मुसलमानों के (३) क्रिस्तानों के (४) आदिवासियों के।
(ख) जनेऊ।
२८ मृत्यु-संस्कार (क) हिन्दुओं के (ख) मुसलमानों के (ग) क्रिस्तानों के (घ) आदिवासियों के।
२९ सोहनी रोपनी की संस्कार विधियाँ।
३० पंचायत, समझौता, शपथ आदि तथा मामले-मुकदमे संबंधी कचहरी के शब्द।
३१ अन्धविश्वास
३२ तिजारत और बाजार
३३ महाजन और कर्जदार के हिसाब किताब।
३४ जमींदार और किसान के हिसाब किताब।
३५. कर्ज, सूद, रेहन आदि।
३६ व्रत, त्योहार ( तीज, छठ, होली, ईद, बकरीद, क्रिसमस ) और उनकी सामग्रियाँ।
३७ रिक्शा, टमटम, फिटिन, एक्का, मोटर और हवाई जहाज के हिस्से।
३८ मार-पीट और युद्ध के हथियार।
३९ खेल-कूद, आमोद, मनोविनोद आदि, उनके भेद तथा तत्संबंधी सामग्रियाँ।
( आँखमुँदौवल, कबड्डी, गोटी चौपड़, शतरंज, कुश्ती, कसरत, अखाड़े, मनोविनोद, गुल्ली-डंडा, पतंग, कबूतरबाजी आदि )
४० गाली गलौज।
४१ आशीर्वाद, सद्भावना तथा शिष्टाचार।
४२ नाच, गान, रासलीला के शब्द और गीत।

४३ मजहब, जात पाँत के भेद ।
४४ फूल, फल पेड़ पौधे, घास फूस और उनके भेद ।
४५ बीमारियों के भेद ।
४६ घरेलू, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक, संबंधसूचक (माँ, बाप, भाई, बहन, चाची, पड़ोसी, जवार ) ।
४७ गुण, भाव, सुख दुख, राग द्वेष आदि मन के विकार तथा अवस्थाओं के भेद और अन्य सांस्कृतिक या भावात्मक शब्द ।
४८ उत्पातक—(क) प्राकृतिक—भूचाल, आँधी ।
(ख) मानवीय-चोरी, डकैती, उसके भेद, व्यापार आदि (सेंध आदि) ।
४९ प्राकृतिक संबंधी—नदी, नद, झरने, मैदान, पहाड़ तथा मनुष्यकृत ताल-तड़ाग, पुल, बाग, बागीचे, कुएँ आदि ।
५० शरीर के विभिन्न अंग—आदमी के ( पुरुष के, स्त्री के ), जानवरों के, पशु पक्षियों के, कीड़े मकोड़ों के ।
५१ स्त्रियों में प्रचलित खास शब्द और मुहावरे तथा उनकी गृह-कलाओं से संबद्ध शब्द ।
५२ संख्यावाचक शब्द और गिनती ।
५३ सर्वनाम के शब्द ।
५४ रंगों के भेद और उनके नाम ।
५५ खान आदि के शब्द ।
५६ भिन्न भिन्न कामों के भेद तथा कामों की विविध अवस्थाओं के भेद ।
५७ स्वतंत्र मुहावरे ।
५८ कहावतें ।
५९ विविध ।

संग्रहकर्ताओं को विषय-सूची के इन सभी पक्षों की सार्थकता को भली भाँति समझाकर संग्रह कार्य में इनका सदा ध्यान रखने को बता दिया गया था ।

## जन-समाज के वर्ग

जन समाज के जिन विभिन्न वर्गों के बीच भेजकर संग्रह कर्ताओं से संग्रह कराया जाता था, उसके लिए भी एक सूची तैयार की गई थी, जो यहाँ दी जा रही है —

| | |
|---|---|
| १ किसान | ७ मजदूर |
| २ जमींदार | ८ बढ़ई |
| ३ साहूकार, महाजन और बनियाँ | ९ लुहार |
| ४ पुरोहित | १० चमार चमाइन |
| ५ नाई | ११ दुसाध |
| ६ राज तथा मकान की छाजनी आदि करनेवाले | १२ धोबी |

१३ धुनियाँ
१४ जुलाहा
१५ कुँजड़ा
१६ रँगसाज
१७ कुँहार
१८ कहार
१९ दरजी
२० तेली
२१ बजाज
२२ हलवाई
२३ भड़भूँजा
२४ चुड़िहारा-चुड़िहारिन
२५ अहीर अहीरिन
२६ पटवारी
२७ कारपरदाज
२८ सुनार
२९ मुसहर
३० पासी, चिड़ीमार
३१ मेहतर
३२ बाउरी ( धनबाद की ओर )
३३ चेरो
३४ चेरो-खारो
३५ कुली
३६ खान रेलवे, मिलों और फैक्टरियों में काम करनेवालों के शब्द
३७ बीड़ावाला
३८ तमोली और पानवाला
३९ माझी
४० गंधी
४१ चमार, चमरिया
४२ कचहरी और कानूनी मुकदमे के शब्द
४३ कलाओं के शब्द ( लोकगीत, लोक नाच, लोककथा )
४४ तम्बू कनात खेमे के काम करनेवाले
४५ आदिवासी
४६ तैराकी
४७ वैद्य और हकीम के सामान्य शब्द
४८ साधु संत तथा ओझा गुणी, जादू टोना आदि।
४९ नट नटवे, बहुरुपिया और बाजीगरी
५० दाई, नौकर, चपरासी, प्यादे आदि
५१ सिपाही, चौकीदार आदि।
५२ कानू
५३ मछुआ मल्लाह
५४ पटवा
५५ ठठेरा
५६ कोयरी
५७ डोम
५८ कसाई
५९ दफ्तरी और जिल्दसाज
६० विविध—छप्पर, खिलवट, पलानी, कसरे, मधु का काम, नामधेदी, ईंट-पाथर, खाना पकाने, दहोवाग—धारना, धन गिनना, कपास खोटना, भट्ठी सुलगाना, दरी बिछाना।

## बिहारी भाषा या भाषाएँ

वास्तव में 'बिहारी' नाम की कोई भाषा न तो बिहार के किसी भाग में बोली जाती है, न बिहार के बाहर। बिहार में किसी से भी पूछा जाय तो कोई भी 'बिहारी' भाषा का नाम नहीं लेगा। न तो प्राचीन शिष्ट साहित्य में ही और न लोक-साहित्य में ही,

किसी भाषा के अर्थ में, इस शब्द का प्रयोग पाया जाता है। भाषा के अर्थ में तो यह एक नया अपनाया हुआ नाम है, जो 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया' के सिलसिले में ग्रियर्सन द्वारा बिहार की प्रमुख भाषाओं—मगही, मैथिली, भोजपुरी—और उनके भेदों के लिए प्रयुक्त किया गया था। जैसे उन्होंने राजस्थान की बोलियों के लिए एक नया नाम गढ़ा था—'राजस्थानी', वैसे ही बिहार की इन बोलियों का 'बिहारी' नाम रख दिया था। अतएव महाराष्ट्र की भाषा को जिस अर्थ में 'मराठी', गुजरात की भाषा को जिस अर्थ में 'गुजराती', बंगाल की भाषा को जिस अर्थ में 'बँगला' और उड़ीसा की भाषा को जिस अर्थ में 'ओड़िया' कहते हैं, उस अर्थ में भाषार्थक 'बिहारी' शब्द को नहीं ग्रहण किया जा सकता। 'बिहारी' कोई एक भाषा या बोली नहीं, किन्तु उपर्युक्त तीनों भाषाओं का बोधक शब्द है। इसके अतिरिक्त हम यह भी देखते हैं कि इन तीनों भाषाओं की सीमा बिहार में ही सीमित नहीं है। इनमें से भोजपुरी भाषी क्षेत्र का एक बहुत बड़ा भाग उत्तर प्रदेश में है। इसी प्रकार मगही भाषी क्षेत्र का एक भाग (मानभूम का कुरमाली भाषी अंश) अभी हाल में बंगाल में मिला लिया गया है। मैथिली क्षेत्र के भी कुछ अंश बंगाल में सम्मिलित हैं। वस्तुत ग्रियर्सन ने बिहार में इन बोलियों के विस्तार प्राधान्य तथा इनमें जो एक विशिष्ट और घनिष्ठ समरूपता है, इन्हीं आधारों पर उनका यह एक समान नामकरण कर दिया था। इन बोलियों या भाषाओं की यह व्यापक समानता उन्हें एक ओर बँगला से पृथक् करती है और दूसरी ओर अवधी तथा अन्य पश्चिमी बोलियों से भी भिन्न और विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। इन समानताओं को अभिव्यक्त करने के लिए, इनकी ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए 'बिहारी' निस्सन्देह एक साधक संज्ञा है। यहाँ जो संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है, उसमें हम इसी अर्थ में इस शब्द का आवश्यकतानुसार प्रयोग करेंगे।

इस दृष्टि से 'बिहारी' उत्तर में हिमालय की तराई से लेकर दक्षिण में छोटानागपुर पठार तक और पूर्व में बंगाल की सीमा से लेकर पश्चिम में मध्य प्रदेश के सरगुजा तथा उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद, फैजाबाद और बस्ती जिले के पूर्व तक बोली जाती है। इस प्रकार 'बिहारी' भाषा के पूर्व में बँगला, दक्षिण में ओड़िया, पश्चिम में छत्तीसगढ़ी, बघेली और अवधी जो हिन्दी की मध्यदेशीय उपभाषाएँ हैं, और उत्तर में नेपाली बोली जाती है।

इस सीमा के अंदर इस भाषा के साथ साथ आदिवासियों में संताली, मुंडारी, हो, खड़िया, कोरकू और भूमिज आग्नेय या निषाद कुल की और ओराँव या कुड़ुँख तथा माल्तो द्रविड़ कुल की हैं।

'लिंगुइस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया' के अनुसार मैथिली, मगही और भोजपुरी इन तीनों 'बिहारी' बोलियों के बोलनेवालों की संख्या क्रमश एक करोड़, पैंसठ लाख तथा दो करोड़ से ऊपर है। ये 'बिहारी' बोलियाँ आर्यभाषा परिवार की हैं, परन्तु उनमें यहाँ की

कोल और द्रविड़ भाषाओं के भी प्रचुर प्रभाव हैं। ये हिंदी प्रदेश के पूर्वी अंचल की अंतिम उपभाषाएँ हैं। भारतीय संविधान में भी 'बिहारी' भाषा क्षेत्र हिंदी प्रदेश के ही अंतर्गत रखा गया है। पूर्व में इनके आगे बँगला का अंचल प्रारंभ हो जाता है।

बिहार में बोली जानेवाली भाषाओं की भौगोलिक स्थिति को स्पष्ट करने के लिए हमने एक विशेष मानचित्र तैयार किया है, जो इस कोश के आरंभ में दिया जा रहा है। उससे बिहारी भाषाओं के विस्तार, परिसीमा आदि का परिचय अनायास हो सकेगा।

## 'बिहारी' का हिन्दी और बँगला से संबंध

बँगला और 'बिहारी' के संबंध का विचार करते हुए ग्रियर्सन ने बँगला के 'अ' से 'बिहारी' (मैथिली) के 'अ' का साम्य दिखलाया है, किन्तु उन्हीं के लेखानुसार 'बिहारी' का 'अ' अल्प आयत (Broad sound) है, जब कि बँगला का 'अ' अधिक आयत। और यह साम्य भी भोजपुरी-मगही में तो कदापि नहीं है। इस संबंध में 'आयत' से उनका आशय स्पष्टतः 'वर्तुल' से था।

दूसरी ओर हम यह भी देखते हैं कि बँगला में दंत्य 'स' के स्थान में तालव्य 'श' का उच्चारण होता है, जिसे प्राकृत व्याकरण में मागधी का लक्षण बताया गया है। पर आज किसी भी बिहारी बोली में ऐसा नहीं होता। बिहारी में सर्वत्र तालव्य 'श' और मूर्धन्य 'ष' के स्थान में दंत्य 'स' का ही उच्चारण होता है। उर्दू में तालव्य 'श' और संघर्षी 'ज' के लिए जो लिपि चिह्न प्रयुक्त होते हैं, उनपर नुक्ते दिये जाते हैं। इस संबंध में मजाक करते हुए ग्रियर्सन ने लिखा है कि दुनिया भर के नुक्ते एक साथ मिलकर भी किसी बिहारी से 'श' को 'स' के सिवा तथा 'ज़' को 'ज' के सिवा और कुछ कदापि उच्चरित नहीं करा सकते (बिहार पीजेंट लाइफ, भूमिका, पृ० ३)। हिंदी प्रदेश की दूसरी बोलियों में भी यही विधान है। शब्द भंडार तथा परसर्गादि के रूप तथा भी अनेक व्याकरणिक कोटियों की दृष्टि से भी 'बिहारी' का हिंदी से घनिष्ठ संबंध है।

## 'बिहारी' के भेद उपभेद

उपर्युक्त तीन उपभेदों के अतिरिक्त इधर व्याकरण संबंधी प्रयोगों के कुछ स्पष्ट दृश्यमान अंतरों के आधार पर दो और नाम कल्पित करके 'बिहारी' के तीन के स्थान में अब कुछ लोगों के द्वारा पाँच उपभेद बताए जाने लगे हैं —

मैथिली, अंगिका या भागलपुरी, वज्जिका, मगही और भोजपुरी। इनमें से अंगिका या भागलपुरी को ग्रियर्सन ने 'छिकाछिकी' नाम से मैथिली की ही एक उपभाषा बतलाया है, और वज्जिका का परिगणन मैथिली। इसतः भोजपुरी के अंतर्गत पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी (नागपुरिया)—ये भेद भी किये हो जा सकते हैं। इसमें संदेह नहीं कि इन सभी भेदों और उपभेदों में आंतरिक साम्य होते हुए भी कुछ-न

कुछ अपनी अपनी पृथक विशेषताएँ भी हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि इन सबको केवल दो भेदों में विभक्त करके मगही को सरलता से मैथिली के ही अंदर ले लिया जाय। मगही और मैथिली का गठन कई अंशों म परस्पर भिन्न है। दोनों के व्याकरण और उच्चारण में भी पार्थक्य है। शब्दरूप और क्रियारूप भी भिन्न भिन्न हैं।

वस्तुतः बिहार की ये सभी उपभाषाएँ पूर्वकाल में सम्भवतः किसी एक ही मूल से निकलकर नये स्रोतों की तरह अपने पृथक् पृथक् मार्गों से भिन्न रूपों में प्रवाहित होती आ रही हैं। यह मूल भाषा 'मागधी' बताई जाती है, जो बँगला, असमी और ओड़िया का भी उद्गम मानी जाती है। इस दृष्टि से ये सभी बहनें हैं। एक रूप नहीं, समरूप हैं। मगही और मैथिली से भोजपुरी में अपेक्षाकृत कुछ अधिक अंतर है। सम्भव है, उस पर अर्धमागधी का भी कुछ प्रभाव है। सच पूछें तो भारतवर्ष की किसी भी आधुनिक भाषा को किसी विशेष प्राकृत या अपभ्रंश के साथ हम निश्चयात्मक रूप से सबद्ध नहीं कर सकते हैं, क्योंकि जैसा टर्नर ( R L Turner, Gujarati, Phonology, J R A S, १६२५ ई पृ० ३२६) और ब्लाक (J Bloch, La Formation de La Langue Marathi) महोदयों ने इंगित किया है।

प्राचीन प्राकृत या अपभ्रंश काल में किसी विशेष जनवर्ग द्वारा वास्तविक रूप में बोली जानेवाली भाषा का कोई प्रामाणिक लिखित उदाहरण आज हमें उपलब्ध नहीं है। और दूसरी ओर वर्तमान देशी भाषाओं में तीर्थ यात्रा, सांस्कृतिक एकता, शादी ब्याह के सबध, देश प्रदेश के यातायात तथा भाषागत समान परिवर्तनों के कारण बहुत कुछ मिश्रण हो चुका है। ऐसी दशा में प्राकृतिक वैयाकरणों की शब्दावली का आश्रय ग्रहण करके हम अधिक से अधिक यही कह सकते हैं कि 'बिहारी' प्राच्यभाषा-वर्ग के अंतर्गत आती है, जिसका पश्चिमी रूप अर्धमागधी और पूर्वी रूप मागधी, इन दोनों के बीच न प्रदेश से सबद्ध होने के कारण उसमें कुछ कुछ दोनों के लक्षण पाये जाते हैं।

## कुछ सामान्य नियम

बिहारी की विशेषता म उसकी ध्वनियों के रागात्मक तत्व भी उल्लेखनीय हैं। कई ध्वनिराग तो ऐसे हैं, जो अन्यत्र दुर्लभ हैं। उनका विस्तृत विश्लेषण, जहाँ तक भोजपुरी के सबध में लागू है, मने लदन विश्वविद्यालय के अपने शोध प्रबंध में किया है। उच्चारण तथा बिहारी शब्दों के यथावत् अध्ययन के लिये इनका थोड़ा परिचय अपेक्षित है। उदाहरण के लिये एक लिखित रूप लीजिए—"देखल।"

बिहारी में यह विभिन्न रागों में उच्चारित होकर तीन विभिन्न अर्थों का द्योतक है—

देख लऽ—देख लो।

देख लऽ—तुमने देखा।

देखल्—देखा हुआ।

पदांत के 'अ' का उच्चारण बिहारी में कुछ स्थितियों में होता है। समझाने के लिए ग्रियर्सन (लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया, जिल्द—१, भाग—१, १९२७ ई०, जिल्द—५,

भाग—२, १६०३ ई० ) ने बहुत प्रयत्न किया। पर ध्वनि विज्ञान की प्रणाली के बिना उसका ठीक-ठीक वर्णन कठिन था। इस ध्वनि संकेत के लिए नागरीलिपि में 'ऽ' इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

बिहारी वाक्यों तथा शब्दों के संगठन में बलाघात, स्वराघात तथा मात्रा की बड़ी रोचक तथा विशिष्ट व्यवस्था है। मात्रा-व्यवस्था के संबंध में एक महत्त्वपूर्ण नियम यह है कि कुछ खुले हुए दीर्घाक्षरों की धातुओं—जैसे, खा, जा,आदि के रूपों को छोड़कर किसी शब्द या पद के अंतिम स्थान से दो स्थान पूर्व का कोई अक्षर दीर्घ रूप में नहीं टिक सकता। उसका ह्रस्वीकरण अवश्यंभावी है। जैसे—

बाहर—बाहरी

बोली—बोलिया
खंभा—(सं०)-(१) कुएँ की जगत पर गाड़ा हुआ दो नोकोंवाला खंभा, जिसपर घिरनी नाचती है (पट०, चंपा०, द०-पू०, पट० ४, मग० ५, म० २)। दे०—घुरही। (२) दो कानियोंवाला ऊँचा लंबा स्तम्भ जिसपर लाठा लटकता रहता है। पर्या०—घुरैया (पट०, शाहा०), घुरई (प०)। (३) ढेंकी का वह स्तम्भ, जिसपर ढेंकी टिकी रहती है (द० प० शाहा०)। दे०—जंघा। (४) (प०, गया)। दे०—थोरो। (५) किसी वस्तु के अवलंबन के लिए जमीन में गाड़ा हुआ स्तम्भ। पर्या०—खम्हा, खम्हिआ (बिहा०, आज०)। [ स्कम्भ (संस्कृ०), खंभा (हिं०), खम्बा (नें०) ]

खंभार—(सं०) दे०—खम्हार।

खई—(सं०)-(१) गड्ढे का किनारा, मेड़। पर्या०—खाई, खत्ता, खावाँ, खता (द० भाग०), डोभरा=छोटे गड्ढे की मेड़ (गया)। (२) गहरा खत (चंपा०, म० २)। [ खई< खेय (=परिखा) ]

खउरा—(सं०) दे०—खौरा।

खउवा—(सं०)-(१) ताड़ की छाल (पट० १)। (२) ताड़ के पत्ते के काटने पर बचा हुआ सूखकर गिर जानेवाला पत्ते का मूल भाग (पट० ४, मग० ५)। [< खोलक]

खखड़ी—(सं०)—(मुं० १, मं०-२)। दे०—खखड़ी।

खखरा—(सं०)-(१) अनाज के ऊपर का छिलका। धान या किसी भी अनाज का बिना दाने का निष्फल छिलका (द० भाग०, द० मुं०, मग० ५)। दे०—भूसा। (२) खलिहान में पड़ा हुआ निष्फल अनाज (प०, उ०, मग० ५ पट० ४ मग० १)। दे०—पटपर। [ मिला०—खँखड़ा ]

खखसी—(सं०)-कठल नाम की एक तरकारी। यह महीन काँटेदार तथा गोल आकार की होती है। पर्या०—खेखसा (मुं० १, पट० १, पट० ४)। [देशी]

खखोड़नी—(सं०)—(दर० १)। दे०—खखोरनी।

खखोरन—(सं०)-(१) अफीम के बरतन से खुरचकर निकाली गई अफीम (गया, द०-प० शाहा०, मुं० १)। (२) खुरचकर निकाली गई वस्तु। दे०—खुरचन। [ अनु० ]

खखोरनी—(सं०) वर्षा या सिंचाई के बाद धूप लगने से खेत की मिट्टी कड़ी हो जाने पर उसे मुलायम करने के लिए, लोहे के काँटों का बना हुआ हल (म०, चंपा०-१, म० २)। दे०—कटा। पर्या०—खखोड़नी (दर० १)। [ अनु०, या (देशी) खखोरल (बिहा०), मिला०—अनु०—खटखटायते (संस्कृ०), खडहड (प्रा०), खखोरना, खटखटाना (हिं०),

पर्या०—खट्मास, खरमास (चपा०, मं० २)। [ खड+मास< खर+मास ]

खड़हा—(सं०)—(१)(व०-पू० म०)। दे०—खेढ़ा। (२) एक जंगली जानवर, जो बिल्ली की तरह और तेज दौड़नेवाला एवं उजला या चितकबरा होता है—खरहा। [ खड+हा< खड, खात ]

खड़ही—(सं०) एक प्रकार की घास, जिससे घर छाया जाता है ( दर० १, म० २)। [ (देशी), मिला०—खर्, खड ]

खड़ा—(सं०)—(१) बिना हेंगा दिये जुता हुआ खेत। (२) फसल का खेत में लगा रहना। (वि०) (३) खड़ा हुआ। [ देशी ]

खड़ा टाल—(सं०)-(१) अनाज निकालने के पहले मकई, रहर आदि का, कटी फसल को सुखाने के लिए उसके ऊपरले भाग को ऊपर करके रखा हुआ, ढेर (ग०-उ०)। (२) टाल की सूखी जमीन, जिसमें वर्षा के अभाव से नमी न हो (मग० ५) [ खड़ा+टाल, मिला०—अट्टाल=ऊँचा भवन ]

खड़ारा—(सं०) दे०—खड़ार।

खड़ुआ—(सं०) धान का खड़ा पुआल (मुं० १), कतरा। [ खड़ा+उआ ]

खड़ुका—(सं०) अफीम या किसी फसल के खेत में उगनेवाली एक घास ( उ०-पू० म० शाहा० )। आजकल यहाँ अफीम की खेती नहीं होती है। पर्या०—खरथुआ (पट०, गया), बथुआ, मोचहि (सारा०)। [देशी]

खड़ो, खोंड़—(सं०) पानी बहने के लिए मेंड़ काटकर बनाई गई नाली ( मु० १ )। [ देशी, मिला०—खंड ]।

खड्ढा—(सं०)—(१) हेंगा या चौकी से निचले भाग में ढेलों को चूर्ण करने के लिए बनाया गया गड्ढा (कहीं-कहीं)। दे०—घघरी। (२) गड्ढा। [< ०खात,< *कर्ष]

खड्ढी—(सं०)—( द०-प० शाहा० )। दे०—खोड़ी।

खढ़—(सं०) खर घास। एक विशेष घास जिससे छप्पर छाया जाता है ( भाग० १ चपा० )। पर्या०—खर, खड़ [खढ़< खर, कट]

खढ़ार खढ़ारा—(सं०) धान के खेत की पहली जुताई (मुं० १)। [ देशी, मिला०—खड़ा ]

खढ़िआवल—(क्रि०) खेत को जोतकर बिना हेंगा दिये छोड़ देना (चपा० १)। [< खड़ा, < खड़]

खढ़ौर—(सं०) वह जमीन, जहाँ छप्पर छाने के काम में आनेवाली घास पैदा होती है। पर्या०—खढौल, खरहुर (ग० द०, चपा०)। [ खढ़+और< *खर+अवट, कट+अवट ]

खढ़ौल—(सं०) दे०—खढ़ौर। [खढ़+औल< खट्, कट+अवट ]

खतहवा झिंगनी—(सं०) एक प्रकार की तरकारी। बड़ी आकृति की झिंगनी ( पट० १ )। [ खतहवा+झिंगनी (देशी) ]

खतियान—(सं०) वह सरकारी रजिस्टर, जिसमें जमीन का पूरा ब्योरा लिखा रहता है (शाहा० १, पट० ४, मग० ५, म० २, चपा०, भाग० १ )। [ संभ०—खत्, खाता< क्षत्रम् (संस्कृ०), खत्तम् (पा०, प्रा०), खाते (मरा०), खात् (गु०, नेपा०)]

खतिऔनी—(सं०) वह बही जिसमें मालगुजारी का आय-व्यय या हिसाब किताब अलग-अलग लिखा जाता है ( शाहा० १, पट०-४, मग० ५, चपा०, म० २)। [देशी, संभ०-< खत (फा०)]

खत्ता—(सं०) (१) दे०—खई। (२) (ग०-द०)। दे०—खाद्। [ देशी, मिला०—खात ]

खदगोर—(सं०) (शाहा०)। दे०—खदौड़ खेत। [खद+गोर, खद< खाद< खाद्य, गोर< गोबर (?)< गोमल (?), मिला०—गो+मल]

खदहा—(सं०)—(१) हेंगा या चौकी से निचले भाग में ढेलों को चूर्ण करने के लिए बनाया गया लंबा गड्ढा। (द० मु०)। दे०—घघरी। (२) गड्ढा। [खद< हा (प्र०)< खात]

खदियाओल—(क्रि०) सिंचाई किये बिना ही अन्न बोने पर उसके बीज पर सड़ी पत्ती, घास आदि की खाद देना (द० प० म०)। पर्या०—गोआ पटारल ( मुहा० ) ( उ० प० म० )। [खदिया+आओल (क्रि० प्र०)< ०खात ]

खदैया—(सं०) खाद रखने की छोटी गड्ढी (मु० १)। [खद+ऐया (प्र०)< खाद< ०खात]

खदौड़—( सं० ) ( ग० उ० )। दे०—खाद।[ खद+औड (प्र०)< ०खाद]

खदौड़ खेत (सं०) वह खेत, जिसमें बहुत ज्यादा

पर्या०—गड़रा ( गया, सा०, म०, चपा०, पट० ४, मग०-५) । (२) वेल, नारियल आदि का ऊपरला मोटा छिलका । (३) कछुए के शरीर के ऊपर का भाग । [ मिला०—खर्पर ]

खपरा—(स०) दे०—खपड़ा । [खर्पर, कर्पर ]

खपरा छाअल-(मुहा०) खपड़े से घर का छाना । [ खपरा+छाअल, खर्पर+छादन ]

खपरा फेरल—(मुहा०) खपड़ा फेरना या खपड़े की छावनी की मरम्मत करना ।

खपड़ा बदलल—(मुहा०) दे०—खपरा फेरल ।

खपावल—(क्रि०) खपाना, समाप्त करना, आँख बचाकर किसी का माल उड़ाना । [ <क्षप् ]

खपियार—( स० ) पानी में फेंककर मछली मारने का एक प्रकार का जाल । [क्षपित्र (?)]

खभड़ल - (वि०) खोदने या खिसकने के कारण बना गड्ढा । पर्या०—खभरल ।

खभरल—(वि०) दे० खभड़ल ।

खभार -( स० )-(१) इंट आदि से बाँधने के पहले खोदा गया कुएँ का बड़ा गोल ढाँचा (गया) । दे०—दवह । (२) गड्ढा । (३) सूअरों के रहने की जगह । पर्या०—खोमार (चपा०) । [मिला०-स्काम्, कपाट (सस्कृ०), खपाच (हिं०)]

खभारल—( क्रि० )-( १ ) जमीन को हलके-हलके कोड़कर मिट्टी को ऊपर-नीचे करना (शाहा० १) । (२) नदी की लहरों से जमीन का धीरे धीरे कटना । [ खभरना (हिं०) ]

खमहरुआ—(सं०) एक लता जिसके कद और फल दोनों की तरकारी बनती है (मुं० १) । दे०—खम्हरुआ । [ देशी, मिला०—क्षमारूह (?) ]

खम्हल—(क्रि०)-(१) पशुओं का दुबर होना (पट० ४) । (२) दे०—खामल-३ ।

खम्हरुआ—(सं० ) एक प्रकार का कद, जिसकी तरकारी बनती है (पू० म० २) । दे०—ख्वार । [(देशी), मिला०—क्षमारूह (?), वाराही कद ( सस्कृ० ), वाराह कद, गेंठी ( हिं० ), चामार आलु, चामालु, चुपड़ि आलु ( बं० ), डुक्कर कद, वाराहीकद (मरा०) सुअरिआ, सालिवणा वेल्य (गु०) ]

खम्हा—(सं०)-(उ० प०, द० मु, पट०, चंपा०, द०-पू०, पट० ४, मग० ५, म० २, भाग० १, भाज०) । दे०-खमा और धुरही [<*स्काम ]

खम्हार—( सं० )—( द०-पू० म० ) । दे०—गाँज । [ खम्हा + र (प्र०)<*स्काम ]

खम्हार, खँभार—(स०)-(१) फसल तैयार करने की जगह, खलिहान ( मु० १, घर०-१) । दे०-खरिहान । (२) (द०-पू० म० ) । दे०—गाँज । [ खम्हा+र (प्र०) <*स्काम ]

खम्हिआ-(सं०)-(चपा०, भाज०) । दे०-खमा ।

खयरा—(सं०) वह बल, जिसका रग खैर की तरह थोड़ा लाल हो । (पट० १) । पर्या०—खैरा । [ खयर + आ ( प्र० ), खैर <*खदिरक ( सस्कृ० ), खइर ( प्रा० ), खइर ( कश्म० ) खैरो (न०), खैरा (हिं०, प०), खैरो (गु०), खैरा (मरा०) ]

खरहरा—(सं०)-(१) खलिहान के अन्न को बुहारने की झाड़ू (द० भाग०) । दे०—सिरहथ । (२) बथान आदि बुहारने के लिए रहेठे आदि की बनी झाड़ । [ खर+हरा <खर, खड= घास, तृण, अथवा <खल=खलिहान, हरा<√हृ ]

खर—(सं)-(१) खढ़, एक प्रकार की विशेष घास, जो घर छाने के काम में आती है (चंपा०-१) । पर्या०-खड़, खढ़, खरह (चंपा०) । (२) एक प्रकार की घास । [ ( देशी ), मिला०—कट्, कुट = घास, तण, खड, खट (सस्कृ०), खडो (प्रा०), खर (हिं०, प०), खर् (नें०), खड (गु०, मरा०), खोरु (कश्म०), खड़ा (ओ०), खड्ड (सि०)=खल्ली (नेपा०)]

खरई—(सं०)-(१) एक प्रकार की घास । (२) रब्बी या भैंती फसल का, विशेषकर रहर का, अनाज निकालने के बाद बचा हुआ डंठल (पट०, मग० ५) । दे०—खरेठा । (३) पान की लता के ऊपर की बनी झाड़ी । पर्या०—खरचा (द० प० शाहा०), फधुआ (द० मु०) । [ (देशी) मिला०—कट्, कुट्, खड, खट ]

खरकल—(क्रि०)-(१) बाढ़ के पानी का हट

जाना, खत्म होना (मुं० १)। (२) छिन्न भिन्न होना (मुं० १), खिसकना (चंपा०)। (३) चूपके माग खड़ा होना (मु० १)। [खरक+ल (प्र०) < *खरक < √खर। मिला०—सरकनु (सं० )=इकट्ठा होना। सरकतुँ (गु०)= व्यवस्था करना, गोजना ]

खरकायल—(क्रि०) सरकल क्रिया का प्रेरणार्थक, खरकाना।

खरकोटी—(सं०) मरिका रखने के लिए दीवार में बना छिद्र (गया, द०-प० बिहा०)। [खरक+ओटी < खरिका+ओटी, संभ०— < *खडक+खनट ]

खरचराइ—(सं०) (ग० उ०, गया)। दे०—खर चरी। [खर+चर+आई (प्र०)। खर (घेरा) अथवा < कट+चराई < √चर ]

खरचरी—(सं०) चरागाह के मालिक को दिया जानेवाला शुल्क (गं० उ०)। पर्या०—खरच राइ (गं० उ०, गया) चरदिया (शाहा०), घास चराई (म०, पट० पू०), घास चराई (म०, पट०, पू०), देना (म० पट०, पू०) भैंसौंधा (म० पट०, पू०), चरदाना (म० पट० पू०) भैना (द० पू०)। यह शुल्क कहीं कहीं केवल भैंसों के चराने के लिए ही लिया जाता है, अतएव 'भैंसौंधा' कहा जाता है। [खर+चर+ई (प्र०), मिला०—खरचराई]

खरचल—(क्रि०)-(१) पात्र आदि में लगी किसी वस्तु को दूसरी वस्तु से खरोंचना। (२)व्यय करना।

खरचा—(सं०)-(१) (द०-प० शाहा०)। दे०— खरई। [देशा, मिला०—खरई ] (२) खेती आदि का व्यय। [खर्च (फा०)] (३) धोबी या लोहार का यथा खरचन का छोर नापन (द० भाग०)। [ < खरचन (बिहा०) ]

खरचाह—(सं०)-(द० भाग०)। दे०—खर चौकी। [खर+चाह, खर < खड़, चाह < चौकी (बिहा०)]

खरचौकी—(सं० -(पट०, गया)। दे०—खेर-चौकी। [खर+चौकी। मिला०—खरचाह]

खरभुआ—(सं०)-, पट०, गया भाग० ५)। दे०—खरबा। [खर+भुआ। < खर कर या (देशी) ]

खरपटाइ—(सं०) खेत में ही, कट हुए अनाज के बोझों को बाँटने की प्रक्रिया (चंपा द० पू० म०)। द०—काम बटाई। [खर+कट+आइ (प्र०) खर < कट, < खड, < खर+बटाइ < बटाइ < वंटन]

खरपिरया—(सं०) वह औषध, जो वनस्पति से प्राप्त होता है (चंपा० १)। [खर+पिरया। खर < कट, खड़, खड़, पिरया < बीज < वीर्य]

खरबुजा—(सं०) तरबूज की तरह का एक फल, जिसमें पानी नहीं होता तथा स्वाद में अपार मिठास होती है। पर्या०—लालमी (प० म०, पू०, प०), फूँट (द०-पू०)। [(देशी), खर+बूजा, बूजा < बीज (?)। खर्बुज (संक्षे०— मा० प्र० नि०), खरबुजा, खरमुज (ब०), खर्बुज, खरबूज (मरा०), तेलिया, धुसमेट्टी, तलिया भामड़ा (गु०), खरबूज (ते०) सडजमाते, पडभुजा (क०), खर्बुज (फा०) खरपुजह (अ०) ]

खरवन—(सं०) फसल काटने के समय लोहार, बढ़ई, नाई और धोबी को किसान की ओर से मिलनेवाला एक बोझा धान या कोई दूसरी फसल (उ०-प० शाहा०)। पर्या०—फेरा, पुरी, पालपसेरी (प० मं०)। [खर+वन्, खर < *कट, अथवा < खाटल (बिहा०), काटना (हि०) < √कृत। वन < √वन् (मांगने) (?), अथवा खर+वन्, खर (=डंठल-सहित पयाल) का मिलनेवाला भत (मजदूरी) ]

खरवाँस—(सं०) पूस और चैत का महीना, जो हिन्दू रीति के अनुसार अशुभ माना जाता है और जिसमें शादी-ब्याह आदि शुभ कार्य नहीं होते। (शाहा०-१ चंपा०)। [खर+वाँस < *खर+मास]

खरवा—(सं०) वह जमीन, जिसमें चूना और गंधक का अंश अधिक मात्रा में हो (द० भाग०)। दे०—खारा। [खार+वा (प्र०, स्वार्थक) < खार ]

खरवाह—(सं०) समय से पहले सूखी जमीन में घास की जोताई। दे०—खरहर काबल। [खर+वाह। < खर, < कट या < खाग (हि०) वाह (प्र०) अथवा < √वह (?) ]

खरवाहा—(स०)–(१) सिंचाई करनेवाला पुरुष (द० प० म०)। दे०—पनछन्ना । (२) सींचने के समय खेत में पानी को इधर उधर बिखेरनवाला मनुष्य (सा०)। दे०—पनमोरा । [खर + वाहा । खर< खड अथवा कर्ष । वाहा (प्र०) वा< √वह ]

खरवे, खरवेह—(स०) सूखी जमीन में समय के पहले की जानवाली धान की बोआई (गया)। दे०—खरहर बावग। [खर+वे। खर< *कट, < *कर्ष अथवा खडा ( हिं० )। वे < वाप (=वपन) (?) < √वप ]।

खरवेह—(सं०) सूखी जमीन में समय के पहले की जानवाली धान की बोआई (गया)। दे–० खरहर बावग। [खर+वेट, मिला०-खरवे]

खरसान—(स०) तम्बाकू का टूटा असार डंठल और पत्ता ( द०-पू० म० )। दे०—झाला। [देशी, वा खर+सान। खर< कट (=घास) +सान <समान ( सन-बिहा० =सामान, यथा-ऐसन यसन, तसन आदि)। मिला –खर सन (संता०)=बिना तयार किया हुआ तम्बाकू

खरहर बावग—(सं०) सूखी जमीन में समय के पहले की जानेवाली धान की बोआई। पर्या०– घुरिया बावग ( गं०उ० ) ठर्रा (शाहा०, पट०), खरवाह, खरवेह खरवे (गया), बीपा (पट०) घुरधूसा(द० मुं०), खरहरिया बावग ( म० २, पट० ४, मग० ५)। [ खर+हर+ बावग। खर< कट कर्ष अथवा खडा (सूखी भूमि के लिए प्रयुक्त) +हर< √हृ अथवा खर (∠खड़ा) + हर < हल। बावग < वाप (+क) < √वप् ]

खरहरल—(कि०) खरहर से जमीन को झाड़ना। (वि०) खरहरे से झाड़ी गई जमीन आदि।

खरहरा—(स०) खलिहान में अन्न बुहारने अथवा बथान बुहारने के लिए प्रयुक्त झाड़ू (चपा०)। द०—खिरहथ। [खर+हरा। खर< कट अथवा खल (= खलिहान ) हरा <√हृ वा झाड़ा < झाड़ल (बिहा०) < उद्+ < हृ। खराट (मरा०)< खर+यष्टि (सस्कृ०)—(म० व्यु०)]

खरहरिया बावग—(स०)—(म० २, प० ४, मग० ५)। दे०—खरहरा बावग।

खरहरा—(स०)—(द० भाग०)। दे०–खरहरा।

खरहा—(स०)। द०—खडहा।

खरही—(स०)—(१) पान की लता के आधारा स्तम्भ, जो प्रत्यक कोरो के बीच में छ छ पड़ते हैं। [ (देशी)—सभ० <खर वा खड ] (२) बड़ा खड़ (चपा० १)। [खर+ही (प्र०) < खर, मिला०-कट। खरही (हिं०)=घास वा अन्न का ढर ]

खरहुल—(सं०)—(ग० द०)। दे०—खढ़ोर। [खर+हुल (प्र०) अथवा< भू]

खरिकौता—(स०) खरिका (दतखोदनी) रखन के लिए दीवार म बना छिद्र या ताखा (उ०-पू० म०)। पर्या०—मुक्का (पट० ४) खरफोटी, मुड़की (गया, द०-प० बिहा०)। [ खरिका+ औता । खरिका<खर ( हिं० )+इका (प्रत्य० प्र०), औता <अवट (सस्कृ०)= खात, छिद्र]

खरित—(स०)—( शाहा० )। खदोड खेत। [ देशी ]

खरिदगी—(स०)–(१) खरीद कर अधिकृत की गई करमुक्त भूमि। पर्या०-इनाम, इनामात, खैरात (शाहा०), खुसबक्स (द० भाग०) = प्रसन्नता या सौहार्द के कारण मिली हुई अधिकृत करमुक्त भूमि। (२) खरीद कर जमीन पर अधिकार करनवाला, न कि मौरूसी हकवाला (शाहा०)। (वस्तुत शब्दार्थ— खरीद की हुई है) दे०—गरमौरुसी। [खरिद+गी(प्र०)< खरीद (फा०), मिला०— क्रीत, क्रीति < √क्री ]

खरिदार—(वि०) खरीदी हुई सम्पत्ति का धन स्वामी। पर्या०—पैदार। [खरिद+दार (प्र०) < खरीद (फा०)]

खरिहान—(स०) फसल की दौनी के लिए बनी हुई जगह (बिहा०, भाज०) पर्या० — खरिहानी (प०, दर०-१)। [खरि +हान < *खलधान, < * खलाधान, < * खले+धानी—(नेपा०)] खलिहान (हिं०), खरियान, खरिहान, खरी

खरिहान

खलखलाएल—(क्रि०)—(१) मछली का पानी में इस तरह घूमना कि पानी ऊपर तक उछल पड़ ( भोज० )। (२) पानी का खौलना। [अनु०]

खलचोइया—(सं०) भुट्टे के ऊपर की पत्तियाँ (चपा०)। दे०—खोइया। [ खल+चोइया =चोइँटा ( बिहा० ), चोंई ( हि० )<चोंच (संस्क०)=छिलका। खल=क्षाल, क्षालित। मिला०—खलकोइया]

खलड़ी—(सं०) चमड़ा। त्वचा। दे०—चाम। [खल+डी<*खल्ल,<खाल]

खलवा—(सं०) गहरी जमीन जिसमें पानी नहीं हो। दे०—खाल। [खल+वा ( प्र० )<खात (?) अथवा खल (=खलिहान) >खल्य। मिला०—खल्ल=नीची भूमि ( = खल्लो वस्त्रभेदे स्याद् गर्ते चमणि चातके'—मवि०]

खलसी—(सं०) एक प्रकार की मछली। [देशी]

खलार—(सं०)—(१) वह गहरी जमीन, जिसमें पानी न हो (उ०-पू० चपा०, भाज०)। दे०—खाल। (२) नीची जमीन। (३) खाल, चमड़ा। [खल+आर ( =हरा<धरा), <खात (?) अथवा खल (=खलिहान)∠खल्य। खल्ल-धरा। खातधरा वा खलधरा ]

खलिहानी—(सं०) किसान द्वारा अधिकार जता कर लिया गया भत्ता जो विशेषतः खलिहान की रक्षा आदि के नाम पर लिया जाता है (पट०)। पर्या०—भौंधर (शाहा०) मँगनी माँगन (पू० म० पट० ४)। [खलि+हान+ई (प्र०)<खलेधानी] टि०—खलिहान में तयार अन्न के बटवारे की पद्धति में फसल की कटनी जमींदार और किसान दोनों की देख रेख में होती है और वह फसल एक संयुक्त खलिहान में एकत्र की जाती है। उसकी देख रेख दोनों दलों की ओर से सावधानी से होती है। जबतक गाँव की अधिकृत सब फसल खलिहान में आ नहीं जाती है, दौनी नहीं होती। जब तक दौनी, ओसाई और बँटवारा नहीं हो जाता, तबतक उस अन्न में से कोई कुछ भी नहीं उठा सकता है। किसान कटनी के बाद खेत में से गिरे हुए अनाज की बाल को लोढ़ ( चुन ) कर ले सकता है। हाँ, फसल का एक विशेष परिमाण भी उसे मिलता है, जिसे वह मजदूरी में काटनेवालों को देता है। संयुक्त फसल में से ही गाँव के बढ़ई, कुम्हार, लोहार, चमार, मुंशी आदि कारीगर या पौनीवाले अपना अपना भाग ले जाते हैं, क्योंकि वे वर्ष भर किसान और जमींदार का काम करते रहते हैं। बँटवारे के लिए तयार अनाज की राशि से इधर-उधर खसरा आदि में साथ उड़ा हुआ अन्न किसान का ही होता है। 'विसुनपिरित' भी सम्मिलित राशि से निकलता है। इन सब के बाद बची हुई राशि में जमींदार अपना भाग लेता है। धूलि आदि के साथ मिला हुआ अन्न किसान का होता है। इस प्रकार के बँटवारे में पुआल, भूसा आदि किसान का ही होता है। यह पद्धति जमींदारी प्रथा के समय की है।

खल्ली—(सं०) तेलहन का वह भाग, जो तेल निकाल लेने के बाद कोल्हू में बचा रहता है और जिसका प्रयोग पशुओं के खाने या खाद में होता है। दे०—खरी। (२) जमीन या बोर्ड पर लिखने का उजली मिट्टी का एक साधन, खड़ी, चक। [ खटी, खली, कल्क (संस्क०), खली (प्रा०), खली (हि०), खलि (नें०, ब०, ओ०), खल (पं०, ल०), खल (मरा०)]

खल्हर—(सं०)—( उ० प० )। दे०—खाड़। [खल्+हर ( <धरा ) <खल्ल + धरा, खात + धरा वा खल+धरा। खल्हड़ (नें०) खलड़ा (हि०)]

खवुरा—(सं०) दे०—खोरा।

खसकल—(क्रि०) गिरना, अपने स्थान से हटना। [ मिला०—खस्ल ] ( वि० ) गिरा हुआ। [खसई (प्रा०), खहिबा (असं०), खसा (ब०), खसिबा (ओ०), खसना (हि०), खस्नु (नें०), खसनु ( गु० ) खसणें ( मरा० )—टनर के अनुसार ये सभी रूप खसुन (कश्मी०)=उठना)-की एकरूपता में है। यद्यपि अयमद हैं। ये *खस्स (म० भा०) में प्रविष्ट हैं। मिला०—√कष, √क्लम ( =जाना, घूमना ), √खश <चोट करना ]

खसरा—(सं०) पटवारी की खत बही, जिसमें

खाँनल-(वि०) लात से कुचला हुआ, कुचला हुआ (चंपा० १)। (क्रि०)—लात से कुचलना, कुच लना। [ खोंन+ल (वि० प्र०) < खुन्हल (व० भा०) < √क्षुदिर (=सपेषणे=पीसना)

खाँजाँ—(स०)—दो चढ़ावों या जलाशयों के बीच में उठाया गया किनारा या मेंड (द० प० शाहा०) पर्या०—मेंड़ ( शाहा० शेष भाग ), पींड (गया) अलग (प०), आहर(व० मु०), बांध, बान्ह (अन्यत्र)। [ (देशी) अथवा-खों+वाँ <खेयबन्ध (?) या खात+बन्ध ]

खाँवाँ, खावा—( स० ) तालाब या तलाई के चारों ओर का बाँध (पट० पट० ४, मग० ५) दे०—मीड। [< खात+बन्ध]

खाई—(स०)—दे०—खई। [< खेय]

खाजा—(स०)—(१) ताड के फल के भीतर का वह हिस्सा, जो कटहल के कोए के आकार का होता है तथा खाया जाता ह (चपा० १)। (२)—एक प्रकार की मिठाई, जो लम्बी और और परतदार होती ह। [ खाद्य, खाद्यक (सस्कृ०), खज्ज, खज्जक (प्रा०), खज्जय (प्रा०), खाजा (हिं०), खाज्जा (प०, खाजा (ने०)=हल्का भोजन, जलपान। खाजे (कुमा०)=भात। खाजु, खाज (सिं०), खाजे (मरा०)=किराना ]

खाढ़ी— स०) (१) (म०) : दे०—गढ़ा। (२) दे०—खाँडी। [< खात, कुट]

खात—(सं०)—(व० भाग०)। दे०—खाँढ़ी। [< खात]

खाता—(सं०)-(१)-(चपा०)। दे०—खेढा। (२) कोल्हू का परनाला, जिससे होकर ऊख का रस बहता ह ( सा० )। दे०—नाली। (३) ( चपा० )। दे०—खाद। (४) ( गं० व० )। दे०—खाद। [ खात ]। (५) पटवा रिया की खत-संबंधी बही। (६) खतों का चकला। [मिला०—खत (फा०) कत (फा०)]

खातिर—(सं०) जमीदार की ओर से पट्टदार को ऋण के चुकते में की गई छूट (पट० गया)। दे०—दहिहकी। [खातिर (अ०)]

खाद-(सं०)-(१) अन्न रखने के लिए जमीन खोद कर बनाया हुआ गड्ढा। पर्या०—खत्ता या खाता ((ग० व०), चौर (द० पू० म०), माट (गया), खाध या खाधा (द० भाग०)। [< खात] (२) भूमि की उवरता के लिए खतों में डाली जानेवाली गोबर, कूड़ा करकट अथवा रासायनिक मिश्रण से बनी चीज (बिहा०, आज०)। (यौ०)-खाद के गड्हा =खाद बनाने का गड्ढा। [ < खाद्य ] (३) उख रोपने के पहले बीज रखने का गड्ढा (सा०)। पर्या०—खाता (चपा०), गाड़ा (शाहा०), गँड़सा (गया), वलसार (पट०), टोनखाद, टोनखाधा (उ० पू० म०)। [< खात] (४) किसी अन्न में निम्न प्रकार की चीजों की मिलावट (चपा० १)। किसी चीज में बाहर से मिलाई गई या मिली हुई विजातीय चीज (चपा०-१)। [ खाद ( हि बिहा० ) =गोबर आदि की खाद। अपवित्र या निम्न स्तर की वस्तु। खाद्य अथवा अ+खाद्य ]

खाद के गड़हा—(स०) गोबर, कूड़ा-करकट आदि की खाद बनान का गढ़ा। दे०—घूर। [खाद के+गड्हा (यौ०)]

खादर—(सं०)-(१) गोबर, मूत्र, कूड़ा करकट आदि की बनी खाद ( ग० उ०, सा० १ ) पर्या०—खदौड़, खद्धी (ग० उ०), गोंदौरा (पू०) गोआ (पू०), करसी (पू०), घूर (गं० व० प०), गनौरा (पू०, सा०, पट० ४, मग० ५), गदौरा (पू० सा०), कूड़ा(पू०, सा०), कूड़ा-कुरकुट (पू०, सा०), बहारन (पू०, सा०), गोनरौर, गोनौड़ (द०-पू० म०)—(इसका अथ, कूड़ा-करकट या बहारकर इकट्ठी की गई गन्दगी भी है।) [<खाद्य, सभ०—खात्रम (सस्कृ०)=गढ़ा खातर (पु०)] (२) घास पात जलाकर बनाई हुई खाद (उ० प०)। पर्या०—गोआ ( उ०-पू०, म० ), अलाह ( पट० गया ), डाही ( प०, गया ), टूरा (व० मु०, छारी (व० भाग०)। ,खाद+र (स्वा० प्र०)< खाद्य ]

खादर के गड्हा (स०) दे०—खाद के गड्हा।

खाध—(स०) अन्न रखने क लिए जमीन खोद कर बनाया हुआ गड्ढा (व० भाग०)। दे०—खाद। [< खात ]

खाहिन—(स०) मोटे दानों का एक प्रकार का धान (द० प० शाहा०)। [देशी]

खिचड़ी—(स०)-(१) दाल चावल मिलाकर बनाया गया भोजन। पर्या०-पु गल (पट० ४) (२) मकर-संक्रान्ति का पर्व, जिसमें नये चावल की खिचड़ी खाई जाती ह (भोज०)। दे०-संकराँत।

खिचड़ी—(स०) दे०-खिचड़ी। कहा०-'कोठिला चढ़ि बोल जई, खिचड़ी खाय क्यों नहीं बोई (—घाघ) = छोटी कोठी पर चढ़कर जई कहती है कि उसे खिचड़ी खाकर, अर्थात् मकर-सक्रांति के बाद क्या नहीं बोया?

खिचा—(स०)-(१) फसल (मकई आदि) की न पकी हुई (दुधिया) बाल (म०, भाग० १)। दे०-दुदघा। (वि०) (२) वह फल, जो अभी पुष्ट तथा पोख्ता न हो कोमल हो (चपा०, म० २, मग०-५)। [< *कच्यक< √कच (विकसन)]

खिजल—(क्रि०) धान का झड़ना (दर० १) पर्या०—छिजल। [< √छि (क्षये), अथवा < सीद् √< √पद्लृ (विशरणगत्यवसादनषु)]

खिजाया—(स०) पहली बार कूटा गया चावल, जिसमें धान और चावल मिले रहते हैं (उ० पू० म०)। दे०—मुहचुर। पर्या०—अँकड़ा (मग०-५), अखरा (म० २), धोकड़ा (चपा०) [(देशी), मिला०—√छि (क्षये) अथवा √छिद् (=छोड़ना मुक्त करना)]

खिनहुरी—(सं०) पुराना और बिलकुल घिसा हुआ हल। (सा० १, चपा०-१)। दे०—खिनौरी [खिन+हुरी< *क्षीण+हल (?)]

खिनौरी—(सं०) पुराना तथा घिसा हुआ हल। पर्या०- ठँठी (द० पू०, उ० प० म०, चपा०) ठेँठा (उ० पू०, द० म०, चपा) मुटहरा (शाहा०), खिनहुरी (सा० १, चपा० १) मुँटहेरा (शाहा०)। [खिन+औरा< खिनहरी< *क्षीण+हल (?)] खिनौरी

खिनौरी के जोत—(स०) पुराने और छोटे हल से की जानेवाली जुताई (चपा०, सा०)। पर्या०—ठेँठा के जोत (म०, चपा०) खुँट हरा (शाहा०)। [खिनौरी के+जोत (यौ०) < खिनौरी< *क्षीणहल। जोत< *युक्त < √युज्। मिला०—√युत्, √जुत् (भासने)]

खिरदत—(सं०) छींटकर (बाबग) बोया जाने वाला एक प्रकार का धान (द० मुं०)। [खिर+दत< क्षीरदत (?)]

खिरनी—(स०) एक फल विशेष। यह पीले रंग का होता है और इसका फल छोटा तथा खट रस होता है (शाहा० १, चपा०, म० २)। [< *क्षीरिणी]

खिराज—(स०) जमीन की मालगुजारी (सा० १, चपा, म० २)। [खिराज (फ०)]

खिलकट—(सं०)-(१) वह परती जमीन जो पहली बार जोती जाती ह (म०)। दे०—खील-२। (२) धान बोने के लिए जोती गई नई गैर-आबाद जमीन (द० पू०)। दे०-खिलमार। [खिल+कट< खिल (संस्कृ०)। कट (प्र०) अथवा < कटल< (बिहा०)< कटना (हिं०) < √कृत्]

खिलकट्टी—(सं०)-(१) वह परती जमीन, जो पहली बार जोती जाती है। दे०-खील-२। (२) धान बोने के लिए जोती गई नई गैर आबाद जमीन (द० पू०)। दे०—खिलमार-२। [खिल+कट्टी। मिला०—खिलकट]

खिलमार—(स०)-(१) वह परती जमीन, जो पहली बार जोती जाती है। दे० खील-२। (२) (शाहा०)। दे०—आबाद। (३) धान बोने के लिए जोती गई नई गैर आबाद जमीन। पर्या०—नआबाद खेत (गं० उ०), नौखील (गया), खिलकट्टी, खिलकट (द० पू०)। [खिल+मार < खिल+मार < मार्त < मृत् (मिट्टी)]

खिलही—(सं०) जमीन्दार की ओर से किसान को चौथाई मालगुजारी पर या बिना मालगुजारी के परती जमीन देने की प्रणाली (चपा०, प० म०)। पर्या०—खासा घास (द०-पू० म०) खीलमारी (शाहा०)। [खिल+ही (प्र०) < *खिल]

खिल्लत—(सं०) सरकार की ओर से युद्ध आदि में की गई सेवा के बदले कम मालगुजारी

खुटिया-(स०) दे०-खुटिया।

खुटियारी—(सं०) ऊख की खट्टीवाला खेत (पट० १)। [ खुटिया+री (प्र०) <खोट ]

खुट्टा—(स०)-(१) ढेंकी का वह स्तंभ, जिसपर वह टिकी रहती है (द० भाग०, द० मुं०)। दे०--जघा। (२) मवेशियों के बाँधने का लकड़ी या बाँस का स्तम्भ, जो जमीन में गड़ा रहता है। (३) (पू० म०, ग० द०)। दे०— खूटा। [<क्षुद्र (१) <खोड (=हाथी आदि के बाँधने का खूंटा), खूँट (प्रा०)। मिला०—<√क्रुठ् (प्रतिघाते)—(म० व्यु०) खूँटा (हि०)]

खुट्टी—(स०)-(१) वह ऊख, जो पहले कट हुए ऊख की जड़ से पैदा हुआ हो (पट० १, चंपा०)। (२) कटी हुई फसल की जड़। (३) कपड़ा आदि लटकाने के लिए दीवार में गाड़ी हुई कील। [खोट, दे०—खुट्टा]

खुट्टी छोड़ल-(मुहा०) दूसरे साल के लिए कटी हुई ऊख की जड़ को छोड़ देना, ताकि फिर से उसमें पौधा उगे (पट०-१ चंपा०)। [खुट्टा+छोड़ल]

खुड़हेरल—(क्रि०) जमीन की ऊपरी सतह पर से मिट्टी या घास आदि का हटाना (चंपा० १)। [खुड़+हेर+ल (प्र०)<क्षुद्र वा खुर+हेर<हल]

खुदनी—(स०) फावड़ा चौड़े फलक की कुदाल (गया)। दे०—फौरा। [खुदनी <खोदल (विहा०), खोदना (हि०) मिला०-√क्षुद् अथवा √क्षुद् (=हिलना, डोलना, चलना (नव०—प्रयो०—मो० वि० डि०) ]

खुदनी

खुदर—(स०)—(प०, प० म०)। दे०—गुदरी [ <क्षुद्र ]

खुदराहा मालिक—(सं०) जमींदारी में कम (खुदरा) दाय रखनेवाला स्वामी (मग० ५)। दे०—खुरदिहा मालिक।

खुदरिहा मालिक—(सं०)—(चंपा०)। दे०— खुरदिहा मालिक।

खुदी—(स०) चावल का टूटा हुआ छोटा छोटा टुकड़ा (चंपा० १)। दे०—गुदी। [<*क्षुद्र (संस्कृ०), <खुद (प्रा०) ]

खुदर—(स०) ऊख की सिठ्ठी, जो जलावन या खाद के काम आती है (सा० १, म० २)। [<क्षुद्र]

खुद्दी—(सं०) चावल, दाल आदि के बहुत छोटे-छोटे टुकड़े। पर्या०-खँड़ौरा (द०-प०-शाहा०), मेरखुन (द० मुं०, चंपा०)। [खुद+ई (प्र०) <*क्षुद्र]

खुन्दल—(क्रि०) लीपी पोती या बनी बनाई जमीन या किसी दूसरी वस्तु पर मनुष्य अथवा पशु द्वारा पैरों से कुचलना, जिससे उसपर पैर के चिह्न हो जाते हैं। [<*क्षोदन<√क्षुद्]

खुम-(स०) अन्न रखने के काम में आनेवाला एक प्रकार का मिट्टी का बड़ा बरतन (ग० द०)। [<कुम्भ (संस्कृ०), मिला०—कुम्प, कुम्भ= गोल बरतन (लो० जर०)]

खुम

खुर—(स०) सींगवाले चौपायों के पैर की कड़ी टाप, जो फटी हुई होती है (चंपा०-१, विहा०, भाज०) [<खुर वा क्षुर। खुर (संस्कृ०), खुरो, खुर (पा०), कसुर (पु०)=खुर, खुर (स्त्री०) एड़ी (रोम०), खुर (बरबी), खुरि (पश्तो), खुर (=पैर)-(प० पहा०), खुर (कुमा०), खुरा (असo), खुर (बँ, मो०, हि०, प०), खुरा (ल०) खुरु (सिं०), खुर (गु०), खुर (मरा०), खुर् (ने०) ]

खुरकी—(सं०) अफीम या किसी अन्य फसल के साथ होनेवाली एक घास (उ०)। पर्या०— मछेती (उ०), रूआरी (सा०)—(मिला०- दमारा)। [ देशी, मिला०-खुरफ़=एक प्रकार का पौधा, खुटका (हि०) ]

खुरखून—(स०) पशुओं के द्वारा पद दलित फसल (गया द० मुं०)। दे०—पगाठ। [खुर+खून <खुन, (खुर) +खून, खूनल (विहा०), खूँदना (हि०)<√क्षुद् ]

खुरचन-(सं०)-(१) बरतन के खुरचन से निकाली हुई दाब अफीम। (२) खुरचकर निकाली गई वस्तु। पर्या०—खखोरन (गया, द० प० शाहा०, द० मुं०)। खखोरी (चंपा०, म० २)। [ <क्षरण<√क्षुर् ]

खुर्पी—(सं०) (१)-कड़ाह की पेंदी में चीनी बठन से बचाने के लिए उसे खरचनवाला औजार। पर्या०—खुरपा ( सा०, चपा० ), कठखुरपी (उ०-पू०म०), पेड़नी ( पट० ) डपुग्न (द० भाग०) । (२)दे०-खुरपा [ खुर्पा+ई (अल्पा० प्र०) <क्षुरप्र]

खुश खरीद—(स०) खेती की वह प्रणाली, जिसमें नील की खेती करने के लिए निलहे किसानों को अग्रिम मूल्य तथा उचित मूल्य पर नील का बीज देते थे, जिसका मूल्य बाद में हिसाब के अनुसार चुकता होता था। पर्या०—खुसकी (चपा०), नखिरतखानी ( उ० पू० म० )। [ खुश+खरीद (फा०) ]

खुसकी— (स०)-(चपा०) । दे०—खुशखरीद । [खुस+की<खुश (फा०) ]

खुसकी ठीका—(स०) किसी विशप निश्चित कर पर कुछ वर्षों के लिए ली गई जमींदारी। [खुसकी<खुश्‍ा या खश्की (फा० ) मिला०—शुष्क (संस्क०)+ठीका ] (हि०) ]

खुसखुस—( स० ) ऊख की मिल का एक यत्र, जिससे छनकर रस अगले यत्र में चला जाता है और सिट्ठी पुन रौलर के पास लौट आती है (रौ०, हरि०)

खुसबरी —(स०) एक प्रसिद्ध छोटी पीली फली जो स्वाद में खट मिट्ठी होती है। दे०—मकोय [ खुस+बरी<कुश्यबदरी (?), मिला० गुज बेरी (अं०) ]

खूँट—(स०)—(१) बाँस की कोठी या वह स्थान, जहाँ बाँस होता है (शाहा० चपा०, सा०)। (२) कपड़े का एक छोर (शाहा० १ चपा सा० म०)। [ मिला०— कूट]

खूँट

खूँटा—(सं०)—(१) (म०, प०) दे०—खट्टा और जंघा। (२) मवेशियों के बाँधने के लिए लकड़ी या बाँस का बना स्तम्भ जो जमीन में गड़ा रहता है । (बिहा० साम०) (३)—वह स्तम्भ जिसके सहारे ढेंकी खड़ी रहती है। पर्या०—खुट्टा (पू० म०, ग० द० , खभा (पू० म०, गं० द० ) जघा ( प० म०, सा०, चपा० ), खाम्हा (प० म०, सा०, चपा०)। (४)—ऊख के कोल्हू का सीधा खड़ा खभा (पट०, गया)। दे०—हरसा । (५)—लाठा के पिछले भाग के अंत में लगी कील, जिसपर मिट्टी आदि का भार बांधा जाता है । पर्या०—खूँटी, गेंड़मेखा- पट०, गया०), गुल्ली ( पट० ), किल्ला (पट , द०-पू०)। [<क्षोड, मिला०—खुट्ट, खुट (प्रा०), मिला०—√कुठ (प्रतिघाते)—( म० व्यु० )।

खूँटा मानल— (वि०) वह मवेशी जो बिक्री के बाद दूसरे स्वामी के यहाँ जाने पर खाना छोड़ देता है ( शाहा० १, मग० ५, पट० ४, चपा०, सा०)। [खूँटा+मान+ल (वि० प्र०) ]

खूँटी—(स०)-(१)—नील, ऊख आदि की दूसरी फसल, जो पहली फसल के काट लेने पर उसी की जड़ से पुन उगती है। पर्या० दोंजी (द० पू०म०)। (२) ऊख काट लेने के बाद उसके मूल से निकला हुआ छोटा पौधा (अकुर), जो बाद में ऊख बन जाता है (गं० उ०, बिह०) । पर्या०—खुँटिया ( उ०-पू० म० ) पनपा ( बिह ), खूँटी ऊख रौ०)। (३) द०—खूँटा । (४) ऊख या किसी पौधे की जड़ या मूल ( गया, द० भाग० )। दे०—जड़। पर्या०—खुँटिया ।(५) छोटा खूँटा या कीला [खूँटा+ई (अल्पा० प्र०) <क्षोड, क्षुद्र । <खुएट (प्रा०)—नेपा० मिला०—कुठ (प्रतिघाते) (म० व्यु०) ]

खूँटी ऊख—(स० )—दे०—खूँटी ( रौ० )। [खूँटा+ऊख]

खूआ, खोआ—(स०) खलिहान में दौवन के लिए छोंटी हुई तयार फसल ( द० भाग० )। द०—पर। [<*क्षोयक<क्षुद्रक]

खूका—(सं०)—नारियल या ताड़ की आँठी के भीतर का बहुत ही मुलायम गूदा (शाहा० १) [देशी]

खूरा—(स०)—(१) वह आधार, जिसपर अन्नागार (कोठी) अवस्थित रहता है (पट०)। द०—गोड़ा। (२) (द० प०शाहा०) दे०—कन्आर । [<स्तक, <क्षोडक]

खेती भवानी—(सं०) फसल या तरकारी काटने के समय कोइरियों द्वारा पूजित एक देवी। [खेती+भवानी < *क्षेत्र+भवानी]

खेना—(सं०) दे०—अखना। [खेना < अखेना < *अक्षाणि। दे०—अखेना]

खेप—(सं०)-(१) बोझों के ढोने या किसी और काम का क्रम या पारी। (२)—(चपा०)। दे०—खुआ। [< *क्षेप < √क्षिप]

खेपान—(सं०) ऊख के रस का उतना परिमाण, जितना एक बार में उबाला जा सके (द०-पू० म०)। दे०—ताव। [खेपान < खेप (बिहा०) (=बार, क्रम) < *क्षेप < √क्षिप्]

खेरही—(सं०) एक कदन्न, जिसके चावल की खीर अच्छी बनती है। यह कोदो की जाति का है (मुं०-१)। पर्या०—खेंढी (कहीं-कहीं)। [देशी, मिला०—कोरदूष]

खेहा—(सं०)—(चपा० १)। दे०—खड़ा। [देशी]

खेवट—(सं०)—(१) किसी जमींदार के किसी गाँव में हिस्से की तहसील (सा०-१)। (२ यह कागज, जिसमें मालिक, मुकर्रीदार या पिरितदार के हक का इंदराज रहता है (सा०-१)। [खे+वट < खेत+वट < बाँट]

खेसरा—(सं०) वह कागज, जिस पर खेत का नम्बर और क्षेत्रफल लिखा रहता है। (सा० १, चपा०, मग० ५, पट० ४, म० २)। [खसर (अ०), खसरा (हिं०) खेसो (ने०)]

खेसारि—(सं०)-(दर० १)। दे०—खेसारी।

खेसारी—(सं०) एक प्रकार का दलहन, जो छोटा, किंतु तीन ओर से थोड़ा चिपटा, ऊपर से मटमैला और भीतर पीला होता है। (चपा० १, मग० ५, पट० ४ म० २, भाग० १)। पर्या०—लतरी (शाहा०), खेसारि (दर० १)। लोको०—सुकर तारा बल खेसारी, बाभन आम, कायथ काम। —मुसलमानों को ताड़ी बैलों को खेसारी, ब्राह्मणों को आम तथा कायस्थ को काम प्रिय होता है। [खेसारी < खजसारि, कृशर (हिं० न० सा) सम०—खे+सारी < खेत+सारी < *क्षेत्रशालि अथवा कशेरुक (क+शरुक) < क (=वायु या जल) +√शृ (हिंसायाम्) या √श्रा (पाके), अथवा √कश (शब्दे) या त्रिपुट होने के कारण, कृशानु (=आग=तीन)+पुट (?) खेसारी (हिं०), खेसारी (ब०), खेसारी (ओ०) खेसारि (ने०)]

खेस्टा—(सं०) बिना रजिस्ट्री की गई जमीन-संबंधी कागज। (चपा० १, मग०-१, म० २, पट० ४) [देशी, मिला०—खेस्रो (ने०)]

खेहा—(सं०)-(पट०) दे०—खेंढ़ा। [< खात, < कर्ष]

खैंचा—(सं०) बड़ा टोकरा। [खैंच+आ < खचित < √खच]

खैंची—(सं०)-(१) कोल्हू में ऊख के टुकड़े डालनेवाली टोकरी (शाहा०, पू० म०)। दे०—छँटी। (२) टोकरी। [खैंच+ई (प्र०) < खचित < √खच या √पच् (समवाय)]

खैर—(सं०)-(१) एक प्रसिद्ध कँटीला वृक्ष। यह खंभा आदि के काम में आता है। पर्या०—खैरा (चपा०)। (२) पान के साथ खाया जानेवाला कत्था। [खदिर (संस्कृ०) खदिर (पा०), खयिर (प्रा०), खैर (हिं०), खैर (बङ्ग०), खेर (अस०), खयेर (ब०), खइर (ओ०), खेरी (सिं०) खयर (ने०) खेर (गु ), खैर (मरा०), क्रिहिरि (सिंह०)]

खैरा—(सं०)-(१) धान में लगनेवाला एक कीड़ा, जिसके कारण बाल पीले रंग की हो जाती है तथा उसमें दाना नहीं होता (प०)। पर्या०—खैरी (उ० पू० म०)। [देशी, सम०—कत्थई वर्ण के कारण) < खैर < खादिर] (२) एक प्रकार का कँटीला वृक्ष। इसकी लकड़ी मजबूत होती है और खंभा आदि के काम में आती है (चपा० १)। दे०—खैर १। [खैर+आ (प्र०) < *खादिर, < *खदिरक]

खैरी—(सं०)—(उ०-पू० म०)। दे०—खैरा। [देशी, मिला०—खैरा]

खोंइचा—(सं०)-(पू० म०)। भुट्टे के ऊपर की परतदार पत्तियाँ। दे०—खोईया। [खोक्षिक < कोश, < कुचि या √कुच, √चोद्द (=फेंकना निकालना)]

खोंसरा—(सं०) मकई या धान में से दानों को निकालने के बाद बची हुई डाँठ (द०-म० शाहा०)

<√खुद, <*कुचित<√कुच्, <*खोटित <√खोट या <कोशिक <कोश]

खोखसा—(सं०) एक प्रकार का फल (बर० १)। [मिला०—खेखसा]

खोजड़ा—(स०) पाला या मारा आदि से ग्रस्त ज्वार, मकई, बाजड़ आदि की फसल (शाहा०)। दे०—मखियाएल। [देशी, मिला०—√खज् (मन्थ) √खज (गति वकल्ये)]

खोढ़ली—(स०)-(१) कोठी या दीवार के भीतर कुछ रखने के लिए बनाया गया छोटा सा खोखला भाग ताखा (चंपा० १)। (२) आम के बगीचे में आम रखने के लिए जमीन खोदकर और उसके ऊपर कुछ रखकर तथा उसे मिट्टी से ढककर बनाया गया गड्ढा। इसमें बगल की ओर मुंह रहता है। (चंपा० १)। पर्या०—खधुली (चंपा०) खोधिला (म०-२)। [खोढ़ल +ई (प्र०)<खोढर, खोढ़ल <कोटर] (?)]

खोधिला—(सं०) दे०—खोढ़ली २ (म० २)।

खोमरुआ—(स०) रतालू (शाहा० १)। दे०—खमहरुआ। [देशी]

खोमी—(सं०) एक पशु-खाद्य घास (द० पू० मं०, गया, चंपा०)। [देशी, मिला०—खुमा (=अलसी सन या नील) खुमा, खमा=एक प्रकार का अस्त्र)]

खोर—(सं०)-(१) इकट्ठा किये हुए अनाज की राशि (उ० पू० म०)। दे०—रास। [खोण= समूह (मो० वि० डि०)] (२) पानी का घेरा। बांध का घेरा। बंधा हुआ पानी (मु० १) (देशी, मिला०—खोड (देशी)=सीमा निर्धारक काष्ठ। खाड (सरक०)=खूंटा] (३)-(द० पू० म०)। दे०—खोरा। [मिला०—खोरा] (४ म्हां मयरो का मिट्टी का बड़ा बरतन (म० २)

खोरा—(स०)-(१) ऊख के उबाले हुए रस को रखने का बरतन (द० पू०)। दे०—मटुकी। (२) वह बरतन, जिसमें बालू से उग का रग चूरा है। पगा-न्नार (द० पू० म०), नाद (शाहा०), कुंडा (शाहा०, प० म०, पट०), छन्ना। (३) अन्न रखने के काम में आनेवाला एक प्रकार का मिट्टी का बड़ा बरतन (पट०, गया, द० मु०)। (४) गुड़ रखने का मिट्टी का बरतन, तौला, बड़ा बरतन (मु० १)। [मिला०—कुत्तू (चमड़े का बना तेल का पात्र), खोडी (देशी)=काष्ठ की पेटी (पा० स० म०)। खोण <खोणी। कूट या कुड=एक प्रकार का बरतन। खोल या खोलक (=पात्र)]

खोरा

खोरासानी जवाइन (स०) अजवायन की तरह का एक मसाला। [खोरासानी+जवाइन]

खोल—(स०)-(१) पानी पटाने के काम में आने वाले ढकुल के खम्भे की शाखाओं में किया हुआ छिद्र, जिसमें धुरी लटकती रहती है। (२) नाव में से पानी उपछने का एक बरतन (म० २)। (३) किसी वस्तु का ऊपरी आवरण। (४) ओढ़ने का मोटा कपड़ा। (५) दे०—अनपट। [√खुड, √खुल, <खोल, <खोलक]

खोलड़ी—(सं०)-(१) बीजकोष के ऊपर का छिलका (द० पू० शाहा०)। दे०—खोइया। (२) मंडुए के दानों को निकाल लेने के बाद बची हुई ऊपर की भूसा (द० प० शाहा०)। दे०—ढांटी। [खोल+डी<*खोल (सरक०)]

खोलसा—(स०) (म० द०-पू०)। दे०—अनपट, खोल। [खोल+सा <*खोल]

खोला-(स०)-(पू०)। दे० अनपट। [मिला०-खोल]

खोह—(स०) दौंवन के लिए खलिहान में छोटी हुई तयार फसल (चंपा, द०-पू० म०)। दे०—पोर। [<*खोट्य]

खोहिया—(सं०)-(१)-(गया)। दे०—खोइया। (२)—(पट०, गया पू०)। दे०—खोइया। (३) (म० प०)। दे०—खोइया। [<खोदित या खोद्य<√खुद]

खौरा—(स०)-(१) पशुओं के पर का एक रोग। इस रोग में खुर में घाव होकर उसमें कीड़े पड़ जाया करते हैं। इस रोग के होने पर पशुओं को जल में बांधा जाता है। जल से कीड़ों की मृत्यु हो जाती है। पर्या०—खउरा, खुरा। (२) कुत्तों का एक रोग। इसमें उनके सारे शरीर में घाव हो जाता है (चंपा०)। [खौर+आ, खौर<खुर]

गँड़सार—(सं०) ऊख रोपने के पहले बीज के रखने का गड्ढा (गया, भाग० १) दे० खाद। [गँड+सार गँड<गँडेरी (ऊख का छोटा टुकड़ा) <गड वा खड, सार<शाल<शाला अथवा गड<गर्त्त (संस्कृ०) गड (प्रा०) +सार<शाला]

गँड़सी—(सं०) चारा काटने का लोहे का बना हथियार, जिसमें छोटी, किन्तु कुछ भारी बेंट लगी रहती है (उ० प० म०)। दे०—गड़ासी। [गँड+सी <गंड वा खड+असि]

गँड़हर—(सं०) एक पशु खाद्य घास (शाहा०, गया, व० मु०)। पर्या०—गड़ार (व०-पू०), गड़हरुआ, गड़ेरी (उ०), गड़ियार (प०), गँडेर (गया), गँड़र (पट०)। [देशी, मिला०—गवेधु, गवेधुक (संस्कृ०)=तृणधान्य, गँडरा (हिं०) <गडाली]

गँड़ा—(सं०)—(१) चार गोइठे या अन्य किन्हीं चार वस्तुओं का समूह। (२) काले सूतों की एक प्रकार की माला (शाहा०) [गंडक]

गँड़ाढार—(सं०) ऊख की पहली सिंचाई (गया, व० प० शाहा०)। पर्या०—छँवका (शाहा०, छो०, भा०), पनगड़ा (पट०), अँधरी पटावन, अन्हरी पटावन (व० भाग०), पहिल पटावन (अन्यत्र)। [गडा+ढार, गंडा<कांड, ढार <ढाल (बिहा०), ढारना (हिं०) <√ध्वल (गतौ) (?)]

गँड़ारी—(सं०) (१) सींचने या बोने आदि की सुविधा के लिए खेतों में बने हुए जमीन के छोटे छोटे टुकड़े (पट०, व० पु०, भाग० १, मग० ५)। दे०—कियारी। (२) (गया, व० मु०)। दे०—आर। (३) पटाने के लिए खेत में बनी छोटी नाली (व० मु०)। [गर्त्त (संस्कृ०), गड (प्रा०), गंड, खड वा केदार]

गँड़ास—(सं०)—(म० २, चंपा०, भाग० १, पाज०)। दे०—गड़ासी।

गँड़ासा—(सं०)—(१)—(द० म०) दे०—गँड़ासी। (२) फरसे के आकार का एक अस्त्र।

गँड़ासी—(सं०) चारा काटने का लोहे का बना हथियार, जिसमें छोटी, किंतु भारी बेंट लगी रहती है (शाहा०, चंपा०)। पर्या०-गड़ासी (भाग० १)

गड़ासी

गँड़सी (उ० प० म०), गड़ाँसा (द० म०) गँड़ास म०-२, चंपा०, भाग० १)। [गँड+असी<गंड वा खड+असि]।

गँड़ुआ—(सं०) कुआँ बनाने या बगल की दीवार बाँधने में प्रयुक्त भट्ठी में पका मिट्टी का गोल पट्टा या इट (पट०, व० मु०)। दे०—खपड़ा। [गँड +उआ <गड वा खड]

गँड़ेर—(सं०)—(गया)। दे०—गँड़हर।

गँदौरा—(सं०) खाद, बुहारन (पू० सा०)। दे०—खादर। [गँद+औरा <गदा, खाद]

गधकटकी—(सं०) मिल की वह भट्ठी, जिसमें गंधक जलती है। इसके धुएँ से चीनी मिलों में चीनी साफ की जाती है। (हरि० री०, बिह०)। पर्या०—गधकभट्ठी। [गधक (हिं०, संस्कृ०)+टंकी<टैंक (अं०)]

गधकभट्ठी—(सं०) दे०—गधकटकी (री०)।

गधकी—(सं०) एक छोटी हरी मक्खी, जो धान के पौधे को हानि पहुँचाती है। (म० २, अन्यत्र भी) [गध+की <*गंध। *गधकीट]

गधया—(सं०) एक उड़नेवाला दुर्गंधयुक्त कीड़ा, जो फूल लगने से पहले ही ज्वार आदि फसल पर प्रहार करता है (पट०)। दे०—गाँधी। [<*गन्धिक]

गधी—(सं०) दे०—गाँधी।

गँभरी—(सं०) एक प्रकार का काला धान, जो बोने के दिन से केवल साठ दिनों में पक जाता है, इसका चावल लाल होता है (पू०, म० २)। इस धान के बाल बाहर नहीं निकलते, बल्कि पौधे में पत्तों के भीतर ही पक जाते हैं। दे०—साठी। [गभ+री <*गर्भ।

गँभरा—(सं०) ऊख की जड़ से निकलनेवाली शाखा, जिससे पौधे को हानि पहुँचती है (शाहा०)। दे०—दौंज। पर्या०—दौंजी (म० २, चंपा०)। [देशी, गोराद्य (?)]

गउ—(सं०) (चंपा०) दे०—गाय, गाए।

गउसाला—(सं०) दे०—गोशाला।

गगरा—(सं०) लोहे, पीतल या ताँबे का बना घड़ा जैसा पानी रखने का पात्र। दे०—गगरी, गागर।

गगरी—(सं०), (१) वह बरतन, जिसमें ऊख के रस

गजरमसर—(सं०) मटर, चना, जो और गेहूँ अथवा किन्हीं दो या तीन अन्नों का मिश्रण (शाहा०, शे०, भा०)। दे०—हरेरा। [गजर+मसर (अनु०), गजर+बजर (हि०)]

गजरा—(सं०) मूली की जाति का एक प्रकार का कन्द, जो खाने में मीठा होता है और कच्चा एवं पकाकर दोनों प्रकार से खाया जाता है। (चंपा०, शाहा० तथा अन्यत्र), पर्या०—गाजर (द० प० शाहा०)। [गाजर <गर्जर <गृञ्जन, मिला०—गजड़ा]

गजरौट—(सं०) पशुओं को खाने के लिए दिया जानेवाला गाजर का डंठल, पत्ता आदि (गया भाग० १)। दे०—गजरौटी। [गजर +औट< गर्जर]

गजरौटी—(सं०) दे०—गजरौट। [गजर +औटी< गर्जर]

गजाबजा—(सं०) दे०—गजरमसर। [गजा +बजा (अनु०) मिला०—गद्य पद्य (मिश्रित), गज्ज पज्ज (प्रा०)]

गजार—(सं०) खेत में पानी रहने पर जोतकर घास फूस सड़ाने की प्रक्रिया। दे०—गजर। [देशी, मिला० गंज]

गजार करल—(मुहा०) गजार करना। दे०—गजार [गजार+कर+ल (प्र०)]

गजारी—(सं०), (१) वह ऊख, जो मीठा नहीं लगता। दे०—चंडार। (२) छोटा आलू [गर्जारि (संस्कृ०)=एक प्रकार का केला या गाजर]

गजुर—(सं०) (१) भिगोये हुए अन्न में से निकला हुआ अंकुर। (२) भूमि पर उगा हुआ बीज का पहला अंकुर (द० भाग०)। दे०—डिभी पर्या०—गजुरा, गजूर (भाग० १)।

गजुरल—(क्रि०) अन्न में से अंकुर का निकलना। (वि०) अंकुरित। दे०—गजुर। [गजुर+ल (प्र०)<गजुर]

गजुरा—(सं०) (भाग० १)। दे०—गजुर।

गजूर—(सं०) (भाग० १)। दे०—गजुर।

गफड़ी—(सं०) एक जंगली झाड़, जो बाग आदि की मेंड़ों पर उगती है और जिसकी पत्तियाँ लाल बैगनी रंग की होती है। छोटी बघंडी। पर्या०—बघंडी (भाग० १, म० २, चंपा०, मग० ५)। [देशी, मिला०-गजा (हि०)<गञ्ज (संस्कृ०) =दूध, पानी आदि का बुलबुला]। टि०—गफड़ी या बघंडी के दूध या रस को निकाल कर उसे कुंडलाकार तण में लेकर फूंककर उसे बच्चे उड़ाते हैं और यह बुलबुला बनकर उड़ता है। इसका दातौन भी होता है।]

गट्ठा—(सं०) लकड़ी का बोझा (भाग० १)। [<*ग्रन्थिक]

गठकोबी—(सं०) एक तरकारी विशेष। गाँठदार गोभी (पट० १) पर्या०—कठकोबी (मग० ५), गेठकोबी (भाग० १)। [गठ+कोबी<गाँठ +गोभी]

गड़गड़—(सं०) मेघ की गड़गड़ ध्वनि। [अनु० मिला०, √गर्ज (अव्यक्ते शब्दे)]

गड़गड़ावल—(क्रि०) गड़गड़ की ध्वनि का होना। मेघ का उमड़ना।

गड़नी—(सं०), (१) नदी, नहर आदि में पानी को ऊपर उठाने के लिए जल प्रवाह के बीचो बीच इस पार से उस पार तक बाँधा गया बाँध (उ० प०)। दे०—बाँध। [देशी, मिला० —गाड़ना या गोड़ना, गेड़ना, मिला०—√गुरी उद्यमने=ऊपर उठाना)]। (२) एक पशु-खाद्य घास (उ० प०) [देशी, मिला०—गोंडर (हि०), गडाली (संस्कृ०)]

गड़हर—(सं०) एक प्रकार की घास, जो धान की फसल को हानि पहुँचाती है। (द०प०शाहा, म० २)। पर्या०—गड़ार (पू०म०), गोंड़र (प० म०, पट०), समार गड़ार (द० मुं०)। [देशी, मिला०—गन्धेधुक, गडाली]।

गड़हा—(सं०) गड्ढा, गहरा खत आदि। पर्या०—गड्ढा, गरहा, गहरा, गहरड (भाग० १), खदहा, खड्डा, डबरा। [गड्हा< *गर्त; < *कर्प]

गड़ही—(सं०) छोटा गड्हा।

गड़रा—(सं०), (१) चावल में लगनेवाला एक प्रकार का छोटा उजला कीड़ा (गया सा०,म०) दे०—गबड़ौरा। पर्या०—जलुआ (भाग० १)। (२) लकड़ी में लगनेवाला एक उजला कीड़ा, जो एक या सवा इंच का लंबा-मोटा होता है तथा इसका मुँह लाल-पीले रंग का होता है

(भाग० १) [देशी, मिला०—गडोलक=एक प्रकार का कीड़ा (मो० वि० डि०) (२) एक प्रकार की घास [मिला०—गवेधु, गडोल]

गड़हड़ो—(सं०) दुष्ट या मगोट जानवर का भागना रोकने के लिए उसके गले में बांधा गया लकड़ी का एक टुकड़ा। (द० भा०, भाग०-१) पर्या०—ठकड़ा, ठोकरा (चंपा०)। [गड +हडो<गलहडि=लकड़ी की शृंखला—(मो० वि० डि०)]

गड़हरुआ—(सं०) (उ०)। दे०—गँड़हर। [मिला०—गवेधुक, गडोल]

गड़हैया—(सं०) छोटा गड़हा (भाग० १) पर्या०—खधिया (म० २)। [गड़हा+एया (अल्पा० प्र०)<गर्त, गर्त]

गड़ार—(सं०)-(१) ऊख की जड़ में लगनेवाला एक कीड़ा (प०, चंपा०, मं० २) पर्या०-दियारा (भाग० १), दियार (चंपा०)। [मिला०—गंडोल+(क)] (२) एक प्रकार की घास, जो धान की फसल को हानि पहुँचाती है (पू०-म०, भाग० १)। दे०—गड़हर। (३) एकपशु-खाद्य घास (द०-पू०)। दे०—गँड़हर। [मिला०—गवेधुक, गडालि, गंडुत (संस्कृ०)]

गड़ारी—(सं०), (१) छत में बनाई गई छोटी छोटी धनारी (भाग० १)। (२) खंभ को दोरानियों के बीच पड़ी धुरी पर नाचनेवाली घिरनी (उ०-प०, द० सं०)। दे०—घड़ारी। [गड+आड़ी<*गंड (=पिण्ड खंड)+ आलि या आलि, गर्त+आलि]।

गड़ि—(सं०) बैलगाड़ी (चंपा०, म० २)। दे०—गाड़ी।

गड़िमान—(सं०) गाड़ी हाँकनेवाला। दे०—गाड़ीवान। [गाड़ि+मान]

गड़िमार—(सं०) एक पशुखाद्य घास (पट०) दे०—गँड़हर। [मिला०—गवेधुक, गंडालि, गंडुत (संस्कृ०)]

गड़ी—(सं०) बैलगाड़ी (भाग १, चंपा०)। दे०—गाड़ी। [गन्त्री (संस्कृ०), गड्डी (प्रा०), गड्डी (दे०), गड्डी (मरा०, गु०)]

गड़ी

गड़ी—(सं०) नारियल का गूदा [गरी]।

गड़ीवान—(सं०) गाड़ीवान [गाड़ी+वान <*गन्त्रीमत्]।

गड़ेरी—(सं०)—(१) एक पशुखाद्य घास (उ०)। दे०—गँड़हर। (२) भेड़ पालनेवाली एक जाति। [मिला०—गवेधुक, गंडालि, गडुत (संस्कृ०), गड्डलिका (=भेड़)]

गड़ोंड़ी—(सं०) घासजातीय एक पशुखाद्य घास (चंपा०, पट०)। दे०—घ [illegible]। [देशी, मिला०—गर्मुत्=एक प्रकार की घास (मो० वि० डि)]

गड़ोंओं (सं०)—(पट०, भाग०-५, प० ४)। दे०—कोठिला। [गड़+औओं (वि०-प्र०) गड़<गड (खाद्यान्न, घेरा)। गड+पूरा]

गढ़री—(सं०)—(उ० मं०)। दे०—गोरहरवा। [मिला०—गवेधुक, गडालि, गडुत (संस्कृ०)]।

गतान—(सं०)—१) बिना बांध के बोझ को बांधने के लिए घासों के समूह को ऐंठकर या बांस की करची को फाड़कर तथा ऐंठकर बनाई गई रस्सी (चंपा० १)। पर्या०—गात (शाहा०)। [गत+स्तान, ग+तान<√ग्रन्थी+तन्तु, गात्रतन्तु, ग्रन्थिताम, गात्रताम। गत (=बंधन)+तंतु या तार]

गतार—(सं०) पुर के नीचे का पतला या पताह (चंपा०, गया, भाग० ५)। दे०—[illegible]। [ग+तार, गात+तार, <गात्रतन्तु, [illegible]) मिला०—[illegible] (हिन्दी०) = [illegible], गत]।

गतौरा—(सं०) ऊख के बोझे को बांधनेवाली रस्सी (द० प० शाहा०)। दे०—[illegible] [गत+औरा, मिला०—गतान]

गत्ती—(सं०)—(द० भाग०)। दे०—गोरहोरी। [गत्ती]

गदर्पेहोआ—(सं०)—(पट०, गया) दे०—गदपुरना। [गद+पेहोआ <गदपूर्ण (?), मिला०—गदपुरना]]

गदविछोरा—(सं०)—(द० मुं०, भाग० १) दे०—गदपुरना—[गद+विछोरा, मिला—गदपुरना]

गदपुरना—(सं०) कमर, पाक आदि के [illegible]

में पदा होनेवाली पशु खाद्य घास, जो जमीन पर फली रहती ह। (शाहा०, चपा०) पर्या०—गधपुरना (प० मं०, चपा०) गदपेंडौआ (पट०, गया), गदपिडोडा (द० मुं०), पुरनवा (द० भाग०, भाग० १)। [गद+पुरना। गद<गदह (=रोगनाशक)। पुरना पुनर्नवा। गांद बन्ने पुरया (बं०), घेटुली, पयया (मरा०), साटोडी, (गु०), दुवेल्लडकिलु (क०), कम्मेदि (ते०), मूक्राचैकीरै (त०, अस्पत [फा०], पुनर्नवा [मं०)]

गद्रा—(सं०) [(१) भोजन के लिए काटा हुआ कच्चा अनाज (ग० उ०, म० २, मग० ५)। पर्या०—कच्चा (ग०उ०), गादा, गद्दा, गादर (द० मुं०, चंपा०), अँकुरी (द० भाग०,चपा०, भाग० १), कचरी (शाहा० पू०)। (२) आम का रस (चपा० १)। [देशी, मिला०—गर्ध्य,गर्ध<√गृध् (=चाहना), खाद्य, खद्य <√खद् (स्थर्य=स्थिरता प्राप्त करना, घना होना। दे०—गद्दा]

गदराइल—(क्रि०) (१) फल और अन्न के गुच्छे का पकना। इस समय उपयुक्त वस्तुएँ पुष्ट हो जाती ह (चपा०-१, म० २, मग० ५)। (२) मटर बूट आदि के पौधा में दानो का पुष्ट होना। आम आदि फल का पुष्ट होना। (३) मोटाना (चपा० १)। "गदराने तन गोरटी।'-बिहारी। (वि०) गदराई हुई वस्तु [गदरा+आइल (प्र०)<खद्य, खाद्य (?)]

गदराएल—(क्रि०) (१) छीमी में अन्न का होना। (२)—चने आदि के पौधों में लगी ढढ़ियों या छीमियों के अन्न का पुष्ट होना (मुं० १, चपा० मग० ५)। (वि०) गदराई हुई वस्तु। दे०—गदराइल। उदा०—गदराएल या गाभा भल या। [गदरा+आएल (प्र०)< खाद्य, खद्य<√खद्]

गद्री—(सं०) फसल का अधपका अन्न (चपा० १, म० २)।

गदहलोट—वि०) (१)-वह मिट्टी, जहाँ गदहे लोटते हों (शाहा० १, म० २)। (सं०)-गदहे का लोटना। [गदह+लोट]

गदहिया—(सं०)(१) एक कीडा विशेष (शाहा० १)। (२)-एक जाति विशेष (शाहा०-१)। गोआ (म० २)। (३)—(पू० म०, सा०) दे०— पर्या०—गन्ही [गदह+इया (प्र०) गदहा <गर्दभ, गर्दभो, "गर्दभी क्षुद्ररोगजन्तु विशेषयो —(मेदि०)]

गदहिया धान—(स०) एक प्रकार का धान, जो मोटा और मटमले रंग का होता ह (पट १)। [गदह+इया (प्र०)+धान<गदहा+धान]

गदही—(सं०) (१) उगते हुए दलहन के पौधों को नष्ट करनेवाला एक कीडा (उ०)। पर्या०—गदहिया (पू० सा०, म०)। (२) गदहे का स्त्रीलिंग। [*गर्दभी (संस्कृ०)=एक प्रकार का कीड़ा, जो गोबर में पैदा होता है—सुश्रु०, —मो० वि० डि० "रासभे गर्दभी क्षुद्ररोग-जन्तुविशेषयो"- (मेदि०)]

गदीना—(सं०), (१) लहसुन के स्वाद का एक साग। (२) एक छोटा सा सुगंधित पौधा, इससे दाल छौंकी जाती ह (पट० १)। [देशी]

गद्दर—(सं०) एक प्रकार का भदई धान, जो उजला, लाल तथा कुछ मोटा होता ह। इसका चावल लाल या सफेद होता है। यह भाद्र-आश्विन महीने में तयार हो जाता है (सा० १, चपा० १, म० २)। पर्या०—गद्दरि (दर० १) [देशी, मिला०-गृत्स (संस्कृ०) गद्दर् (मं०) =दलदल भूमि, पंकिल भूमि]

गद्दा—(स०) (१)—(द० प० शाहा०)। दे०— पड़ारी। (२) बल, घोड़े और हाथी आदि की पीठ पर रखा जानेवाला मोटा गद्दा। (३)— रुई या नारियल के रेशे आदि को भरकर बनाया गया मोटा बिस्तर। [<*गर्त्त=ऊँचा स्थान, युद्ध रथ में बठने का स्थान, गद्दी, गादी (हिं०, मं०), गादी (बं०), गादि (ओ०), गद्दी, गड्डी (पं०), गड्डा (ल०) =एक पाँजा घास, गटा (सिं०), गादी (मरा०, गु०)

गद्दा, गादा—(स०) भोजन के लिए काटा हुआ कच्चा अनाज (द० मुं०, मग० ५, म० २, चंपा०)। दे० -गद्दा। [<*खद्य<√खद्— "स्थैर्य=स्थिरता प्राप्त करना, घना होना,

मिला०—गल्वास्र्क (संस्कृ०)=स्फटिक का बना एक लघुपात्र, जिससे तरल पदार्थ पीया जाता था-(मो० वि० डि०), गम+ला<गुल्म+ल (प्र०), गुल्मक=झाड़ीदार, झाडीवाला, गम<ग्मा (पृथ्वी, मिट्टी)+आलु(=कठौती?)]

गमहारि—(सं०) एक प्रकार का पौधा। पर्या०-गम्हार (चंपा०)। [मिला०—गम्भारी]

गम्हडल—(क्रि०) धान आदि के पौधा का फूटने लगना [<*गर्भ<√गृभ्=√ग्रह (उपादाने=ग्रहण करना), <गह्वर]

गम्हड़ा भेल—(मुहा०) फसल में बाल फूटने लगना (द० प० के अतिरिक्त म०)। दे०—गभा भेल। [गम्हड़ा+भेल, गम्हड़ा<गर्भ, भेल<√भू]

गम्हड़ी—(सं०) फूटनेवाले धान आदि के पौधे। [गम्हड़+ई<*गर्भ, <*गर्भिन्]

गम्हरी, गँभरी—(सं०) (१) एक प्रकार का काला धान, जो बोने के दिन से साठ दिनों में पक जाता है (पू० म० २)। दे०—साठी। (२) अधिक पानी होने पर फसल में लगा एक रोग [<*गर्भ, <*गह्वर]

गरँड़ी—(सं०) पानी को खेत की सतह तक ऊपर चढ़ाने के लिए नदी-नहर आदि के जलप्रवाह के बीचोंबीच इस पार से उस पार तक बाँधा गया बाँध (द० मु०)। दे०-बाँध। [मिला०-गरोंडी]

गर—(सं०)—(१) काम में बैठ जानेवाला बैल (शाहा०, गया)। दे०-पड़आ। [देशी, मिला०—गड<गड़ना<गर्त्त] (२) खुरपी से खेत में उगी हुई घास को अलग करना। (*) निकौनी करके खेत से निकाली हुई घास-फूस। गरदेल, (भाग०-१, द० मु०) गर निकालल (मुहा०)=गरदेल) [उद्+गिर<√गृ=निकालना, वमन करना]

गरइ—(सं०)—एक प्रकार की मछली (सवत्र)। [<*गरघ्नी गटक (संस्कृ०), गरई (हिं०), गरई माछ (बँ०)]

गरकी—(सं०)-(१) बाढ़ या अधिक पानी हो जाने के कारण की गई भूमि कर की मुक्ति। दे०-माफ। (२) खेत के मालिक या जमींदार और बटाईदार या किसान के बीच मूल्य-निर्धारण के द्वारा उपज के बँटवारा करने की दशा में अन्न की कम उत्पत्ति होने पर उसके पूरक (भत्ता) के रूपमें किसान या बटाईदारको दिया जानेवाला अनाज का अतिरिक्त अंश। (ग० द०, चंपा०)। दे०—छूट। [गरक+ई (प्र०)<गर्क (अ०)=मग्न, डूबा हुआ, मिला०—गर या गीर्ण (संस्कृ०)<√गृ]

गरकी परती—(सं०) खेत के मालिक या जमींदार और बटाईदार या किसान के बीच मूल्य निर्धारण के द्वारा उपज के बँटवारा करने की दशा में अन्न की कम उत्पत्ति के लिए पूरक (भत्ता) के रूप में किसान या बटाईदार को को दिया जानेवाला अतिरिक्त अंश (द०मु०)। दे०—छूट। [गरकी+परती, मिला०—गरकी]

गरगही—(सं०) वह रस्सी, जिसे पशुओं की गरदन में लपेटा जाता है। [गर+गही, गर<, गल, गही√ग्रह <√ग्रह्]

गरदनी—(सं०) बैलों की गरदन के चारों ओर बाँधी जानेवाली गोल रस्सी। (चंपा०, म०, भाग० १)। दे०—गरदाँव। [गर+दन+ई<गरदन(हिं०)<गल (संस्कृ०)]

गरदनी

गरदाँव—(सं०) बैलों की गरदन के चारों ओर बाँधी जानेवाली गोल रस्सी (प०, द० मु० भाग० (१)। पर्या०-गरदनी (चंपा०, प० म०) गरौंधा (पट०), गरदाम (चंपा० १)। [गर+दाँव<गर+दाम <*गल+दाम]

गरदान—(सं०) (चंपा०)। दे०—गरदाँव।

गरदानी-(सं०)(१)-कोल्हू के बैल की गरदन के चारों ओर की रस्सी, जो पगहा और कड़ी से संबंधित रहती है (चंपा०)। दे० गरदावनी। (२) बैल की गरदन के चारों ओर बाँधी जाने वाली रस्सी। [गर+ दानी<गल+दामन् या ∠गरदन (हिं०)]

गरदाम—(सं०) गरदानी। मवेशियों के गले में बाँधी जानेवाली रस्सी। दे०—गरदाँव। [गर+दाम<गरदाम <*गलदाम]

गरदामी—(स०)-(उ० पू० मं०)। दे०—गरदावनी। [ गर+दामी< *गल+दाम]

गरदावनी—(स०) कोल्हू के बैल की गरदन के चारों ओर बँधी हुई रस्सी,जो पगहा और कड़ी से संबंधित रहती है। पर्या०—गरदामी (उ० पू० म०) गरदानी (चपा०)। [गर+दावनी <गलदाम, गलदामन ]

गरदेल—(मुहा०) खेत में उगी हुई घास को खुरपी से निकालकर अलग करना। दे०—गर।

गरनिकालल—(मुहा०) (बर०-१)। दे०—गरदेल [गर+निकालल]

गरहर—(स०) दुष्ट या भगोड़े जानवर को भागने से रोकने के लिए उसके गले में बाँधा गया लकड़ी का एक टुकड़ा या पट्टा (ब० भाग०, भाग (१)। दे०—ठेकर। [गर+हर। गर< गल। हर (प्र०) वा< √हृ ]

गरहरुआ—(सं०) एक प्रकार की घास (चंपा १) [मिला०-गवेघुक गरहेड़ुआ (हि०) (बिहा०)]

गरहा—(स०) दे०—गड़हा।

गरही—(स०) छोटा गड़हा।

गरही खरचा—(स०) (द० मु०)। दे०—गाई खरच [गरही+खरचा (देशी< गड्ढी< गड्ढा < *गर्त्त, खरचा (< खर्च (फा०)]

गरोंडी—(स०) पानी को खेत की सतह तक ऊपर उठाने के लिए नदी, नहर आदि के जल प्रवाह के बीचोंबीच इस पार से उस पार तक बाँधा गया बाँध (उ० प०, पट०, गया)। दे०—बाँध। गर+औंडी< गंड (=चिह्न चिह्नित)+औंडी< आड, आर]

गरियर—(वि०) काम में बैठ जानेवाला बैल (ब० प० शाहा०) दे०—परुआ। (गर+इयर <गर<गड़ना, मिला०-गर, गरियार (भाज०)

गरियार--( स० ) वह बैल, जिसका रंग मटमैला हो।

गरौंधन—(स०) पाड़ा या किसी दूसरे मवेशी के के गले में बाँधी जानेवाली रस्सी। पर्या० गरदाँव, गरऔंधा (शाहा०) गरदम (उ० पू० मं०)। [गर+औंधन< गल [illegible]]

गरौंधा—(सं०) बैलों की बाँधी जानेवाली गोल रस्सी (पट०। दे०—गरदाँव। [गर+औंधा< *गलदाम, दामन]

गलइया मसीन—(स०) वह मशीन, जिसमें खराब तथा गदी चीनी को गलाकर पुन स्वच्छ चीनी बनाने का काम होता है (रो)। [गलवया (बिहा०)+मसीन< मेशीन (अं०)

गलल-(वि०) वर्षा के कारण आहत या गला हुआ जूट अथवा कोई दूसरा अनाज (सा०) दे०—मराइल। (क्रि०) (१) पानी में किसी वस्तु का सड़ना। (२) लोहे आदि पदार्थ का पिघलना। [गल+ल (प्र०) <गरण, गलन < √गृ, < *गलति—मिला० गालयति (संस्क०) गलति (पा०) गलई (प्रा०), गल्हुन (कश्म०) गल्नु (नें०),गलुणों (कुमा०), गलिवा (असा०) गला (बं०) गालिबा (ओ०)=किसी छेद से निकालना। गलना (हिं०), गलणा (पं०), गलणु (सिं०) गलनु (गु०) मिला०—गालणु (ल०), गालणी (मरा०)—< *गालयति (संस्कृ०)। यह रूप गलति (संस्क०) से भिन्न है। गलति (पा०) गडिवा (असा०)=पानी की तरह गिरना, गला (बं०)=चूना गड़णु (सिं०), जलवुँ ( गु० ), गलणे ( मरा० ), गलनु (सिंह०)—(नेपा०)

गलावल—(क्रि०) गलल क्रि० का प्र०। खेत की मिट्टी का ढोंका तोड़कर पानी में गलाना। लोहे आदि धातुओं का पिघलाना। [ गल+आवल (प्र०) < गल <गलल < गालि< √गल+ णिच् गालयति ( संस्क० ), गाले गलावेइ (प्रा )गलाना (हि०)गलाउनु, गाल्नु (नें०), गालान (बं०), गालणु ( ल० ), गारणु (सिं०), गालवु (गु०), गालणे (मरा०) ]

गल्ला-(सं०) (१) खलिहान में इकट्ठा किया हुआ, फसल के बोझों का ढेर (उ० प० बिहा०, म० २)। दे०—गाँज। (२) धनसंपत्ति, अनाज। [गल्ला(अ०)]

गल्ला

गवँई—(वि०) गाँव का। [गवँ+ई (प्र०) गाँव< *ग्राम]

गवत-(स०)-(१) मवेशियों का खाद्य-पदार्थ, घास, पुआल आदि(चपा० १, शाहा०)। (२) बथान में एक साथ बाँधकर पशुओं के खाने के लिए दिया जानेवाला चारा (गं० उ०)। पर्या०—लेहना (शाहा०, चपा०), गौत (गया), गौतहा (पट०)। [गव+त<*गवाद <*गवाद्य, गौत, गवत, चारा (हिं०), चारो (ने०), गोअत्त (दे० प्रा०), गवत (मरा०), दे०—चारा, चरी (बिहा०)]

गवतचोर—(स०) घास खानेवाला पशु (द० प० म०, चपा० १)। दे०—निखोराह। [गवत+चोर<गव+त+चोर<*गवाद+चोर]

गवा—(स०)—(१) धान की रोपनी शुरू करने के दिन कृषक द्वारा अपने पड़ोसियों को दिया जानेवाला भोज। पर्या०—गाथा, गध (चपा०), पहिरोपा (पट० -४)। (२) धान के बीज का उतना परिमाण, जितना एक बार में रोपा जाता है। [देशी]

गवातेल—(मुहा०) पहले दिन धान का रोपना (चपा०)।

गवैंयाँ खरच—(स०) जमादारों के विषय में होनेवाला एक प्रकार का खर्च (म०)। दे०-गाढ़ खरच। [गवैंयाँ+खरच (देशी)। <गवैंयाँ< ग्राम+खरच<खर्च (फा०)]

गसबन कब्जा—(स०) बिना अधिकारी हुए भी जमीन पर किया गया अधिकार (सा०१, चपा०)। [गसबन+कब्जा]

गहरा—(सं०)—(१) उपजाऊ और सामान्य मिट्टी। दे०—बरियार। (२) गड्ढा, गहरा। [गम्भीर]

गहींड़—(वि०) गहरा (दर०-१)। [गम्भीर]

गहुँ—(स०)—(चपा०)। दे०—गहुम।

गहुम—(सं०) एक प्रसिद्ध खेती अनाज जो श्वेत रक्त वर्ण का होता है तथा जिसका आटा खाया जाता है (पू० विहा०)। पर्या०—गहु, गहूँ (चपा०)। दे०—गहूँ। [गोधूम (संस्०) >गोहुमो (प्रा०) >गेहूँ (हिं०)। गम (बं०), गहूँ (मरा०), घउँ, घेऊँ (गु०), गोधी, गोधि, गोदी (कन्न०), गोदुमु, गोधुमु, गोदुमलु (ते०), गोधुम, गुहुम (सता०), गहुँ (न०), गोयम (सिंह०), गंदुम (फा०), हिन्ता, हिताह (अर०)]

गहुमन—(सं०)—(१) पीले (गेहुँए) वर्ण का पशु। दे०—पीअर। (२) एक प्रसिद्ध साँप। [गहुम+न<गहुम<गोधूम+वर्ण]

गहुमा—(स०)—(१) रोपा जानेवाला एक प्रकार का लाल मोटा चिपटा धान (उ० पू० म०, सा०-१, दर०-१)। (२) एक प्रकार का भदई अनाज,जो उजला या लाल एवं गोल और अन्त पर चिपटा होता है। इसका आटा या भूजा खाया जाता है। इसका पौधा लंबा होता है और उसपर अधखिला कमल जैसा अन्न का गुच्छा लगता है (द० भाग०)। दे०—जनेर। (३) ज्वार की जाति का एक अनाज, जो छोटे दाने तथा मटमैले रंग का होता है (द० भाग०)। दे०-बजड़ा। [गहुम+आ (प्र०) <*गोधूमक]

गाँज—(१) खलिहान में इकट्ठा किये हुये फसल के बोझों का ढेर (राशि)। पर्या०—टाल (ग० उ०, शाहा०, बिहा०), गल्ला (उ०-प० बिहा०), ढेरी (गया), थांट, थाँटा (चपा०, पू०), सम्हार (द० पू० मं०)। (२) खलिहान में अथवा कहीं अन्यत्र भी रखी हुई खेसारी या पुआल की राशि। (३) चारे के लिए काटे गये जनेरे के डंठल की राशि (प०)। पर्या०—टाल (पू०), सम्हार, थांट (द०-पू० म०)। (४) खेसारी की फसल की राशि (पट०-१)। [मिला०—गञ्ज (मो०वि०इ०)]

गाँज

गाँजल (क्रि०)—गाँजना, इकट्ठा करना। [गाँज+ल<*गञ्ज (संस्०) (?), गंजन(प्रा०) गजिउ (अप०), गाँजना (हिं०), गाँजिवुँ (गु०) गाँजले (मरा०)]

गाँजा—(स०)—(१) एक प्रकार की मादक वस्तु, जो चिलम में चढ़ाकर तथा सुलगा कर पी जाती है। यह वस्तु नेपाल या राजशाही में अधिक पैदा की जाती है। इसी की जाति की भाँग भी है, जो जंगल में स्वयं होती है। (२) गाँजे

का पौधा। [देशी, मिला०—गञ्ज (सस्क०) =एक प्रकार का पौधा। गञ्ज्‍ञा (स्त्री०)= झाड़ी, मदिरालय। गंज (प्रा०), गाँजा (हि०, मे०, अस०, ने०), गजा (प्रो०), गाँजी (सि०) गाँजो (गु०), गाँजा (मरा०)]

गाँझी—(स०) एक प्रकार की लता (दर० १)। [मिला०—गञ्ज (सस्क०)=एक प्रकार का पौधा]

गाँठ—(स०)—(१) ऊख लकडी आदि का बोझा। (२) शरीर के दो पोरो को पृथक पृथक करनेवाली ग्रथि (सा० १)। (३) किसी वस्तु को बाँधकर बनाया गया बड़ा बडल। (४) कपडे और रस्सी आदि में लगाई गई ग्रथि। (५) ऊख, बाँस आदि के पोरो की ग्रथि (म० २, पट० ४, चपा०, भाग० १, मग० ५)। गाँठदेवल, गाँठ पारल (मुहा०) =गाँठ बाँधना। किसी बात या घटना को याद रखना। [ग्रंथि ग्रथ (संस्कृ०)<गट्ठ (प्रा०), गाँठ (हि०), गाँठि, गोंठि (ने०)]

गाँठदेवल (मुहा०)—गाँठ देना। किसी वस्तु या घटना को याद रखना।

गाँठपारल—(मुहा०) दे०—गाँठ, गाँठ देवल।

गाँडर—(सं०)-(१) एक प्रकार की घास, जो धान की फसल का हानि पहुँचाती है (प० म०, पट० मग० ५)। दे०—गड़हर। (२) एक पशु-खाद्य घास। दे०—गँडहर। [देशी, मिला०—गंधेशुक (सस्क०)]

गाँधी—(स०) एक उड़नेवाला दुर्गधयुक्त कीडा, जो बाल में फूल होने के पहले ही ज्वार आदि अनाज पर प्रहार करता है। पर्या०—गोंधी, गँधवा (प०, मग० ५), मौंछी (उ०), गन्हवा (चपा०), किरौना (द० प० शाहा०), भेमरा (द० मुं०)। [<*गंधिक्‌ <*गंधिन्‌ (संस्कृ०), गाँधील (मरा०)]

गाँव—(स०) ग्राम, बस्ती। [<*ग्राम (संस्कृ०) गाम (पा०, प्रा०), गाँव (रोमा०), गाम (दरदी), गाँव (हि०) गाउँ (ने०), गाउँ (कुमा०) गाम (कश्म०), गाउँ (असा०), गाँ गाँव, गाव (बं० ओ०), गम, (सिंह०), ग्राम (काफि०)]

गाँव के ठाकुर—(स०) गाँव का स्वामी, जमींदार (द० प० शाहा०)। दे०—जिमिंदार। [गाँव के+ठाकुर (यो०)]

गाँव के खरच—(स०) जमींदारी के विषय में होनेवाला एक प्रकार का खर्च। दे०—गाईं खरच। [गाँव+के+खरच (यो०)]

गाँवघर—(सं०) पास-पड़ोस। [गाँव+घर< ग्राम+गृह]

गाँसी—(स०) फाल को गिरने से बचाने के लिए कदमार के बदले हल की मोथ और फाल के बीच में ठोकी गई पचड़ी। [देशी, मिला०—गाँसना (हि०)= पेवंद लगाना। गाँस्‌नु, गसिनु (ने०)= पेवंद लगाना, जोड़ना। गाँस (मे०) =पेवंद, जोड़]

गाईं—(सं०) गाँव।

गाईं खरच—(स०) जमींदारी के विषय में होने वाला एक प्रकार का खर्च। पर्या०—गाँव के खरच, गवैयाँ खरच (म०), स लीना खरच (द० प०-म०), देही खरचा (गया, पू०-म०), पखराजात (पट०), चन्दखरच (द० भाग०)। [गाईं+खरच, गाईं < गाँव < ग्राम, खरच <खर्च (फा०)]

गागर—(स०) दे०—गगरी।

गागर नीमो—(सं०) दे०-घघरा लेंबो, गागल।

गागल—(स०)-एक प्रकार का बड़ा नींबू जिसका छिलका मोटा होता है (दर० १, चपा १, म० २)। पर्या०—गागल नीमो (चपा०, शाहा०)। [देशी]

गागल नीमो (सं०)—(चपा०, शाहा०)। दे — गागल।

गाछ—(सं०)-(१)मूग या किसी दलहन का डंठल, जिसे दौनी करके भूसा बनाया जाता है (द० प० म०)। दे०—भोंगरा। २-अरहर या दूसर दलहनों का अकुर या डठल (उ० पू०)। दे०—बिरवी। (३) आम, कटहल आदि वृक्षों का पुञ्ज। [<*गच्छ (संस्क०), गच्छ (पा०), गाछ (हि०) गच्छा (तिना०-दरदी) गाछ (बं०), गस (सिंह०), गाछ (न०)]

गाछी—(सं०)-(१) वह स्थान, जहाँ आम, अमरूद, कटहल आदि के पेड़ लगाए गये हों। दे०—

बगैचा। (२) (म०)। दे०—आम के बगैचा। (३) बीज की क्यारी (बिहार) से रोपने के लिए उखाड़ा गया बीजों का पौधा। दे०—बीया। (४) भूमि पर उगा हुआ पहला अंकुर (उ० पू० म०, म० २)। दे०—डिम्मी। [गाछ+ई (अल्पा० प्र०) < *गच्छ]

गाजड़—(सं०) मूली की जाति का एक प्रकार का मीठा कन्द, जो कच्चा और पकाकर, दोनों प्रकार से खाया जाता है (द०-प० शाहा०, म०, मग० ५)। दे०—गजड़ा। [< *गर्जर]

गाजर—(सं०)—(१) एक प्रकार की कपास, जो घर के पास बारी में उपजती है, न कि खेत में (उ०-पू० म०, शाहा०)। (२) दे०—गजड़ा, गाजड़, गजरा। [मिला०—गर्जर]

गाड़ल—(क्रि०) गाड़ना। [गाड+ल (प्र०) <गाड़<*गर्त्त (सस्कृ०), गड्ड, गड (प्रा०)=छेद, गड्ढा। गाडना (हिं०), गाड नु (ने०), गाड़ा (बं०), गाड (ओ०)=गड्ढा, गड्डुआ (प०)=कोना गड्टणु (ल०), गाडवुँ (गु०), गाडणे (मरा०)]

गाड़ा—(सं०)—(१) ऊख रोपने के पहले बीज रखने का गड्ढा (शाहा०)। दे०—खाद। (२) पशुओं का एक रोग। इस रोग के कारण पशुओं के सींगों की जड़ में कोंपड़ निकलने लगती है (सा० १, म० २)। पर्या०—परत, कोंपड़। [गाडा, गड्ढा< गर्त्त या कर्ष] (३) बैलगाड़ी (प०, चपा० १)। [गाड+आ<गड्डा <*गान्त्र, गन्त्री]

गाड़ी—(सं०) गाड़ी, बैलगाड़ी। पर्या०—गड़ी, गाड़ा=बड़ी गाड़ी, गरी। [गाडी< *गान्त, गन्त्री (सस्कृ०), गड्डी (देशी प्रा०) गोडा (कश्मी०), गाडी (हिं०, बं, ओ०), गड्डु, गड्डी (प०), गड्ढु (ल०), गाड़ी (सिं०), गाडी (मरा०, गु०)। टर्नर के अनुसार 'गाड़ी का सम्बन्ध< *गर्त्त (ऊँचा स्थान) से नहीं है, बल्कि< *गड्डु (=गाड़ना) से है।'—(नेपा०)। किंतु गाड़ी की व्युत्पत्ति< गन्त्र, गन्त्री या गन्त्रिका या से भी सम्भव है। दे०—गन्त्री=गाड़ी—हय, अमर०]

गाढ—(सं०) घनी बोआई। दे०—घन। (वि०) गाढ़ी वस्तु। [गाढ़]

गाढ़ा—(सं०)—(१) दे०—घन। (२) घना, गाढा। [गाढ]

गात—(सं०) एक प्रकार की घास की रस्सी, जो बोझा बाँधने के काम में आती है (शाहा०)। दे०—गतान। [दे०—गतान]

गाता—(सं०)—(१) (द० मुं०)। दे०—गैंता। (२) ताड के लंबे बल्ले या किसी दूसरी लंबी भारी वस्तु को दूसरी जगह पर ले जाने के लिए उसमें बँधी रस्सी के साथ लगाया गया बाँस का टुकड़ा। [देशी, मिला०—खनित्रक* >खन्ता, खई ता>गैंता>गाता]

गाद—(सं०) नीची जमीन (द० मुं०)। [गर्त्त, खात]

गाद, गादा—(सं०)—(१) मटर की अधपकी छीमी। (२) अधपके मटर की बनी दाल। (३) किसी तरल वस्तु की निचली सतह में बैठा हुआ मोटा अंश। [<*खाद्य (?)]

गादर—(सं०) भोजन के लिए काटा हुआ कच्चा अनाज (द० मुं०, चंपा०)। दे०—गदरा। [गाद+र <* खाद्य (?)]

गादा, गद्दा—(सं०)-(१) दे०—गदरा। (२) (क) मटर की अधपकी छीमी। (ख) अधपके मटर की बनी दाल (शाहा०)। (३) पटुए और सन के ऊपर का हरा पत्ता। [<*खाद्य]

गादा, गाद—(सं०) दे०—गाद, गादा।

गादुर—(सं०) चना और मटर में लगनेवाला एक कीड़ा (द० प० शाहा०)। [देशी]

गाभा—(सं०) (चपा०, म० २)। दे०—गम्भा।

गाभिन—(वि०) गर्भिणी गाय आदि। [गाभ+इन< *गर्भिणी< गर्भ, गब्भिनी (पा०), गब्भिणी (प्रा०), गाभिन (हिं०), गाभिनि (ने०), गर्भिनि (असम०), रतना (रोम०), गाभिण (कुमा०), गाभिनि (अस०), गाभिन (बं०), गब्भण (प०), गब्भन (ल०), गभिणी (सिं०), गाभण (मरा०, गु०)]

गाय—(सं०) दूध देनेवाली, सींग पूँछ और सास्ना (गलकबल) से युक्त एक मादा मवेशी, गौ।

बैल का स्त्री० । पर्या०—गउ, गोरू (चपा०), गगा । [< *गो (सांख्य), गउ, गौ (पा०, प्रा०), गाय, गौ, गउ (हिं०), गौ, गउ (प०), गौं (ल०), गऊँ (सिं०), गो (मरा०, गु०) ] महर्षि पतंजलि के अनुसार 'गो' शब्द के बहुत से अपभ्रंश रूप हैं यथा—गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका आदि ]

गाय गोरू—(स०) भंस को छोड शेष सींगवाले पालतू पशु । दे०—गोरू । [गाय+गोरू (अनुवा०) < गो ]

गार—(स०) जमीन की वह ऊंचाई, जहाँ तक करीन आदि से पानी नीचे से ऊपर की ओर उठाया जाता है (उ०-प० म०) । दे०—बोवर । [देशी ]

गावा—(सं०)-(१) दे०—गवा । (२) एक बार में रोपे जानेवाले धान के पौधों का समूह (चंपा० १) । [देशी, मिला०—ग्राम (=गाँव, समूह), गर्भ ]

गावा पखार—(सं०) रोपनी समाप्त होने पर गृहस्थ के घर पर मजदूरिनों द्वारा किया जाने वाला एक उत्सव जिसमें गृहस्थ के शरीर पर मजदूरिनें कीचड़ उछालती हैं और द्वार पर पहले से रखे हुए, उलटी टोकरी पर जलपूर्ण कलश की, गीत गाती हुई, प्रदक्षिणा करती हैं और अंत में घर की मालकिनों द्वारा दिये हुए सिन्दूर और तेल लगाती हैं एवं भींगे हुए चने की अँकुरी या प्रसाद लेकर घर जाती हैं (चपा०, म० २) । [गावा+पखार । दे०—गावा, पखार < पखारल < *प्रक्षाल ]

गाविस—(सं०) एक तरह की मिट्टी । कुम्हार इसे बरतन रँगने के काम में लाते हैं (चंपा० १, मं० २) । [देशी, मिला०—कपिश]

गाही—(स०) पाँच वस्तुओं की एक इकाई (चपा०, मग० ५ मं०-२, भाग० १, पट० ४, शाब०) । [देशी, मंम० < *गाथा या *गाथिन् ]

गिड़ायल—(क्रि०) ऊख के पौधे में ग्रंथि का लगना (प० म०) । दे०—पोर । [गिड़ायल < गिरहानल < *ग्रंथि ]

गिरई—(सं०) किसीसे रुपये लेकर उसके बदले में उसके पास जमीन, गहने आदि रखना (गाहा०) । दे०—गिरवी, रेहा । [ गिरवी ]

गिरथ—(स०) दे०—गिरहथ ।

गिरदा—(स०)-(पट०) । दे०—खपड़ा ।

गिरदाँव—(सं०)-(मग० ५) । दे०—घरगवनी ।

गिरल—(क्रि )-(१) हवा या किसी और कारण से फसल अथवा आम आदि फलों का जमीन पर गिरना । (२) किसी ऊँची जगह से किसी वस्तु अथवा व्यक्ति का गिरना । (वि०) हवा के कारण भूमि पर गिरी हुई फसल, फल आदि । पर्या०—खसल । [ गिर+ल (प्र०) < गिर, गिरना (हिं०) (संम०) < √गृ (=गिरति), टर्नर महोदय के अनुसार (१) गिर्नु (ने०), गिरणों (कुमा०), गिरना ( हिं० ), गिड़ना, गिड़ाउना (प०) और वर्ण-व्यत्यय से साथ डिग्णा (प०), डिग्ना (हिं०) < *गिड्ड, (२) गडति (संस्कृ०), गलति (पा०) = गिरता है । गन्निा ( असo ), गड्प ( सिं० ) और संभ० गन्ना (हिं०) भी ( यदि < *गड्ड नहीं माना जाय) और गड्वुँ (गु०), गडणी ( मरा० ) (३) गलति (संस्कृ०) गिरता है, गलई ( प्रा ) गलिबा (प्रो०), गलना, (हिं०), गलणा (पं०), गलवुँ (गु०), गलणे (मरा०) ये रूप बोले (भारोप० या श्रुति से मिलते-जुलते हैं )

गिरस्त—( स० ) दे०—गिरहथ ।

गिरह—(सं०)—(मग० ५) । दे०—गिरे ।

गिरहथ—( सं० ) गृहस्थ, जमीन का मालिक (दर० १, चपा०, मं० २, मग० ५ ) । पर्या०—गिरथ, गिरस्त, गिरहस्त, गिरहथिन (स्त्री०) । [गिरह+थ, गिर+हथ < गृहस्थ]

गिरहथिन-(स०) गिरहथ की स्त्री । दे०-गिरहथ ।

गिरहस्त—(स०)—दे०—गिरहथ ।

गिराअल—( क्रि० ) गिरल क्रि० का प्र० । गिराना । [गिर+आनल (प्र०) < गिरल, दे०—गिरल ]

गिरे, गिरह—( स० )—(१) ऊख की ग्रंथि या गांठ । (२)-घास आदि तृण पौधों की गाँठ । दे०—पोर । [ गिरे < गिरह < *ग्रन्थि ]

गिरेह, गिरे—(सं०) । दे०-गिरे या पोर ।

गिलवाकी—( सं० ) कटी हुई भूमि और कुएँ की गहराई को मापने के लिए प्रयुक्त एक हाथ का परिमाण (द०-पू० मग०-५) । दे०—उरहा । [फा०]

गिलंदाजी मिट्टी—(सं०) सिचाई के समय खेत की मेंडो पर दी गई मिटटी।

गींगट—( स० )—( द०-पू० )। दे०-ककड। [ दे०-कंकड ]

गुंजेरा—(स०) एक प्रकार की घास, जिसे पशु खाते हैं (द० प० शाहा०)। [ देशी ]

गुंड—(स०) दलहन की कटी फसल का एक निश्चित परिमाण (बडल), अँटिया-(पट०)। [मिला०-गुड, गुठ वा गुड =गोलक, पुलिदा]

गुँडा—( सं० )—(१)चावल छाँटने पर उससे निकली महीन भूसी, जो गाय, बल आदि का पुष्ट भोजन है(मु० १ अन्यत्र भी)।(२)-चावल, आदि मकई के भूँजे को चूरकर बनाया गया चूर्ण। 'गुडा खाय, मुसडा होय।'=गुडा(भूसा आदि या कदम)खायऔर मोटा ताजा हो जाय। [ कुट्, गुटक=धूलिचूर्ण (मो० वि० डि०) ]

गुंडा—(स०) दे०-गुँडा। पर्या०— कुडा।

गुंडी—(स०)—(१)-अनाज ओसाने के समय हवा से उडा हुआ महीन भूसा (चपा०, द० पू० बिहा०, मग० ५)। दे०-पमी। (२) काते हुए सूत का एक परिमित लच्छा। [गुडी< *गुड, गुड ]

गुंडो—( स० ) छाँटने पर निकला हुआ अनाज (विशेषकर चावल) के ऊपर का महीन छिलका ( द० भाग०, चपा० )। दे०—भूसा, गुडा। पर्या०—गुड्डा (दर० १)। [कूट वा गुण्डक =चूर्ण, धूलि (मो० वि० डि०) ]

गुआ—(स०) गोबर की खाद। [ गुआ<* गोमय ]

गुआ पटायल—(मुहा०) खाद देना, खासकर गोबर की खाद देना (दर० १)। [ गुआ+पटायल, गुआ<गोआ<गोवा<गोमर<० गोमअ, ०गोमय, पटायल (देशी) ]

गुजराँति—(स०)-(म० २)। दे०-गुजराती।

गुजराती—(सं०) एक वर्ग, विशाल देह और ऐंठे हुए गोल सींगो वाले काले रंग की भैंस ( दर० १, चपा १ )। पर्या०—गुजराति (म० २)। (वि०) गुजरात प्रदेश संबंधी। [ गुजरात+ई ( प्र० ), गुजरात< गुजर+आत वा गुजर+रात< गुर्जर०+राष्ट्र, आवर्त्त वा < गुर्जरत्रा ]

गुमराती

गुजरूआ—(स०) ऊख के कोल्हू की पेंदी में रस चूने के लिए काटी हुई नाली (द०-प०-शाहा०)। दे०-नरदोह। [ गुजर+उआ, (देशी) ]

गुड़—( स० )-(१) पुआल का बडा बोझा, जो लपेटकर बाँधा जाता है ( चपा० १, म० २, पू० म०)। [ गुड ( संस्कृ० ) =बडल, बोझ (मो० वि० डि०)] (२)-गूड़। दे०-गुर [गुड]

गुड़मी—(स०)एक प्रकार का बरसाती फल, जो मकई आदि के खेत में होता है ( दर० १ )। पर्या०—गुरम्ही (मग० ५)। [ देशी ]

गुड़रा—(स०) रोपा जानेवाला एक प्रकार का धान (गया)। [ मिला० गुडाला, गुडाला = एक प्रकार का पौधा (मो० वि० डि०) ]

गुड़ोर—(स०) गुड बनाने का घर ( सा० १ )। पर्या०—गोलौर ( शाहा० ), कोल्हुआर, कोलसार। [गुड+और<गुड+उल< ०गुड +कुल वा गुड+गृह* >गुड+घर>गुड+अर>गुड+और>गुडौर ]

गुड्डी—(स०)—(१) रोपे जानेवाले छोटे पेडों की जड़ में मिट्टी को बाँध रखने के लिए चारों ओर लिपटाई गई रस्सी (द० शाहा०, गया)। दे०-मोजर। (२) पानी में होनेवाली एक घास (म० २)। [<√गुण्ड =घेरना, लपेटना ]

गुड्डी

गुदर—(सं०)—दे०—गुदरी।

गुदरी—(स०)-(१) सठी से निकाल लेने के बाद सन के रेशों में बचा रह गया छोटा छोटा टुकडा (पू० म०)। दे०—गूदर। (२) फटे चिथडे और कपडों को सीकर बनाया गया बिछावन। (३) फटे-चिथडे। [ देशी ]

गुदस्तादार—(स०) शाहाबाद जिले में गंगा के दक्षिणी तट पर रहनेवाला काश्तकारों का एक वर्ग। पर्या०—गुदस्तादार। टि०—यह काश्तकारों का ही एक वर्ग है, इसमें राजपूत और ब्राह्मण हैं। इनके पूर्वजों ने खेत को जोता था और ये लोग जमींदारों के अधीन रहकर

उनके लिए लड़ने भिड़ने को सदा प्रस्तुत रहते थे, इसीलिए इनकी स्थिति ऊँची मानी गई है।

गुदस्ता भूमि सदा के लिए एक निश्चित कर पर बंदोबस्त कर दी गई है (यद्यपि कुछ जमींदार ऐसा नहीं मानते) और जमींदार की स्वीकृति के बिना ही बेची खरीदी जा सकती है। यह एक प्रकार से सदा के लिए निजी संपत्ति होती है। यद्यपि इस भूमि के स्वामी इसे मुश्किल से बेचते हैं। ये कास्तकार सुखी एवं सम्पन्न होते हैं और सेना में भी बहुतायत से भर्ती होते हैं। [गुदस्ता+दार (प्र०) <गुजाश्ता (उर्दू) <गुजास्त (फा०)=दान की हुई या कर मुक्त भूमि]

गुदस्तादार—(सं०) दे०—गुदस्तावार। [गुदस्ता+दार<गुजाश्त (फ़ा०)]

गुदार—(सं०)—(१) फसल काटने की मजदूरी (सा०, मग० ५)। दे०—दिनौरा। [देशी, (सम०)<गुजार<गुजर (फ़ा०)] टि०—कटी हुई फसल की २१ गाही पर १ गाही की निश्चित मजदूरी दी जाती है (मग० ५)। (२) काटनेवाले श्रमिक को प्रति बोझा एक आँटी दे देने पर बचा हुआ बोझे का अंश (गाहा०)। टि०—आँटी का परिमाण सर्वत्र एक सा निश्चित नहीं है। यथा—आगे की लोकोक्ति से स्पष्ट है—'कोदि कटनिहार कें, मुगर सन आँगी।'—(भ्राष्टसी) कटनिहार अपने लिए मुँगर (मुद्गर)—जैसी मोटी आँटी बाँधता है। [देशी]

गुदारा—(सं०) फसल काटने की मजदूरी (गया)। दे०—दिनौरा। [गुदारा<गुजारा<गुजार (फा०)]

गुनल—(क्रि०) गुनना, गणना करना, रस्सी का बँटना। (वि०) गुनी हुई, बँटी हुई। [गुन+ल<*गुण (=गुणयति)]

गुना—(सं०)(१) गुणा, गणित का एक भेद। (२) रस्सी के बाँटने में पड़नेवाली ऐंठन। [गुना<*गणु, *गुणक (संस्कृ०), गुण (पा०, प्रा०), गोन (बर०) गुणी (सिमा०), गोनु कश्मी०) गुणा (प० पहा०), गना (ने०), गुणा (असा०), गुणा (बँ, भो०), गुना, गन (हिं०), गुण (प०), गणु (सि०), गुण (गु०, मरा०)]

गुमटी बाबू—(सं०) चीनी मिल का एक कर्मचारी, जिसके हस्ताक्षर के बिना ऊख की पुर्जी का रुपया किसान को नहीं मिलता है (बिहा०, रो०, हरि०)। टि०—जब ऊख तौलवाकर एक कर्मचारी ऊख का परिमाण लिखकर पुर्जी ऊख लानेवाले किसान या गाड़ीवान को दे देता है, तो वह किसान या गाड़ीवान उस पुर्जी को लेकर गुमटी बाबू के पास जाता है, वह उसपर अपना हस्ताक्षर कर देता है। यदि उसे संदेह हो जाय, तो वह पुनः उस गाड़ी की तौल कराता है और पहली पुर्जी से उसका मिलान करता है, जिससे कि तौल में कमी बनी न हो। [गुमटी+बाबू]

गुमल—(क्रि०)—(१)—डंठल के साथ फसल की बाल रख देने पर कुछ दिनों के बाद सूखकर दाना का स्वयं छूटना या उस बाल का मुलायम हो जाना (सा०-१ चपा० १, म० ४, पू० म०)। (२) पाल पर रखने के बाद आम आदि का और धुआँ देने पर केले आदि का पकना। [गुम +ल, गुमका (देशी)=भूसी से दाना अलग करने का काम (हि० श० सा०)]

गुमसल (क्रि०)—(१) भींग हुए अन्न की समुचित हवा और धूप नहीं पाने पर, सड़ने से पूर्व की स्थिति (चपा० १ मग० ५, पट० ४, म० २, भाग० २)। (२)-(वि०) गुमसी हुई (गुमसल) वस्तु। [गमस+ल (प्र०)<*ग्रीष्म (?)]

गुमसायल—(क्रि०) गुमसल क्रि० का प्रे०। गुमसाना।

गुमायल—(क्रि०) गुमल क्रि० का प्रे०। गुमाना।

गुमास्ता—(सं०) किसी जमींदार या महाजन का कर्मचारी, जो घूम घूमकर जमींदारी या महाजनी का तगादा और काम देखा करता है (सा० १)। [(फ़ा०), गुमाश्ता (हिं०), गमास्ता (ने०)]

गुम्मा—(सं०) दे०—गुमा और गूमा।

गुर, गूर—(सं०) ऊख के रस को पकाकर तैयार किया गया दानेदार ठोस पदार्थ। पर्या०—गुड़। [गुड़] टि०—गुड़ कहीं राब और कहीं भेली के रूप में होता है, खान-पीने के

लिए इसकी छोटी छोटी भेली भी बनाई जाती है। भेली को मगही में 'अदरखी' भी कहते हैं, क्योंकि इसमें स्वाद के लिए प्रायः अदरक मिलाई जाती है।

गुरचलना—(स०) अन्न साफ करने की चलनी (उ० पू० म०)। दे०—चलना। [गुर+चलना]

गुरदन—(स०) ऊख के उबाले हुए रस को ठंडा करने के लिए लकड़ी या लोहे की बनी चम्मच (शाहा०)। दे०—तामिया। [गुर+दन <*गुड]

गुरदम—(स०) लकड़ी की बनी छोलनी, जिससे ऊख का रस या गुड़ चलाया जाता है (सा० १)। पर्या०—गुरदन। [गुर+दम< *गुड (?)]

गुरदम

गुरदेल—(स०) धनुष के आकार की बनी चीज, जिसकी प्रत्यंचा दो रस्सियों की बनी रहती है और बीच में दोनों रस्सियों को थोड़ी दूर तक एक-दूसरे में बुनकर एक स्थान बनाया जाता है, ताकि उस पर गोली रखी जा सके। यह खेतों से चिड़ियों आदि भगाने और मारने के काम में आता है। इसकी गोली मिट्टी की बनी होती है (चंपा० १, भाग० १, मं० २)। पर्या०—गुलेल। [देशी, दे०—गुलेल]

गुरधवल—(वि०) फल का पकना शुरू होना और मीठा होना (शाहा० १)। [गुरधव+ल (प्र०) <गुणाधार, गुणाधान, गुणाढ्य, गुणाढ्य (?)]

गुरपीर—(स०) मिट्टी का बड़ा बरतन, जिसमें जम जाने के बाद गुड़ रखा जाता है (म०)। दे०—माट। [गुर+पीर∠गुड+पात्र (?)]

गुरमिखा—(सं०) एक प्रकार का परवल, जो गोल और छोटा होता है (चंपा० १)। [गुरमि+खा (प्र०) <गुर्मी (देशी०)]

गुरसा—(स०) करीब एक हाथ लंबा, खास कर इमली की लकड़ी का बना टुकड़ा, जो ढेंकुर (लाठा) के बीच में दोनों कनसिया के बीच में लगा रहता है। इसके बिना ढेंकुल नहीं चल सकती है। घुरकिल्ली (सा० १)। [देशी]

गुरहड़ी—(स०) गुड़ रखने का माट (द० भाग०)। दे० -हौद। [गुर+हडी <गुड़+हंड (क)]

गुरही—(स०)—(१) एक प्रकार का धान (चंपा० १)। [गुरु या गुर<गुड] (२) फसल के बोझे को बाँधने के लिए किसी घास की ऐंठी हुई रस्सी (शाहा०)। [गुर+ही<*गुण]

गुरीच—(स०) एक प्रकार की लता, जिससे औषध बनाया जाता है। [गुडूची]

गुरुच—(स०) दे०—गुरीच।

गुर्मी—(स०)—(मग० ५)। दे०—गुडमी।

गुलजाफरि—(सं०) एक प्रकार का फूल (दर० १)। [गुल+जाफरि (फा०)]

गुलजामु—(सं०) एक प्रकार का फल (दर० १)। [गुल+जामु<गुल (फा०) +जामु< जामुन=जम्बू]

गुलजामुन—(सं०) (१) एक प्रकार के फल का वृक्ष। इसका फल गोल और मीठा होता है (पट० १)। (२) जामुन का एक भेद, जिसका फल अपेक्षाकृत बड़ा, रसदार और मीठा होता है (मिला०—कठजामुन)। (३) एक प्रकार की मिठाई। [गुल, गुलाब (फा०) + जामुन< *जम्बू]

गुलदाउदी—(स०) एक प्रकार का फूल, जिसका पौधा छोटा तथा फल गुच्छेदार होता है (मग० ५)।

गुलदावरी—(स०) एक प्रकार का फूल (दर० १)। [(गुल+दावरी (फा०)]

गुलफा—(स०) एक प्रकार का साग (म० २)। [देशी, मिला०—गुल्फ]

गुलमिरिच, गोलमरिच—(सं०) एक प्रसिद्ध पौधे, काली फली, जो मसाले में प्रयुक्त होती है, काली मिर्च। दे०—मिरिच। [गुल+मिरिच <० गोल+मरीच]

गुलाइँचा—(सं०) एक प्रकार का फूल। दे०—गुलचा। [गुल+चीन (फा०)]

गुलाब—(स०) एक प्रसिद्ध फूल, जो लाल और गुलाबी रंग का होता है। फूल के सुगंध में और

पौधों में कांटे होते हैं। [गुलाब (हिं०), गुलाफ (ने०) (फा०)]

गुलाब मखमल—(सं०) एक प्रकार का धान (चपा० १)। [गुलाब+मखमल]

गुलाबी—(सं०) गुलाबी रंग। (वि०) गुलाबी रंग की वस्तु।

गुलाबी पोई—(सं०) एक प्रकार की लता। इसका पत्ता लाल रंग का होता है तथा इसका साग बनता है (पट० १)। [गुलाबी+पोई]

गुलेल-(सं०)-(१) दे०-गुरदेल। (२) दो रस्सियों के योग से बनी हुई वस्तु, जिसपर ढेला रखकर फेंका जाता है (द० भाग०, द० मु०, मग० ५, म० २, चपा०)। दे०—ढेलमास। [देशी, (सम०)—गुल +एल<गुल <*गुलिक= (ढेला, छोटा टुकड़ा, गोली) एल<√इर (फेंकना), गुलगुंछ (देशी०)=ऊपर फेंकना गलुच्छ (देशी)=घुमाया हुआ (पा०स०म०), गुलेल, गुलैस (हिं०), गुलेलि (ने०), गोलेल (कुमा०), गुलेल, गलेला (प०), गलेलि, गुलेलो (सि०)<*गोल+इल्ल (?) अथवा ग, ल के साथ उघार, या गुलूले (फा०) या गोला से प्रभावित—(नेपा०)]

गुलेती—(सं०) धनुष-जैसी बनी हुई वस्तु जिसमें दो प्रत्यंचा समानांतर रूप में लगी रहती हैं और दोनों के बीच में थोड़ा सा सूत से बुना रहता है, जिसपर मिट्टी की छोटी गोली रख कर चलाया जाता है (द० मु०, द० भाग०)। [देशी, (सम०), गुल+एती<गलिक< √इर]

गुलेंच—(सं०) एक प्रकार का फूल (दर० १)। [गुल+ऐंच<गुलचीन (फा०)]

गुल्लरि—(सं०) एक प्रकार का पेड़, गूलर (दर० १, म०—२)। [गुल्लर<गूलर]

गुल्ला, गुल्ली—(सं०)—(१) ऊख आदि का उतना बड़ा टुकड़ा, जो मुँह में चूसने के लिए लिया जाता है। (द० मु०, भाग १, चंपा०, चाम०)। (२) ऊख के दो पोरों के बीच का भाग (मग० ५)। [<*गुलिक (संस्कृ०), <*गुल्म (संस्कृ०)>गुल्लं (प्रा०)]

गुल्ली—(सं०)—(१) लकड़ी की कील या खूंटी, जिससे कुएँ में लटकनेवाली रस्सी में मोट बाँधा जाता है। दे०—किल्ली। (२)—(शाहा०)। दे०—गेंड़ा। (३) कूड़ में आर पार लगी हुई हुई फट्ठा, जिसमें रस्सी बाँधी जाती है। दे०—किल्ली। (४)-(पट०)। दे०—खूटा। [देशी, मिला०—गुलिक] (५) दे०—गुल्ला, गुल्ली। (६) बच्चों के 'गुल्ली-डंडा' खेल में प्रयुक्त होनेवाला ३ इंच का लकड़ी का टुकड़ा, जिसे डेढ़ फुट के डंडे से दूर फेंकते हैं। [दे०—गुल्ला]

गुल्ली, गुल्ला—(सं०)। दे०—गुल्ला, गुल्ली।

गुहीरि—(सं०)-(१) एक घास विशेष (चपा० १, दर० १)। (२) आँख की एक बीमारी, जिसमें आँख के कोनों पर फुंसी हो जाया करती है। [देशी,<*ग्रीष्मवटी]

गूँड़ा—(सं०)—(गया, मग० ५)। दे०—गुंडा। [<गुण्ड, <*गुण्डक=धूलि, चूर्ण

गूड़ी—(सं०)-(चंपा०, द०-पू० बिहा०)। दे०—गुड़ी और पभी। [गुड+ई<*गुड्क]

गूदरी—(सं०) संठी से निकालने के बाद सन के रेशा में बचा रह गया छोटा छोटा टुकड़ा (उ० पू० म०, मग०-५)। पर्या०—गुदर (प०, प० म०) गुदारी—उ०-पू० म०), गुदर, गुदरी (पू०म०)। [देशी]

गूमा—(सं०)-(१) एक प्रकार का प्रसिद्ध पौधा, जिसके फल के ऊपर उजला फूल रहता है (चपा० १)। पर्या०—गुम्मा (भाग० १)। (२) नमी के कारण विकृत अन्न, जिसमें एक प्रकार की सड़ी जैसी गंध और बुरा स्वाद आ जाता है (मग० ५)। [देशी, मिला०—गुल्म]

गूर, गुर (सं०)—ऊख के रस से तैयार किया गया दानेदार ठोस मीठा पदार्थ। पर्या०—गुड़, गूड़। [<*गुड, (संस्कृ०), गुड गुल (प्रा०) गुड़, गड़ (हिं०) गुड़ (ग०), गूळ (मरा०), गुर (ब० बो०), गुड़ (सि०), गोळ (गु०), गोर (कश्मी०)]

गूलर—सं०) दे०—गूलरि।

गूलरि—(सं०) एक प्रसिद्ध पेड़, जिसमें सैकड़ों बीज होते हैं और पकने के साथ-साथ कीड़े

भी होते हैं। कच्चे की तरकारी भी होती है। पर्या०—गुल्लर, गूलर, डुम्मर (भाग १)। [गूलर (सस्कृ०), गूलर (हिं०), गल्लर (नें०), गुल्लर (पं०), गूलर, गुलेर, गुलरी (गु०)]

गेंठा—(स०)—(१) पशुओं के बांधने की रस्सी (द० भाग०)। दे०—पगहा। (२) ढोरों के बांधने की फुंदीदार रस्सी (मु० १)। [ <ग्रथित <ग्रथक ]

गेंठी—(स०) एक प्रकार की लता (दर० १)। [देशी]

गेंड़—(स०)—(१) ऊख के ऊपर का पत्तियों सहित भाग (द० प० शाहा०)। (२) चारे के लिए काटा गया ऊपर का हरा भाग (चपा० शाहा०)। दे०—अगेंड। (३) चीनी मिल में डाले जाने के लिए, काटा गया ऊख का टुकड़ा (हरि०)। पर्या०—गेंड़ी, पगाड़ (री०)। [<*अगेरक <*अग्रखंड, गंड (सस्कृ०)=जोड़, गड (पा०)=डंठल, गड (प्रा०)=ऊख का पोर, गोंडा (हिं०), गन्ना (हिं०, पं०)=ऊख, गनो (सिं०)=ज्वार की मीठी डांटी ]

गेंड़छीला—(स०)—शाहा०)। दे०—अगेंड़ीहा। [गेंड+छीला< अगेरक या अग्रखंड+छीला, छिलना (हिं०) <श्लक्ष्ण]

गेंड़ल—(क्रि०)—(१) गड़ना, पानी आदि को रोकने के लिए बांध बांधना। (२) किसी स्थान या वस्तु की सुरक्षा के लिए घेरना। [गेंड+ल (प्र०) <गेंड< *गड, खड]

गेंड़बहिया—(स०) (उ०-प०)। दे०—अंगड़ीहा। [गेंड+बहिया<*अगेरक<*गड <अग्र कांड+बहिया (देशी)]

गेंड़वाही—(सं०)-(१) धान की खेती में मेड़ के टूटने पर उसकी पुनः मरम्मत करने की प्रक्रिया (मग० ५)। (२) ऊख को काटने और उसकी पत्तियों को छीलने की प्रक्रिया (चपा०)।

गेंड़ा करल—(क्रि०) ऊख का टुकड़ा करना (उ०-प०)। दे०—छोलल। [गेंडा+कर+ल (प्र०) <*अंगेरक, <*अग्रकांड+करल, करना (हिं०) <√कृ]

गेंड़ा, गेंड़ी—(सं०) बीज के लिए काटा गया ऊख का टुकड़ा (प०)। पर्या०—गेंड़ी (चपा०) टोना, टोनी (पू०, मग० ५), गुल्ली (शाहा०, मग० ५), पोंहड़ा (पट०, मग० ५, पट० १), बीहन (दर०, भाग०, मग० ५)। [<*खड, गड, <*अगेरक, < अग्रकाड, <*ग्रथि]—

गेंड़ारी—(स०)—(गया)। दे०—बियारी। [गेंड+आरा <*खड, <गड]

गेंड़ावल—(क्रि०) गेंड़ल क्रि० की प्र०। गेंड़वाना, घेरवाना। दे०—गेंड़ल।

गेंड़िकाटा—(स०)—(प०)। दे०—कानू। [गेंडि+काटा<*खड, <*ग्रथि, <अगेरक, <*कांड, काटा < काटल (बिहा०), काटना (हिं०) <√कृत]

गेंड़ियार—(सं०)-(१) कोल्हू के लिए ऊख के टुकड़ काटे जाने का घर या स्थान। पर्या०—गेंडियारी (प०), टोनियारी (पू०) टोनियासी (उ० प० म०), टोनखाद (द० भाग०)। (२) दे०—गेंडियारी (२)। [गेंड+इयार <*काड, <*ग्रथि, <*खड, <*अगेंरक <*गंड]।

गेंडियारी—(स०) (१)—(प०)। दे०—गेंडियार। (२) ऊख काटने (टोना करने) के पहले उसे रखने के लिए बना हुआ गड्ढा। पर्या०—गेंड़ियार (प०)। [गेंड+इयार+ई <*खड ग्रथि, काड, इयारी (प्र०)<केदार]

गेंड़ी गेंड़ा—(सं०)-(१) (प०, चिर०, हरि०) दे०—गेंडा। (२) कोल्हू में डालने के लिए काटी हुई ऊख की टुकड़ियां। बालकल लोह के कोल्हू होने पर समूचा ऊख कोल्हू में लगाया जाता है, न कि काटकर (प०, पू०म०, चपा०, मग० ५, म०-२, आज०)। पर्या०—टोनी (पट०, गया, पू०), अगारी (द०-प० शाहा०)। (३) चीनी मिल में डालने के लिए काटी गई ऊख की टुकड़ियां (री०, बिहु०, हरि०)। [गेंड+ई<*खड, <*कांड, <*ग्रथि गट]

गेंड़ुआया—(स०) कुएँ या दीवाल को बनाने के लिए प्रयुक्त वह ईंट, जिसका एक भाग छोटा और दूसरा चौड़ा होता है (चपा०, मग० ५ म० ५)। दे०—सुरजमुखी।

गेंड़ुआवा

[देशी, मिला०—गड, खड]
गेंदा—(स०) दे०—गेना।
गेँधारी—(स०) हरे रंग का एक साग (पट० १)। पर्या०—गेन्हारी, गेन्हरी (भोज०), गेन्हारि (म० ३, माग० १, माग० ५)। [देशी, (संभ०) < *गंध]
गेँहड़ि—(स०) मवेशियों का समूह [गेंहड़ि < *ग्रन्थि वा ग्रहण (सस्कृ०), गेण्हण (प्रा०)]
गेँहड़िवाला—(स०) घूम घूम कर पशुओं का व्यापार करनेवाला मनुष्य (व० मु०)। दे०—फेरहा। [गेँहड़ि + वाला (प्र०), गेँहड़ि < ग्रन्थि वा ग्रहण (सस्कृ०), गेण्हण (प्रा०), मिला०—गेड़ही, गेढ़ी (बिहा०) = चरवाहों का झुंड]
गेटकीपर—(सं०) चीनी मिल का दरवान (बिह०) [गेट + कीपर (अँ०)]
गेटकेन—(स०) वह ऊख, जिसकी तौल मिल के अंदर होती है। [गेट + केन (अं०)]। टि०—चीनी मिल में दो प्रकार से ऊख लाये जाते हैं। एक तो स्थानीय किसान बैलगाड़ियों या ट्रकों पर लादकर मिल में ऊख पहुँचा देते हैं। दूसरा वह, जो दूरस्थ स्थानों से रेलगाड़ियों के द्वारा आता है। किसानों द्वारा लाया गया ऊख मिल में तौला जाता है, उसे 'गेटकेन' कहते हैं और दूरस्थ स्थानों से लाये जानेवाले ऊख के लिए स्थान-स्थान पर मिल की ओर से तौलने और वहाँ से मिल में भेजने की व्यवस्था रहती है, उसे 'आउटकेन' कहते हैं (बिह०, रो०, हरि०)।
गेटपास—(सं०) चीनी मिल के अंदर प्रवेश करने या अंदर से कोई वस्तु बाहर लाने का अनुमति पत्र (बिह०, रो०, हरि०)। [गेट + पास (अं०)]
गेटबाबू—(स०) चीनी मिल के द्वार पर नियुक्त कर्मचारी, जो मजदूरों के आने जाने के समय का लेखा जोखा रखता है और उनकी उपस्थिति लिखा करता है (बिह० रो०, हरि०)। पर्या०—हाजिरी बाबू (भोज०)। [गेट (अं०) + बाबू (हि०)]
गेठिया—(सं०)—(१) दे०—पाना। (२) गनी (सुतली) का बाँधा हुआ बड़ा गट्ठर।
गेड़हरुआ—(स०) अनाज के खेत में उगने वाली एक प्रकार की घास (उ०प०)। पर्या०—गदरो (उ० म०), गेद्रो (माग० ५)। [देशी, मिला०—ग्रंथिपुक]
गेड़ही, गेढ़ी—(स०) गाँव भर के ढोरों को चरानेवाले चरवाहों का समूह (मुं० १)। [देशी, मिला० = ग्रंथि]
गेड़ी—(सं०, ऊख का छोटा टुकड़ा (चपा १, म० २)। [< *अंगेरी, < *कांड, < *खड, ग्रंथि]
गेड़ियार—(सं०) (प०)। दे०—गड़ियारी। [गड़ + इयार, < *अगेरा, < *कांड, < *खड, < *ग्रंथि]
गेंड़ुआ—(स०)-(१) बेल के पौधों के छिलके (डकउर) में गूँथ हुए फूल की माला (चपा० १)। (२) विवाह के समय कन्या और वर तथा उनके माँ बाप के ललाट में बाँधा जानेवाला छोटा मौर। पर्या०—पटमौरी (माग० ५), पटमउर (अन्यत्र)। (३) मारी [देशी]
गेद्रो—(स०)—(माग० ५)। दे०—गड़हरुआ।
गेढ़ी—(स०)। दे०—गेड़ही।
गेनहारि—(सं०)—(बर० १)। दे०—गेन्हारी।
गेना—(सं०) एक प्रसिद्ध फूल जो पीले या नारंगी रंग का होता है। इसके कई प्रकार होते हैं—एकहरा, दोहरा, हजारा। पर्या०—गेंदा। [गेंदा (हि०), मिला०—गेंदुक, संभ०—साट०]
गेन्हरी—(सं०) एक प्रकार का प्रसिद्ध साग, जिसकी तरकारी होती है (भोज०, चंपा०)। पर्या०—गेनहारि, गेन्हारी (पू० म०, माग०-५, म०५, भाग० १)। [देशी, मिला०—गन्धोलि (सस्कृ०) = एक प्रकार का पौधा]
गेन्हारी—(स०) (पू० मुं०, म० ५, माग०-५, भाग० १)। दे०—गन्हरी। पर्या०—गेनहारि (बर० १)। [देशी, मिला०—गंधोलि (सस्कृ०)]
गेरू—(स०)-(१) लाल मिट्टी (मं० ब०)। दे०—ललकी मिट्टी। (२) हल्के लाल रंग की पहाड़ी मिट्टी, जिससे मकान और दूसरी चीजें रंगी जाती हैं। साधु संन्यासियों का कपड़ा भी इसी रंग में रँगा जाता है। [< *गैरिक, गेरुक

गेरुका (पा०), गेरिया, गेरुया ( प्रा० ), गीरु (कश्मी०), गेरू (कुमा०), गेरू (न०), गेरू (हिं०), गेरी, गेरु (प०), गेरेउ माटी(मस०), गेरी (ब०), गेरु (ओ०) गरु (गु०), गेरू मरा०)]

गेरुआ—(सं०)—(१) ऊख की जड को काटने वाला एक कीडा (प०)। [ देशी, मिला०—गैरिक ] (२) रोपे जानेवाले छोटे पेडों की जड में मिट्टी को बाँध रखने के लिए चारों ओर लपटाई गई रस्सी (ब०-प० म० )। दे०—मोजर। ( ३ ) दे०—गरू। [ गेंडल (बिहा०), गेंडना (हिं०) ]

गेरुई—(सं०) फसल में पैदा होनेवाला एक रोग, जिससे पौधा सूखकर लाल और बाल का रंग काला हो जाता है। यह रोग जाड़े में तथा वर्षा अथवा पुरवया हवा के कारण अधिक होता है ( उ०, द० प०, चपा० )। —'नीचे ओद ऊपर बदराई घाघ कहै गरुई अब धाई।' —(घाघ)=नीचे जमीन भीगी हो और ऊपर बादल लगे हों, तो घाघ कहते हैं कि उस समय फसल में गरुई कीड़ा लगेगा। [ देशी, मिला० —गैरिक ]

गेलहटा—( सं० ) बैगन का एक भेद जो गोल होता है (द० मुं०)। दे०—बैगन। पर्या०—गोलहटा (मग० ५)। [ गोल+हटा< गोल+ भटा ]

गेलहटा

गेलहनी—(सं०) पाँच फालों का बना एक तरह का हल, जो नील की खेती में काम आता है (सा०)। दे०—पचफरिया। [ देशी ]

गेल्हा—(सं०)—(१) ऊख के पौधे की जड़ से निकलनेवाला नया पौधा (चपा० १, हरि०)। पर्या०—गोभी (रो०), पनपा, खूँटी (बिह० म० २)। (२) एक प्रकार का फल जो कपड़ा चुनने या कागज को चिकना करने के काम में आता है (चपा० १,मग०-५)। पर्या०—गेल्ही (म० २)। [ देशी ]

गेल्ही—(सं०) दे०—गेल्हा।

गेहुँआँ—(सं०) एक प्रकार का धान जिसके एक फूल में दो धान लगे होते हैं। [गेहूँ + आँ < गेहूँ ]

गेहुमा—(सं०) एक प्रकार का मदई अनाज, जो उजला या लाल एवं गोल और वृन्त पर चिपटा होता है। इसका आटा या भूजा खाया जाता है। इसका पौधा लंबा और पौधे के ऊपर अधखिले कमल जैसा अन्न का गुच्छा होता है (सा०)। दे०—जनेर। [ गेहुँम+आ (प्र०), गेहूम, गहूम(बिहा०), गेहूँ (हिं०)< *गोधुमक]

गेहूँ—( सं० ) एक प्रसिद्ध खेती अनाज, जो पीताभ या रक्ताभ होता है तथा जिसका आटा खाया जाता है ( ग० उ०, आज० )। पर्या०—गहुम (पू० बिहा०), गोहुँ (प०), गोहुम ( ग० द०, उ०-पू० म० ) मडा गया)। [ गोधूम (संस्कृ०), गोहूम (प्रा०), गेहूँ (हिं०), गंदुम (फा०), गित्र (रोमा०), गिहु (मार०), गोम, गोमु (दर०), गहूँ (प० पहा०) गिऊँह (कुमा०), गोम (बं० ) गहम (ओ०), गेहूँ (सिं०), गहुँ (गु०), घउँ (गु०), गहूँ (मरा०), गोयम (सिंहा०)]

गैंची—(सं०) दे०—गोंइजा।

गैंता—(सं०)-(१) कुआँ खोदने के समय भीतर से मिट्टी बाहर करने का पात्र (गं० द०, कहीं कहीं, मग०-५)। दे०—चलना।(२)दे०—गाता। (३) कड़ी मिट्टी खोदने के लिए लोहे का बना लंबा नोकीला फावड़ा। [ देशी, मिला० —*खनित्र >खंता ]

गैंता

गैंधरा—(सं०) गौओं के रहने का मकान (उ०-पू० मं०)। दे०—गोसार। [ गै+घरा< *गोगृह ]

गैना—(वि०) छोटा ( बौना ) बैल ( पट ४, मग० ५)। दे०—नाटा। [ देशी ]

गैंवार—( सं० ) गाय चरानेवाला, चरवाहा (दर० १), पर्या०—गैवरवाहा (म० २ ), गवार (चपा०), धौरे (द० भाग०)। [ गै+वार (प्र०)<गो+वार<√वृ ] (संम०) ]

गैया—( सं० ) दे०—गाय।

गैरमजरुआ आम—(सं०) वह जमीन, जिसपर जमींदार का अधिकार रहता है, लेकिन उसके व्यवहार करने का अधिकार सभी असामियों का

का होता है। जैसे—रास्ता, डगर आदि। [ गैर+मजरुआ+आम (फा०) ]

गैरमजरुआ खास—(सं०) वह जमीन, जिसपर मालिक ( जमींदार ) का अधिकार रहता है। [ गैर+मजरुआ<खास (फा०) ]

गैरमौरुसी—(सं०) वह काश्तकारी जमीन, जिसपर मौरुसी हक नहीं मिला हो। पर्या०—पाही (पट०, गया), खरिदगी (शाहा०) हाल बपारजित (उ०-पू०म०)।[ गैर+मौरुसी (फा०)]

गैवरवाहा—(सं०)-(म० २)। दे०—गवार। [ गैवर+वाहा, मिला०-गैवार ]

गैवार—(सं०)—(चंपा०) दे —गवाह।

गैवाह—( सं० ) गौओं को चरानेवाला मनुष्य (उ०-पू० म०)। दे०—चरवाह। [ गै+वाह (प्र०), गो+वाह<वह (संभ०) ]

गोंइजी – (सं०) एक प्रकार की मछली जिसका मुंह और पूंछ पतली होती है ( शाहा० १ )। पर्या०—गहूँची (पट० ४ चंपा०, मुंग० ५), गइँचा (चंपा०, म० २ ), गैंची (भाग०)। [ देशी, मिला०—गडरू ]

गागरा—(सं०) लता में होनेवाली एक प्रकार की तरकारी। यह हरे रंग और लंबे आकार की होती है। (पट० १)। पर्या०-परोर, नेनुआ, तोडई, तोरई, घिउड़ा ( चंपा०, मुंग० ५, पट० ४)। [ देशी, महाकोशातकी, हस्तिघोषा (संस्कृ०), नेनुआ, बड़ी तोरई, घिया तोरई, घिउरा, घेवरा (हि०), हस्तिघोषा धुंधुल (बं०) घीसाले, घोसाला ( मरा० ), घीसाडा (गु०), तुप्पिरी (क०), तांडि (ओ०) ]

गाँझी—(सं०)-(बं० भाग०, पट० ४)। दे०—झांझ। [मिला०-गाँजा=मंजीर(पा०स०म०)]

गोंडी—(सं०) चारा खिलाने के लिए मिट्टी का बना हुआ और धूप में सुखकर तैयार हुआ लंबा नाद (बं० मुं०, मुंग० ५)। दे०—चरन। [ देशी, मिला०—गोण, गोणी (संस्कृ०) = बोरा, एक प्रकार की घास ]

गोंद—(सं०) गाँव के पास की उपजाऊ भूमि। दे०—गोंएड़ा। [ गाँ+द<ग्राम+आढ्य या गा<गुड़<*गुय ]

गोंदा—(सं०)। दे०—गोंद।

गोंत—( सं० ) गाय का पेशाब ( चंपा० १, म० २)। [ गाँ+ओंत<ऊंत<मूँत<मुत्त <मूत्र, गोमूत्र (संस्कृ०), <गोमुत्ति (प्रा०)]

गोंदौरा—( सं० )—( प० )। दे०—खादर। [ देशी, सम०—गाँ+दौरा<*गामय+दौरा]

गोआ—( सं० )-(१)—(पू०)। दे०—खादर। [ गोमय* >गोअय>गोआ ] (२) लाठी का मोटा अंतिम छोर (बं० मुं०)। दे०—हूरा। [ देशी, मिला०—गुल्फ ( संस्कृ० ), गाँफ ( प्रा० ) ] (३)—( उ० प० म० )। दे०—खादर। [ <*गोमय ]

गोआ पटाओल—(महा०) ऊख के बोने पर सिंचाई किये बिना ही उसके बीज पर खाद (सड़ी पत्ती, घास आदि) देना (उ० प० म०)। दे०—खदियाओल। [गोआ+पटा+आओल(प्र०)]

गोआम—(सं०)-(१) नदी, नहर आदि में बाँध बाँधने के लिए लगाये गये मनुष्य (पट०, गया मुंग० ५,पट०-४)। पर्या०—गोमाम (मुंग० ५)। (२) मालगुजारी के अतिरिक्त किसानों द्वारा जमींदारों को समर्पित स्व-सेवा (पट०, गया, बं० मुं०)। पर्या०—गोहार। [देशी]

गोआस—(सं०) मवेशियों के रहने का स्थान, गोष्ठ (उ० पू० म०, चंपा०)। दे०—बथान। [ देशी, मिला०—गो+आस<गो+आस <√आस् या वास ]

गोइठा—(सं०) दे०—गोमैंठा।

गोएंड़—(सं०) गाँव के पास की उपजाऊ भूमि, जिसमें गाँव की गंदगी, सड़ी गली खाद आदि पानी के बहाव के साथ आया करती है। पर्या०—गोएँड़ा, गोंदा, गोंदा, पाध, कोड़ार, कोरार (पट०, प०), हिर्दोस (शाहा०, पट० गया), घरबारी (पू० बं० मुं०), बाड़ी (द० भाग०)। [ मिला०—गोंद ]

गोएंड़ा—(सं०)। दे०—गोएंड़। [मिला०—गोंद]

गोकुलफूल—(सं०) रोपा जानेवाला एक प्रकार का धान ( गया )। [ गोकुल+फूल <गोकुल+पुल्ल (?)]

गोकुलसार—(सं०) रोपा जानेवाला एक प्रकार का धान ( द० भाग० )। [ गोकुल+सार <*गोकुलसारि]

गोखुला—(सं०)-(१) धान की फसल को हानि पहुँचानेवाली एक काँटेदार घास (पू० म०, पट०, गया, द० मु०, पट० ४, मग ५, म० २, चपा०)। पर्या०—गोरखुल। (२) ऊसर या परती जमीन में होनेवाली और जमीन पर फलने वाली एक काँटेदार घास, जिसकी फलियों पर टढ़ काँटे होते हैं। [< *गोक्षुरक]

गोचर—(स०) चरागाह।

गोचारि—(स०) सुरक्षित चरागाह (दर० १)। [गो+चारि< *गोचर]

गोर्छी—(स०) धान की पहली रोपनी के समय में कीड़े मकोड़ों से धान की रक्षा करनेवाले देवता को मदिरा, दूध, भूजा और तेल से पूजन को एक रीति (द० भाग०)। [देशी]

गोजइ—(सं०) गहूँ और जौ की मिली हुई फसल गहूँ जौ आदि मिला हुआ अनाज (पट० १ चपा०, मग० ५ भाज०)। [गो+जइ < गाहूम+जइ< *गोधूम+यव]

गोजी—(स०) पतली लाठी (चपा० १) [गो+ज +ई (प्र०), < *गा+अज<√अज्]

गोट—(सं०)—(१) पील या काले-नील वर्ण का गोल दानोवाला तलहन, जिससे कडुआ तेल निकलता है (पू म०, दर० १)। द०—सरसो। (२) व्यक्ति, वस्तु, खंड। [देशी, मिला०—गुटिका (संस्क०)=गोटी, गोप (हिं०, पं०)=टुकड़ा, गोटी गोटा (हिं०)=कपड़े पर लगाई जानेवाली सुनहली या उजली वस्तु, किनारी। गोट्टा (प०), गोटो (मे०) = टुकड़ा, गोटा (म०)=प्रतिवस्तु, गोठा (प०)=अविभक्त गोट (अस०)=परिणाम, इकाई, गोटा (ओ०)=एक, गोट्टु (सि०) तंबाकू का गोला, गोटी (गु०) चाँदी का गोला गोर्टी (मरा०) गोल पत्थर]

गोट, गोटा—(स०) मकई के भुट्टे में से निकला हुआ अनाज। [देशी, मिला०—गुटिका]

गोटा—(सं०)—(१) बीज (द० भाग०)। द०—बीया। (२) दे०—गोट। (३) द०—गोट-२। (४) साड़ी में लगाई जानेवाली एक प्रकार की किनारी। [देशी, मिला० —गुटिका]

गोटाएल—(क्रि०) मकई, जनेर आदि फसल की बाल का दृढ़ (अन्न के रूप में) होना (सा०, पू० म०, चंपा०, मग० ५ पट० ४)। दे०—हुबसाएल। [गोटा+आएल (प्र०) <आय, (संस्कृ० ना० धा० प्र०), गोटा < *गुटिका]

गोटी—(स०)—(१) अफीम की टिकिया। (२) नील की टिकिया। (३) मिट्टी पत्थर या लकड़ी आदि का छोटा गोल टुकड़ा जिससे बच्चे गोटी का खेल खेलते हैं। गोटी देओल—(मुहा०)=संपत्ति के बँटवारे में गोटी से निर्णय करना (मग ५)।—गोटी बैठावल (मुहा० चपा० १) दे०—गोटी देओल। अपना काम बनाना। [< *गुटिका]

गोटीघर—(स०) नील की टिकिया सुखाने का घर। [गोटी+घर—मिला०—गुटिकागृह]

गोटी देओल—(मुहा०) दे०—गोटी।

गोटी बैठावल—(मुहा०) दे०—गोटी।

गोटी—(स०)—(१) पील या काले-नीले वर्ण का गोल दानोवाला तेलहन, जिससे कड़आ तेल निकलता है (द० भाग०)। दे० —सरिसों। (२) दे०—गोट-२। [मिला० —गुटिका]

गोठउर—(स०) द०—गोठौर।

गोठउल—(स०) गायों के रखने का घर। [< गोष्ठ+कुल]

गोठी—(स०) साफ की हुई रुई का ढेर। [< गोष्ठी, गोष्ठ]

गोठौर—(स०) गायों का ढर (मग० ५, भाग० १)। [गोठ+और, गोर< गोष्टा, < गोनिष्ठ (२), उर< पूर वा कुल]

गोड़—(सं०) मनुष्य, मवेशी या किसी जन्तु का पैर। [गोड< *गाड्ढ (प्रा०), गुर (रोमा०), गोडो (ने०, कुमा०) गोर (असा०)=पेड़ का तना, गोड (बँ०) गोड़ा (ओ०), गोडा पिंडा (ओ०)=बछिया। गोड़ (हिं०) गोड़ा (प०) =घुटने। गोडा (ल०), गोडा (सि०)]

गोड़पौठा—(सं०) कुएँ के आरपार रखा गया लकड़ी का तख्ता, जिस पर खड़ा होकर पानी निकाला जाता है (द० पू०म०)। पर्या०—

पौठा (पट० ४)। दे०—परियाठा। [गोड+पौठा < प्रोष्ठ (संस्कृ०), पोट्ठ (प्रा०) = बेंच, स्टूल। गोड < *गोड्ड (प्रा०)]

गोड़पौर—(सं०) मोट खींचनेवाले बलों के लिए कुएँ के पास बना हुआ ढालू भाग (ब० मु०)। दे०—पौदर। [गोड + पौर, पौर < पौरी < पओली < *प्रतोली]

गोड़पौर

गोड़रा—(सं०) एक मछली विशेष। इसके कई पैर होते हैं (शाहा० १, चंपा० १, पट० ४, मग० ५)। [गोड + रा (प्र०) < गोड < *गोड्ड (प्रा०)]

गोड़ल—(क्रि०)—(१) चरते हुए पशुओं को इकट्ठा करना (चंपा० १)। (२) भूमि को कुदाल या खुरपी आदि से कोड़ना। [गोड + ल (प्र०) मिला०—गोर < √गुरी (उद्यमने = उठाना) वा √गुपरु, √गुपह (= ढकना = घेरना), गोड़ना, गोड़ना (हिं०), गोड्नु (म०) = खोदना, घासपात निकालना, खेत आदि को साफ करना। गोडणा (प०) = खोदना, गोड्डु (१०, सिं०), गाड़्णु (ल०), गोड़वुँ (गु०)]

गोड़ा—(सं०)—(१) वह आधार, जिसपर अन्नागार (कोठी, बखारी आदि) अवस्थित रहता है। पर्या०—थैसना (द० पू० म०), थैसक (पू० म०, द० मु०), खूरा (पट०), ओटा (शाहा०)। (२) गँड़ासी के फलक का नुकीला अंश, जो बेंट के अंदर रहता है (ग०-उ०-प०)। दे०—खुरा। (३) बरतन के नीचे लगा छोटा आधार। (४) किवाड़ के नीचे लगा लकड़ी का लंबा टुकड़ा। (५) व्यक्ति या कोई एक वस्तु। दे०—गोट २ [गोड़ + आ < गोड (देशी), < *गोड्ड (प्रा०)।

गोड़ाइत—(सं०)—(१) गाँव में पहरा देनेवाला दुसाध। (२) जमींदारी में काम करनेवाला निम्न स्तर का नौकर, जो समय पर गाँव के लोगों को इकट्ठा होने की सूचना दिया करता है। [देशी]

गोड़ानी—(सं०)—(१) पशुओं का भागना रोकने के लिए उनके अगले दोनों पैरों को बाँधने की रस्सी (द० मग०)। दे०—पछ। पर्या०—छान (पट० ४, म० ५, चंपा०)। (२) स्त्रियों या बच्चों के पैरों में पहना जानेवाला चाँदी का बना आभूषण। [गोड + आनी (प्र०) < गोड्ड (प्रा०)]

गोड़ानी

गोड़ी—(सं०) मिट्टी या पक्की ईंटों का बना हुआ नाला-जैसा स्थान, जिसमें मवेशियों के खाने के लिए चारा रखा जाता है और जिसके दोनों ओर खूँटों में मवेशी बँधे रहते हैं (मु० १)। [देशी, मिला०—गोणी]

गोड़ी

गोड़ीलच्ची—(सं०) एक प्रकार की लता (दर० १), [गोड़ी + लच्ची (देशी)]

गोड़ैत—(सं०)—(१) गाँव की ओर से नियुक्त गाँव में पहरा देनेवाला व्यक्ति। पर्या०—कोतवाल, चौकीदार। (२) *०—गोड़ाइत। [गोड़ + ऐत (प्र०)— जैसे लट्ठ + ऐत = लठैत। गोड़ = गोड़ल, < अगोरल, अगोरना (हिं०)]

गोड़ैतक मूठ—(सं०) चौकीदार को किसान की ओर से मिलनेवाला पारिश्रमिक (उ०-पू० म०)। दे०—चौकीदारी। [गोड़ैत + क (विभ०) + मूठ]

गोड़ैती—(सं०)—(१) चौकीदार को किसान की ओर से मिलनेवाला पारिश्रमिक (द० पू० म०, चंपा०, पट० ४)। दे०—चौकीदारी। (२) गोड़ाइत को मिलनेवाला पारिश्रमिक। [गोड़ैत + ई]

गोतल—(क्रि०) मवेशियों के खाने के लिए पानी में घास, दाना, खल्ली आदि मिलाना (शाहा० १ पट० ४ मग० ५, चंपा०, भाग० १)। [गोत + ल (प्र०) मिला० गोत (म०)]

गोथार—(सं०)-(१) पशुओं के खाने के बाद बचा हुआ व्यर्थ का (बकाया) घास भूसा आदि (प०, गया, द० पू०, मग० ५, पट० ४)। दे०—लथर।

(२) अनाज निकाल लेने के बाद फसल का डंठल (उ०-प०)। पर्या०—लथेर (प०, उ०-प० म०), निघास (चपा०, उ० पू० म०) निघेस (द०-पू० म०), डाँटी (ग० द० चपा० [गो+थार (सभ०) <*गो+स्तार]

गोघना—(सं०) एक घास जिसे पशु खाते हैं (पू० म०)। [गो+घना <गोघन (?)]

गोन—(सं०)—(१) मवेशियों की पीठ पर ढोने के लिए रखा हुआ बोरा (शाहा०)। दे०—खाखा। कहा०—"बैल न कूदे कूदे गोन, एह तमासा देख कौन। =बैल नही कूदता है, उसकी पीठ पर रखा गोन कूदता है। इस तमाशे को कौन देखे। अर्थात् मनुष्य नहीं, मनुष्य का धनमद उसके सर पर नाचता है। (२) दो रस्सियों को बाँटकर बनाई गई रस्सी (गया, द० प०)। दे०—गून। (३) वह पतली मजबूत बटी हुई रस्सी, जिससे मल्लाह नाव खींचते हैं। (४) गोंद। [<*गुण <*गोण]

गोन

गोनउरा—(सं०) वह स्थान जहाँ घर का बुहारन, राख, गोबर आदि फेंका जाता है (पू० चपा०, चपा० १ पट० ४, मग० ५, म० ५ भाग० १)। [गोन+अउरा, गोन <गोमय। अउरा (प्र०) वा <आवर्त्त, कूट, पूर]

गोनर—(सं०) घर के पास जमा की गई खाद की राशि (पू० म०)। दे०—खरी। पर्या०—गनोर (पट० ४), गनौरा (भाग०)। लोको०—'गोआरक गोबर दुहुदिस चिक्कन' (मं०) =ग्वाला की खाद राशि दोनों ओर चिकनी होती है। [गोमय, गोमल]

गोनरौरा—(सं०) खाद कूड़ा (द०-पू० म०)। दे०—खान्र। [गोनर+औरा <गोमय, गोमल+कूट आवर्त्त, पूर]

गोपालभोग—(सं०) खाने जानेवाला एक प्रकार का पान (गया)। [गोपाल+भोग]

गोपी—(सं०)—(१) एक प्रकार की पीली मिट्टी जो चंदन के काम में लाई जाती है। (२) वह आम, जो पिपन होकर समय के पूर्व पक जाता है (चपा० (१)। गोपी (+चन्दन), गोपिचंदन (नें०)]

गोफा—(सं०)—(१) पौधों की कोंपल (चपा० १)। (२) लाठी के हुर्रे में लगी हुई लोहे की टोपी। [<*गुम्फ वा <*गुप्त]

गोय—(सं०) मरे हुए धान के पौधे के स्थान में दूसरे पौधे की रोपनी (दर० १) [गोव <गोबन <गोमल <गर्भ]

गोबर—(सं०)-(१) (सा०-*)। दे०—खादर। [<*गोमय <*गोमल] (२) गाय या भैंस का मल (बिहा०, भाज०)। [गोबर< *गोमल, टर्नर के मतानुसार< गोर्वर (सस्क०), गोवर, गोव्वर (प्रा०), गोबर (नें०, कुमा०, असo, बं०), गोबर (ओ०) गोबर (हिं० प०), गोर (गु०) =गोइठ की चूर। गोवर (मरा०) =सूखा गोबर]

गोबरचुननी—(सं०)-(मग० ५, चपा०, पट० ४) दे०—गोबरबिननी।

गोबर पाँचे—(सं०) सावन बदी पचमी को शेष नाग की पूजा करने का एक उत्सव (पट०, गया०)। पर्या०–नेहरा पाँचे (द० भाग०) नाग पाँचे (मग० ५ पट० ४), लखपाँचे (चंपा०)। टि०—इस दिन स्त्रियां गोबर से घरों के चारों ओर रेखा खींचती है और दरवाजे के दोनों तरफ चौकोर मंडल तथा साँप के मुँह का आकार बनाती हैं। [गोबर+पाँचे< गोबर-पचमी, गोमल-पञ्चमी]

